सूर्योदय 6:28 सूर्यास्त 6:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.5 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 6.3 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74169.95 |
| निफ्टी | 22508.75 |
| सोना 89,560 | चांदी 1,02,994 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

हिमाचल बजट 2025-26

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 18 मार्च 2025 | 5 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 78, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


# सुक्खू का खुला पिटारा, आत्मनिर्भर बनेगा हिमाचल हमारा

**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को बतौर वित्त मंत्री अपने कार्यकाल का तीसरा बार बजट पेश किया। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में सीएम सुक्खू के पिटारे से हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की झलक दिखी। मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ाने और ई-व्हीकल खरीदने पर 40 फीसदी सब्सिडी देने जैसी कई बड़ी घोषणाएं कीं। इसके अलावा महिलाओं, बेटियों और दिव्यांगजनों के कल्याण पर भी तवज्जो दी गई है। यही नहीं 'इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना' की शुरुआत करने का ऐलान भी किया है...

**सुक्खू सरकार का 58,514 करोड़ रुपए का तीसरा बजट पेश**

**पिछली बार से 70 करोड़ रुपए अधिक**

**सीएम सुक्खू ने 2 घंटे 55 मिनट तक पढ़ा बजट भाषण**




- राजकोषीय घाटा 10 हजार 338 करोड़ रुपए अनुमानित
- कुल सकल उत्पाद 2 लाख 32 हजार 185 करोड़ रुपए आंका
- प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 57 हजार 212 रुपए अनुमानित

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**आर्थिक** डगर पर हिचकोले खाती सुक्खू सरकार ने आम बजट में हिमाचल के इतिहास का सबसे बड़ा बजट पेश किया। बजट का आकार बढ़कर 58,514 करोड़ रुपए अनुमानित है।

पिछली बार सुक्खू सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 58,444 करोड़ का बजट पेश किया था, जबकि इस बार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 58,514 करोड़ का बजट पेश किया। इस तरह पिछले साल की तुलना में यह बजट 70 करोड़ से ज्यादा है। योजना के विस्तृत स्वरूप में वर्ष 2025-26 में राजस्व प्राप्तियां 42,343 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। कुल राजस्व व्यवस्था 48,733 करोड़ रुपए आंकी गई है। वर्ष 2025-26 में राजस्व प्राप्तियां 42 हजार 343 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। कुल राजस्व व्यय 48 हजार 733 करोड़ रुपए अनुमानित है। इस प्रकार कुल राजस्व घाटा 6 हजार 390 करोड़ रुपए अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 10 हजार 338 करोड़ रुपए अनुमानित है, जो कि प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद का 4.04 प्रतिशत है। (अनंत ज्ञान)

### प्रति 100 रुपए व्यय में से वेतन पर खर्च होंगे 25 रुपए

**2025-26** के बजट अनुसार, प्रति 100 रुपए व्यय में से वेतन पर 25 रुपए, पेंशन पर 20 रुपए, ब्याज अदायगी पर 12 रुपए, ऋण अदायगी पर 10 रुपए, स्वायत्त संस्थानों के लिए ग्रांट पर 9 रुपए, जबकि शेष 24 रुपए पूंजीगत कार्यों सहित अन्य गतिविधियों पर खर्च किए जाएंगे। प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 57 हजार 212 रुपए अनुमानित है। राज्य का सकल उत्पाद 2 लाख 32 हजार 185 करोड़ रुपए अनुमानित है। सीएम सुक्खू का पहला बजट 53,413 करोड़ रुपए का था। बजट में 13 नई योजनाओं की घोषणा की गई थी। दूसरा बजट 58,444 करोड़ रुपए का था। बजट में सात नई योजनाओं और नीतियों की घोषणा की थी। पहले और दूसरे बजट में कई हजार करोड़ की बढ़ोतरी देखी गई थी, लेकिन तीसरा बजट 58 हजार 514 करोड़ रुपए का है अर्थात बजट में मामूली बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर बजट को प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए राहत के तौर पर जरूर देखा जा रहा है, मगर वित्तीय प्रबंधन के मामले में मजबूती के साथ नजर नहीं आ रहे हैं।

### बजट में शायरी

न गिराया किसी को, कभी न किसी को उछाला, जहां आप पहुंचे छलांगें लगा-लगाकर, मैं भी वहां पहुंचा धीरे-धीरे।

मैंने समंदर से सीखा है जीने का सलीका चुपचाप से बहना और अपनी मौज में रहना

उसूलों पर जहां आंच आए, टकराना जरूरी है, जो जिंदा हो तो फिर जिंदा नजर आना जरूरी है

### गाय और भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 6-6 रुपए की बढ़ोतरी



**गाय** और भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। गाय के दूध का समर्थन मूल्य 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए प्रति लीटर किया गया, जबकि भैंस के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 55 रुपए से बढ़ाकर 61 रुपए प्रति लीटर किया है।

- मजदूरों की दिहाड़ी 25 रुपए बढ़ाई
- आउटसोर्स कर्मियों का भी मानदेय बढ़ाया
- पेंशनरों के एरियर का भुगतान 15 मई से
- पुलिस विभाग में भरे जाएंगे 1000 पद

- अस्पतालों में एक हजार रोगी मित्र नियुक्त होंगे
- नशे से निपटने के लिए सीएम की अध्यक्षता में बनेगा बोर्ड
- हमीरपुर के सभी सरकारी कार्यालयों में ई-वाहन प्रदान किए जाएंगे

- नादौन में खुलेंगे वेलनेस और राफ्टिंग सेंटर
- 40 फीसदी या अधिक दिव्यांग होने पर भी पेंशन मिलेगी

### अंतरजातीय विवाह पर मिलेंगे दो लाख



प्रदेश में इंटरकास्ट मैरिज करने पर प्रोत्साहन राशि 50 हजार से बढ़ाकर अब दो लाख की।

### ई-व्हीकल खरीदने पर मिलेगी 40 फीसदी सब्सिडी

**हिमाचल** में एक हजार बसों के रूट जारी होंगे, जिसके लिए युवाओं को डीजल और पेट्रोल की गाड़ियां खरीदने पर 30 फीसदी और इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने के लिए 40 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा प्रदेश में 3 हजार डीजल और पेट्रोल टैक्सियों को ई-टैक्सी में बदला जाएगा।



### सालाना पौधरोपण के लिए दिए जाएंगे 2.40 लाख रुपए



महिला मंडलों और युवक मंडलों को पौधरोपण के लिए सालाना 2.40 लाख रुपए दिए जाएंगे

**होम स्टे, होटल बनाने के लिए सरकार करेगी मदद**

- 100 गांवों में सिंचाई योजनाओं पर 10 करोड़ का निवेश
- एंटी ड्रग बिल विधानसभा में लाया जाएगा

**किसानों को लोन में बड़ी राहत**

- वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी लागू
- नए वित्तीय वर्ष में 3000 करोड़ खर्च करने का प्रावधान
- मछुआरों, मछली पालकों व कृषकों को भी राहत : अब 15 फीसदी की जगह साढ़े 7 फीसदी रॉयल्टी ली जाएगी
- मुख्यमंत्री सड़क योजना में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान

- 3000 डीजल टैक्सी वाहनों को ई-टैक्सी, ई-रिक्शा में परिवर्तित किया जाएगा
- कच्ची हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम किया

- सामाजिक सुरक्षा पेंशन में शामिल होंगे 37 हजार नए लाभार्थी
- राजगढ़, कंडाघाट में नए अग्निशमन केंद्र खोले जाएंगे
- हमीरपुर में स्पाइस पार्क का निर्माण किया जाएगा


### बेटी के जन्म पर होगा बीमा



बेटी के जन्म पर 25,000 रुपए का बीमा किया जाएगा।

- 18,925 आंगनबाड़ी केंद्रों में खुलेंगे प्री-प्राइमरी स्कूल
- पीजी कर रहे डॉक्टरों की स्टाइपेंड राशि 1 लाख की
- अस्पतालों में 39 नई डायलिसिस यूनिट शुरू की जाएंगी

## मनरेगा में अब मिलेगी 320 रुपए की दिहाड़ी



प्रदेश में मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी में 20 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। अब मनरेगा मजदूरी 300 से बढ़ाकर 320 रुपए हो गई है।

- कांगड़ा एयरपोर्ट का होगा विस्तारीकरण
- ब्लॉकों का पुनर्गठन होगा
- नई नाव खरीदने में सरकार देगी सब्सिडी



**21 साल की युवतियों को मिलेंगे 2500 रुपए**

प्यारी बहना सुख सम्मान योजना के तहत 21 साल की युवतियों को मिलेंगे 2500 रुपए

## हर क्षेत्र के लिए उपयोगी साबित होगा बजट : सुक्खू

**कहा- हर वर्ग का रखा ध्यान, रोजगार सृजन के द्वार खुलेंगे**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** विधानसभा सत्र में बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस बजट में प्रदेश के हर क्षेत्र और हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। प्रदेश सरकार रोजगार के सृजन को लेकर लगातार प्रयासरत है। युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और कर्मचारियों के लिए भी कई घोषणाएं हुई हैं।

सीएम ने प्रेसवार्ता में कहा कि उनकी सरकार व्यवस्था परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आमजन के हित और प्रदेश के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए ज्यादातर फैसले लिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि साल 2024-25 के दौरान हिमाचल की अनुमानित वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान है, जो बीते वित्त वर्ष के दौरान हिमाचल प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 2,57,212 रुपए और राज्य की जीडीपी 2,32,185 करोड़ रुपए अनुमानित है।

## प्रदेश के इतिहास में पहली बार बजट आकार में कोई वृद्धि नहीं : जयराम



**शिमला।** सुक्खू सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह बजट पूर्णतया निराशा से भरा और विजन से कोसों दूर है। इस बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए न कोई धनराशि है और न ही बड़ी योजना का कोई जिक्र है।

प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब बजट के आकार में पूर्ण बजट के मुकाबले कोई वृद्धि नहीं हुई है। जब भी बजट प्रस्तुत किया जाता है, तो उसमें सरकार की ओर से योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की चुनौतियों पर बात की जाती है। वर्तमान बजट तथ्यों को छुपाने व केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने के लिए जाना जाएगा। जयराम ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी वर्ष के बजट में पुराने वर्ष के बजट के मुकाबले मात्र 71 करोड़ यानी 0.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही आधारभूत ढांचे के विकास के लिए सरकार की ओर से मात्र 24 फीसदी की ही धनराशि खर्च की जाएगी।

# बजट सामाजिक और आर्थिक समृद्धि की दिशा में उम्मीद की किरण

**त्वरित टिप्पणी**



**समरजीत**
संपादक, अनंत ज्ञान

**तमाम** कयासों और संभावनाओं के विपरीत हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य के समग्र विकास, सामाजिक कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण की झलक दिखती है। सरकार ने इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। निश्चित रूप से यह बजट प्रदेश के नागरिकों को बेहतर जीवन-स्तर देने की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है।

बजट में राज्य के नागरिकों को उन समस्याओं से उबारने का उद्देश्य भी नजर आता है, जिनका सामना वे आर्थिक तंगी, बेरोजगारी और सामाजिक असमानताओं के कारण कर रहे हैं। लबोलुआब यह है कि बजट को आशावादी और विकासोन्मुखी कहा जा सकता है, क्योंकि इसका उद्देश्य प्रदेशवासियों के जीवन को सशक्त बनाना भी है। इसके लिए सीएम सुक्खू ने पर्यटन, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस किया है। कृषि को लेकर कई सकारात्मक घोषणाएं की हैं। सरकार ने किसानों के लिए अधिकतम मूल्य प्राप्ति और नई तकनीकों को अपनाने के लिए कदम उठाने की बात की। इसके अलावा, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने और कृषि उत्पादों के विपणन को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाने पर बल दिया। छोटे किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए 'किसान कल्याण योजना' की घोषणा की, जिसके तहत उन्हें वित्तीय सहायता, कृषि उपकरणों पर छूट और बीमा कवरेज मिलेगा।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार ने ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए नए अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना करने की योजना बनाई है। दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने बजट में कई घोषणाएं की हैं। सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को सुधारने और छात्रों को डिजिटल शिक्षा के लिए उपकरण देने की योजना भी बनाई है। महिला शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की गई है, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। जहां तक जल आपूर्ति और पर्यावरण संरक्षण की बात है तो इसको लेकर भी बजट में विशेष ध्यान रखा। चूंकि हिमाचल में जल संकट प्रमुख मसला है और इसके समाधान के लिए जल संचयन और वर्षा जल संचयन योजनाओं पर जोर देना लाजिमी था। यही नहीं, हरी-भरी वादियों और पर्यावरण को बनाए रखने के लिए पौधरोपण कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार ने पर्यावरणीय असंतुलन को सुधारने के लिए भी योजनाएं बनाई हैं, जिनमें औद्योगिकीकरण और पर्यटन के बढ़ते दबाव को संतुलित करने का प्रयास किया गया है। कुल मिलाकर यह बजट आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है, क्योंकि इसमें राज्य के भीतर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की योजना है। यह बजट आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए, हिमाचल प्रदेश के लिए एक उम्मीद की किरण है, जो सामाजिक और आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो सकता है।

### वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए किए कठोर उपाए

**हिमाचल** को पिछले कुछ वर्षों से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे राज्य की वित्तीय स्थिति पर दबाव बना हुआ है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने बजट में कुछ कठोर उपायों की घोषणा की है। इसमें राजस्व बढ़ाने के लिए राज्य में अधिक उत्पादन, व्यापार और सेवाओं के लिए 'कर' की दरों में बदलाव की योजना बनाई है। राज्य के लिए केंद्रीय अनुदान की वृद्धि, विभिन्न योजनाओं के लिए सरकारी खर्च में कमी और नई नीतियों के तहत संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाएगा। निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए भी योजना बनाई है, ताकि राज्य में रोजगार के अवसर पैदा हों। साथ ही, सुक्खू सरकार ने सरकारी दफ्तरों और सेवाओं के खर्चों में भी नियंत्रण लगाने की बात की है। बजट में रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं प्रस्तावित की गई। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'स्टार्टअप हिमाचल योजना', जिसके तहत नए उद्यमियों को वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

## पेंशनरों-कर्मचारियों का बढ़ाया डीए




**15** मई से प्रथम चरण में 70 वर्ष से 75 वर्ष के आयु वर्ग के पेंशनरों के बकाया एरियर का भुगतान इस वित्तीय वर्ष में किया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी, तृतीय श्रेणी, द्वितीय श्रेणी तथा प्रथम श्रेणी के कर्मचारियों व अधिकारियों को उनके बकाया वेतन एरियर का चरणबद्ध तरीके से भुगतान किया जाएगा। 15 मई से कर्मचारियों को तीन प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते की किस्त दी जाएगी।

### 25 हजार पद भरे जाएंगे



**बजट** में 25 हजार नौकरियां देने की घोषणा की गई। राज्य के पंचायत और शहरी निकाय के 50 हजार से ज्यादा जनप्रतिनिधियों का मानदेय भी 300 से 1000 रुपए प्रति माह बढ़ाया गया है। इस बार के बजट में 10 नई योजनाएं भी शुरू करने का ऐलान किया गया।

- पंचायत-नगर निकाय जनप्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाया
- प्रदेश शिक्षण संस्थानों में छात्रों और टीचर की डिजिटल अटेंडेंस का होगा प्रावधान
- नए वित्त वर्ष में राजस्व विभाग का होगा डिजिटाइजेशन





# पैरा वर्करों का बढ़ेगा मानदेय

## कर्मचारियों- पेंशनरों को तोहफा

अनंत ज्ञान, शिमला

सीएम सुक्खू बजट पेश करने के लिए ऑल्टो कार खुद चलाकर विधानसभा पहुंचे। बजट में कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। दिहाड़ीदारों को 25 रुपए बढ़ोतरी के साथ 425 रुपए महीना मिलेंगे। आउटसोर्स कर्मियों को अब 12,750 मासिक मिलेंगे। आने वाले समय में आउटसोर्स भर्तियों को धीरे-धीरे कम करके नई व्यवस्था लाएंगे। पैरा वर्करों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 10 हजार, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 7300, सहायिकाओं को 9800, आशा वर्करों को 9800, सिलाई शिक्षकों को 500 रुपए की बढ़ोतरी, एमडीएम वर्करों को 5000, जलवाहकों को 5500, जलरक्षकों को 5600 लोक निर्माण के मल्टी टास्क वर्करों व आईटी शिक्षकों के मानदेय में 500-500 रुपए बढ़ोतरी की गई।



## 25,000 पद भरे जाएंगे

**सीएम** सुक्खू ने घोषणा की कि साल 2025 में 25,000 पद भरे जाएंगे। शिक्षा विभाग में एक हजार पद भरे जाएंगे और एक हजार को नियमित किया जाएगा। पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद भरे जाएंगे। 500 पदों के लिए पदोन्नति की परीक्षा करवाई जाएगी। इसकी अधिसूचना जल्द जारी होगी। गृह रक्षा विभाग में चालकों के 113 पद भरे जाएंगे। पंचायत सचिवों के 853 पदों को सीधी भर्ती से भरा जाएगा। जल शक्ति विभाग में 4500 पदों पर नियुक्ति प्रदान कर दी गई है। विधायक प्राथमिकता की सीमा 195 करोड़ से 200 करोड़ करने की घोषणा की।

## पेंशनरों के एरियर का भुगतान 15 मई से

**पहले** चरण में 70 से 75 साल के पेंशनरों के एरियर का भुगतान 15 मई से किया जाएगा। चतुर्थ से प्रथम श्रेणी कर्मियों-अधिकारियों का एरियर चरणवद्ध तरीके से जारी किया जाएगा। इससे 1,75,000 कर्मियों को लाभ होगा। प्रदेश के कर्मचारियों को तीन प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता देने की घोषणा की गई है। यह 15 मई से दिया जाएगा।

# प्रदेश को 2026 तक ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाएंगे

## 2025-26 के लिए बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने दोहराया संकल्प

- पूर्व भाजपा सरकार की देनदारियां भी गिनवाईं
- आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ाए जाएंगे मजबूत कदम



## उपकरों के तहत 126 करोड़ की अतिरिक्त आय अनुमानित

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट अनुमानों के तहत बजट पेश करते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सबसे पहले पूर्व सरकार पर आर्थिक दबाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक 31 मार्च 2023 तक 76000 से अधिक का कर्ज था, जिस पर 12266 करोड़ ब्याज के रूप में चुकाने पड़े। 2024-25 में राज्य में प्रति व्यक्ति आय 2.57. 272 थी, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आय 2.00.162 रहा। आर्थिक सुधारों के तहत उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अकेले शराब पर लगाए उपकर से 145 करोड़ रुपए अर्जित किए गए हैं। विभिन्न उपकरों से कुल 126 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय अनुमानित है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल प्रदेश में ई-वाहनों को दिया जाएगा बढ़ावा

**हिमाचल** प्रदेश में ई-वाहनो को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने उदार सहयोग देने की घोषणा की है। सीएम सुक्खू ने सदन में अपनी सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि 17 मार्च 2023 को पहले बजट में उनकी सरकार ने 31 मार्च 2026 तक ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने का ऐलान किया था, वे इस लक्ष्य को पाएंगे, राज्य की ऊर्जा खपत का 90 फीसदी रिन्यूएबल या ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल करेंगे, तो वे इस लक्ष्य को आसानी से पा सकेंगे और वे इस ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अतुलनीय वृद्धि की है। परिवहन के क्षेत्र में भी बेहतर कदम उठाए हैं, क्योंकि ग्रीन हाउस इफेक्ट में 15 से 20 फीसदी हिस्सा परिवहन के प्रदूषण से होता है, इसलिए ई-वाहनों और उसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दे रहे हैं। एचआरटीसी और सरकारी विभागों में ई-वाहनों का प्रयोग हो रहा है।

# कांग्रेस सरकार का बजट दिशाहीन, खोखले वादों का पिटारा : अनुराग

अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को दिशाहीन व खोखले वादों का पिटारा बताते हुए कहा कि बजट के नाम पर मुख्यमंत्री ने सिर्फ औपचारिकता ही पूरी की है। बजट पेश करने के साथ मुख्यमंत्री यह भी बताते कि प्रदेश में आर्थिक आपातकाल लगाने के बाद वे इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए पैसा कहां से लाएंगे? आज कांग्रेस सरकार ने बजट पेश करने के नाम पर फिर एक बार हिमाचल की जनता को छलने का काम किया है। कांग्रेस सरकार हिमाचल को पूरी तरह केंद्र सरकार के भरोसे छोड़कर जिम्मेदारियों से भागती दिख रही है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के डीए पर तो बातें कीं पर पिछली किस्तों के बारे में मौन साधे नजर आए। छठे पे कमीशन पर भी मुख्यमंत्री कुछ नहीं बोल पाए, जबकि पीडी मल्टी टास्क वर्कर, वेटरिनरी असिस्टेंट, चौकीदार, एमडीएम वर्कर के हितों पर चुप्पी साधना ही बेहतर समझा।



# मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर ली चुटकी

*मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आपके सूखे पौधों को भी हरा करने में लगे हुए हैं। ओकओवर में नेता प्रतिपक्ष के समय जो पौधा लगाया गया था, जब मैं ओकओवर पहुंचा तो वह सूख रहा था। मैंने उसे खाद दी, अब उस पर फूल आना शुरू हो गए हैं। सीएम ने कहा कि ईको-टूरिज्म को बढ़ाया दिया जाएगा। इससे सरकार को 200 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।*

## 5000 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाएगा पौधरोपण

**साल** 2025-26 में 5000 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा। फलदार व औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। राजीव गांधी वन संर्वद्धन योजना लागू होगी। महिला मंडल व युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह को एक से पांच हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण के संरक्षण का जिम्मा दिया जाएगा। महिला मंडलों और युवक मंडलों को पौधरोपण के लिए सालाना 2.40 लाख रुपए दिए जाएंगे। इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे।



## एचपी शिवा परियोजना के तहत 100 करोड़ होंगे खर्च

**सीएम** ने बजट में घोषणा की कि बागवानी के लिए 4000 हेक्टेयर के लिए सर्वे किया जाएगा। एचपी शिवा परियोजना के तहत 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मछुआरों से सिर्फ 7.50 प्रतिशत रायल्टी ली जाएगी। इससे 20 हजार से अधिक मछुआरों, मछली पालक कृषकों को लाभ होगा। 120 नई ट्राउट इकाइयों को स्थापित किया जाएगा।



# अंतरजातीय विवाह की प्रोत्साहन राशि में डेढ़ लाख की बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** में अंतरजातीय विवाह करने वालों के लिए खुशखबरी है। सीएम ने सदन को जानकारी दी कि अंतरजातीय विवाह के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख किया गया है। 70 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगों के विवाह पर प्रोत्साहन राशि 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपए की जाएगी। इसके अलावा 2025-26 में निजी क्षेत्र की भागीदारी से प्रदेश में वृद्धाश्रम खुलेंगे, अभी प्रदेश में 9 वृद्धाश्रम हैं। इसके साथ ही आगामी वित्त वर्ष में प्रदेश में 3 नए नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएंगे।

## मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना में लाया जाएगा लचीलापन

**छोटे** दुकानदारों पर सुक्खू सरकार ने दरियादिली दिखाते हुए सदन में मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि शहर के छोटे फल सब्जी, रेहड़ी खोमचा, चाय रेहड़ी-फड़ी, परचून, पान आदि दुकानदारों के लिए मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना में लचीलापन लाया जाएगा और इसका विस्तार किया जाएगा। जिनका सालाना टर्नओवर 10 लाख से कम है, उनके लोन पर लगने वाले इंटरेस्ट को सरकार वहन करेगी, जिससे राज्य के लघु व्यापारी सशक्त होंगे और उनकी आय बढ़ेगी। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जो छोटे दुकानदारों को राहत प्रदान करेगा।

## शिमला शहर में चलेंगी लग्जरी बसें

**शिमला** शहर में लग्जरी बसें चलाई जाएंगी, ताकि निजी वाहनों का इस्तेमाल कम हो। हिम परिवार पोर्टल के तहत जारी आईडी सरकारी योजनाओं से लिंक होगी, ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# निजी क्षेत्र की भागीदारी से प्रदेश में खुलेंगे और ज्यादा वृद्धाश्रम : सीएम

## ड्रोन टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने की बनेगी योजना



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार प्रदेश में ड्रोन टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने की योजना बनाएगी। इसका इस्तेमाल कृषि-बागवानी, दवाइयों को पहुंचाने सहित अन्य कार्यों में किया जाएगा। मंडी, हमीरपुर व कांगड़ा में ड्रोन स्टेशन बनेंगे। 33 केवी या इससे अधिक बिजली खपत वाले उद्योगों को बिजली बिल पर सब्सिड मिलेगी।

## बजट में पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाया

*सीएम ने पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के मानदेय को बढ़ाने की घोषणा की। जिला परिषद का मानदेय 1000 रुपए बढ़ाया गया है। 3000 डीजल वाहनों को चरणवद्ध तरीके से ई-व्हीकल में बदला जाएगा। इलेक्ट्रिक बस पर 40 और डीजल पर 30 फीसदी की सब्सिडी दी जाएगी।*

| पद | मानदेय (मासिक) | | |
|---|---|---|---|
| जिप अध्यक्ष | 25,000 | उपाध्यक्ष | 9,000 |
| उपाध्यक्ष | 19000 | सदस्य | 7,500 |
| सदस्य | 8300 | पंचायत प्रधान | 7,500 |
| नगर पंचायत समिति अध्यक्ष | 12,000 | उपप्रधान | 5,100 |
| | | सदस्य | 1050 ( प्रति बैठक) |

# हिमाचल बजट पर प्रतिक्रियाएं



हिमाचल विधानसभा में प्रस्तुत बजट 2025-26 प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मनरेगा व दिहाड़ीदार, आउटसोर्स कर्मचारियों की दिहाड़ी में बढ़ोतरी, कर्मचारियों को डीए की किश्त, किसानों बागवानों को राहत सराहनीय निर्णय हैं। बजट प्रदेश के विकास को एक नई दिशा व गति प्रदान करेगा। प्रदेशहित में रोजगारोन्मुख व विकासोन्मुख बजट पेश करने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार व प्रदेशवासियों को बधाई।

**-प्रतिभा सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद**



**हिमाचल** प्रदेश का 2025 -26 का बजट जनहितैषी बजट है। बजट में सभी वर्गों को राहत दी गई है। किसानों और बागवानों के साथ साथ दिहाड़ीदारों की दिहाड़ी में बढ़ोतरी व पंचायतीराज के चुने हुए सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी भी सराहीनय कदम है। यह बजट प्रदेश के लोगों की महत्वकांक्षा को पूरा करता है।

**-कुलदीप सिंह राठौर, भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं विधायक ठियोग**



**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा में अपना तीसरा बजट पेश किया। उन्होंने हर वर्ग का ख्याल रखते हुए हिमाचल की जनता के लिए सुख का बजट पेश किया है। बजट में पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय भी बढ़ाया गया व मनरेगा मजदूरों की न्यूनतम दिहाड़ी भी बढ़ाई गई है व बेरोजगार युवाओं को ई-वाहन के परमिट के लिए भी बजट में प्रावधान रखा गया है। विधानसभा में पेश किया सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार का बजट हर वर्ग के लिए सुख देने वाला बजट है।

**-सुरेंद्र सिंह मनकोटिया, कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष**



**राज्य** सरकार द्वारा प्रस्तुत तीसरा बजट व्यापक दृष्टिकोण और दूरदर्शिता का परिचायक है, जो समाज के हर वर्ग को समृद्धि और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने का मार्ग प्रशस्त करता है। इस बजट में किसान, बागवान, छोटे व्यापारी, ग्रामीण महिलाएं और युवा सभी को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। राज्य सरकार ने किसानों और बागवानों की समस्याओं को समझते हुए उनके कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं पेश की हैं। जलवायु परिवर्तन और बाजार की अनिश्चितताओं से जूझ रहे किसानों को नई तकनीकों, सिंचाई सुविधाओं और अनुदानों के माध्यम से सहायता प्रदान की जाएगी। प्राकृतिक आपदाओं से फसल को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए बीमा योजनाओं को और प्रभावी बनाया जाएगा।

**-विवेक शर्मा, विधायक कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र**




**मुख्यमंत्री** द्वारा 3 घंटे की प्रस्तावना में प्रस्तुत बजट फ्री बी से प्रभावित दिखा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के इरादों में जनप्रतिनिधियों को तो आर्थिक सशक्त किया लेकिन, आवाकाडो, केवी, फूल उत्पादक ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जी उत्पादकों को, ग्रामीण क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म चलाने वालों को, इनडोर मशरूम और केसर उत्पादों को सरकार भूल गई जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था में केवल राष्ट्रीय स्तर पर नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डॉलर उपलब्ध करवाने की क्षमता रखते हैं। सरकार के बजट में बेरोजगारों के लिए कुछ नहीं है। स्थानीय व्यापारी जिन्हें ट्रेडर्स कहा जाता है, उनके लिए कुछ नहीं है। उद्योगों में उद्योगपतियों के लिए केवल एक उद्योग बोर्ड बनाने से अतिरिक्त और कुछ नहीं था, जो एक और भ्रष्टाचार का अड्डा या सुविधा शुल्क केंद्र के रूप में विकसित होगा।

**-विवेक शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी**

# सीएम ने भविष्योन्मुखी, संतुलित और सकारात्मक बजट किया पेश : संजय

अनंत ज्ञान, सोलन

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट को संतुलित और सकारात्मक बजट बताया है। संजय अवस्थी ने बजट के सम्बन्ध में अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सीमित संसाधनों के बावजूद न केवल हिमाचल के विकास को सर्वोपरि रखा है अपितु यह सुनिश्चित भी बनाया है कि वर्तमान प्रदेश सरकार का यह तीसरा बजट हिमाचल के सभी वर्गों के कल्याण को सुनिश्चित बनाने में सहायक सिद्ध हो। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के युवाओं के लिए बेहतर सम्भावनाओं के द्वार खोलने वाला सिद्ध होगा।



विधायक ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के साथ आत्मनिर्भर हिमाचल की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विभिन्न नवीन योजनाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित बना रहे हैं कि समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होकर हिमाचल की आर्थिकी को सुदृढ़ कर सकें। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज प्रस्तुत अपने तीसरे बजट में पर्यटन, शिक्षा, प्राकृतिक खेती, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खेल तथा नवाचार को पूर्व की भांति अधिमान देकर युवाओं की रोज़गार एवं स्वरोज़गार प्राप्त करने की आशाओं को मज़बूती प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में मुख्यमंत्री पर्यटक स्टार्ट अप योजना, स्वास्थ्य पर्यटन के क्षेत्र में चार अत्याधुनिक वेलनेस केंद्र इस दिशा में हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र का विस्तार कर युवाओं के लिए बेहतर रोज़गार के अवसर प्रदान करेंगे। संजय अवस्थी ने कहा कि 10 नई योजनाएं सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी सिद्ध होंगी।

## ग्रामीण विकास को दी गति : रणजीत सिंह

**सुजानपुर** । सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट में व्यवस्था परिवर्तन की झलक दिखाई देती है और बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। विशेष कर किसानों, मनरेगा मजदूरों और युवाओं की आर्थिकी को सुदृढ़ करने दिशा में कदम उठाए गए हैं। हिमाचल को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने बजट में कई घोषणाएं की हैं। जिसका लाभ सभी वर्गों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी 300 से बढ़ा कर 320 रुपए करना और पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी करके ग्रामीण विकास को गति दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में दूध सहित गेहूं व मक्की की फसल की एमएसपी में वृद्धि की है।



## 2025-26 बजट में हिमाचल प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं

# बेरोजगारों के साथ भद्दा मजाक बहनों को ठगा गया: राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सुखविंद्र ने अपने कार्यकाल का तीसरा बजट प्रस्तुत किया। लगभग 58 हजार करोड़ रुपए का यह बजट हिमाचल प्रदेश की जनता के लिए शून्य है। डॉ. बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री के शब्दों के अनुसार इस बजट में 25 पैसा सैलरी के लिए, 20 पैसा पेंशन के लिए, 12 पैसा ब्याज के लिए, 10 पैसा देय राशियों के लिए और सामाजिक कार्यों के लिए 9 पैसा, इस प्रकार 100 रुपए में से 76 रुपए एक सामान्य देनदारियां है और उसके बाद 24 रुपए पूंजीगत व्यय के लिए बचता है। विकास के लिए, प्रदेश की जनता के लिए सरकार ने कुछ नहीं रखा है। बजट की यह वस्तुस्थिति उन्होनें स्वयं बजट के अंदर वर्णित की है। डॉ. बिंदल ने कहा कि यह बजट युवाओं को धोखा देने वाला बजट है, बेरोजगारों के साथ मजाक है, बहनों को ठगा गया है जिनको इन्होनें 1500 रुपए देने की गारंटी देकर वोट लिया था। किसानों के साथ अन्याय इस बजट के अंदर किया गया है और जो बिगड़ती कानून व्यवस्था जिस तरह दिन-दिहाड़े गोलीबारी हिमाचल प्रदेश में हुई है वो चिंताजनक है।



उन्होंने कहा कि अब तो उत्तर प्रदेश, बिहार सभी जगह हालात सुधर चुके हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश देश में सुर्खियों में बना हुआ है और बजट के अंदर किसी भी प्रकार का उल्लेख इस दिशा के अंदर दिखाई नहीं देता। यह बजट हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है, अन्याय है, शोषण है, केवल यही इस बजट के अंदर है।

## दिशाहीन बजट : राणा

**सुजानपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा आज पेश किए गए बजट को दिशाहीन, जनविरोधी और खोखला करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में न तो गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की परेशानियों का समाधान किया गया है और न ही कांग्रेस सरकार द्वारा जनता को दी गई गारंटियों को पूरा करने की कोई ठोस कार्य योजना प्रस्तुत की गई है। लाखों सरकारी कर्मचारी लंबे समय से अपने वेतन आयोग के एरियर की एकमुश्त अदायगी की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन सरकार ने इस दिशा में कोई बजटीय प्रावधान नहीं किया। चुनावों के दौरान हर साल प्रदेश के एक लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार ने पिछले दो वर्षों में इस वादे को पूरा करने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की है।



# प्रदेश की सुक्खू सरकार का बजट घोषणाओं का पुलिंदा : सुधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए तीसरे बजट को धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने उंट के मुहं जीरा बताया है। सुक्खू सरकार ने हिमाचल की विकास की गति को रोक दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार झूठ बोलने में माहिर है। बजट में सरकार की नियत और नियती साफ झलकी है। सरकार ने बजट में जनता को ठगने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश किया, जिसकी राशि 58,514 करोड़ निर्धारित की गई है, इसका सुधीर शर्मा ने तीखा विरोध किया और इसे गोलमोल और आंकड़ों का मायाजाल करार दिया। उन्होंने कहा इस बजट में कोई भी स्पष्टता नहीं है और यह सिर्फ घोषणाओं का पुलिंदा भर है। सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने बजट में बड़ी-बड़ी योजनाओं और घोषणाओं का समावेश तो किया, लेकिन इनमें से अधिकांश योजनाएं केंद्र सरकार की योजनाओं का सिर्फ नाम बदलकर प्रस्तुत की गई हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू, केंद्र सरकार की योजनाओं को हिमाचल प्रदेश के बजट में पेश किया हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन न के बराबर होगा। भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि इस बजट का नाम चरणबद्ध बजट होना चाहिए था।



**कहा, बजट से आम जनता को कोई राहत मिलने वाली नहीं**

**प्रतिक्रिया**

## प्रदेश के युवा, महिला और किसानों के साथ सभी वर्गों का रखा ध्यान

# सीएम ने पेश किया ऐतिहासिक बजट : अजय वर्मा

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत किया गया बजट न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि इसे एक दूरदर्शी (विजनरी) बजट भी कहा जा सकता है। इस बजट में प्रदेश के युवा, महिला, किसान और सभी वर्गों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

यह बात हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कही। एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह बजट नीतियों और योजनाओं का ऐसा सेट प्रस्तुत करता है, जो समाज के हरेक तबके को आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट, रोजगार सृजन, स्टार्टअप्स और नवाचार पर जोर दिया गया है, जिससे प्रदेश के युवा अपने पूर्ण सामर्थ्य तक पहुंच सकें। महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक स्थिति में सुधार के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा किसानों को बेहतर कृषि तकनीक, वित्तीय सहायता, और बाजार सुलभता प्रदान करने के लिए नई नीतियाँ लागू की जाएंगी, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थायीत्व और वृद्धि सुनिश्चित हो सके।



उन्होंने कहा इस बजट में नयी तकनीकों, बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश को प्राथमिकता दी गई है, जिससे प्रदेश की समग्र प्रगति सुनिश्चित हो सके। अजय वर्मा ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया यह बजट प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान प्रदान करेगा, बल्कि भविष्य की संभावनाओं के नए द्वार भी खोलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस दूरदर्शी पहल से प्रदेश में सतत विकास, आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समावेशन के नए अध्याय लिखे जाएंगे।

# पर्यटन देगा हिमाचल की आर्थिकी को बूस्ट

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं को देखते हुए कई घोषणाएं की गई हैं और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीएम ने सदन में जानकारी दी कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार का काम चल रहा है, भू-अधिग्रहण का कार्य चल रहा है, 2025-26 में इसके लिए 3000 करोड़ का बजट व्यय करने का ऐलान किया गया।

न्यू टूरिज्म डेस्टिनेशन पर दो चरणों में 2400 करोड़ खर्च होंगे। मंडी में शिव धाम योजना को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा, इस पर 100 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। टी-पर्यटन का प्रदेश की आर्थिकी में अहम भूमिका निभा सकता है। कांगड़ा चाय को जीआई टैग मिला हुआ है। चाय के बागानों को सिक्किम और बंगाल के तर्ज पर इको टूरिज्म में सम्मिलित करेंगे। ऐसा करने से हिमाचल की चाय को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी। सीएम सुक्खू ने सदन में बजट पेश करते हुए बताया कि हिमाचल में पर्यटक साफ वातावरण के लिए आते हैं, वे पर्यटन क्षेत्र में कई सुविधाओं का विस्तार कर रहे हैं, हेलीपैड बनाने से लेकर कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार और होमस्टे से लेकर अन्य सुविधाओं को बढ़ावा दे रहे हैं, धार्मिक पर्यटन और चाय पर्यटन की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है, इससे रोजगार और आय के स्रोत बढ़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

## होटल व होम स्टे बनाने के लिए सरकार करेगी लोन में मदद

**युवाओं** को रोजगार देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई योजना का ऐलान किया गया। होटल और होम स्टे बनाने के लिए 4 फीसदी ब्याज सरकार वहन करेगी। जनजातीय क्षेत्रों में 5 फीसदी ब्याज की रकम सरकार वहन करेगी। फूड वैन पर 30 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। हाईवे और नेशनल हाईवे पर फूड वैन लगाने पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी, इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और फूड वैन लेने पर 30 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी।




## 200 होटल बनाने को निजी क्षेत्र को दिया निमंत्रण

**सीएम** सुक्खू ने पर्यटन के विस्तार के लिए हिमाचल में 200 होटल बनाने में निजी क्षेत्र को निमंत्रण दिया है और कहा है कि इन मामलों में एक महीने के भीतर सभी तरह की परमिशन दे दी जाएगी।

## पर्यटन स्थलों का हो प्रचार-प्रसार तभी कारोबार पकड़ेगा रफ्तार

**पर्यटन** विकास के लिए पर्यटन कारोबारी बजट में प्रचार-प्रसार के लिए अलग से बजट प्रावधान की व्यवस्था चाहते हैं। पर्यटन कारोबारियों का मनाना है कि देश के अन्य पर्यटन राज्यों के मुकाबले हिमाचल अपने पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार में पिछड़ा है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार के लिए विशेष नीति की भी मांग उठाई जा रही है। पड़ोसी राज्यों कश्मीर और उत्तराखंड ने पर्यटन के प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल माध्यम अपनाए हैं। डिजिटल मीडिया पर पर्यटन स्थलों को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## कांगड़ा एयरपोर्ट का समयबद्ध होगा विस्तारीकरण

**कांगड़ा** जिले को अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट मैप पर लाने के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट का समयबद्ध विस्तारीकरण होगा। नए वित्तीय वर्ष में 3000 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया गया है। बल्ह एयरपोर्ट का मामला एयरपोर्ट अथॉरिटी के समक्ष उठाया जाएगा। नादौन में वेलनेस व राफ्टिंग सेंटर खुलेंगे।

## मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना होगी शुरू

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। युवाओं को रोजगार देने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना शुरू होगी। इसके तहत जनजातीय क्षेत्रों में होटल व होमस्टे बनाने के लिए बैंक से लिए लोन पर सरकार बया में पांच प्रतिशत छूट देगी, जबकि गैर जनजातीय क्षेत्रों में यह छूट चार प्रतिशत होगी। चांशल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

### अनंत ज्ञान बजट 2025-26
### ये हुईं पर्यटन के लिए घोषणाएं

- नई योजना मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना की घोषणा की।
- होटल बनाने के लिए लोन पर 5 प्रतिशत ब्याज सरकार वहन करेगी।
- निजी क्षेत्र को आमंत्रित करेंगे, 200 होटल स्थापित किए जाएंगे।
- निवेशकों को फाइव स्टार के लिए प्रोत्साहन, एक महीने में सारी परमिशन।
- नादौन में बेलनेस और राफ्टिंग सेंटर खोले जाएंगे।
- कांगड़ा को टूरिजम डेस्टिनेशन बनाने के लिए डीपीआर बनाकर केंद्र को भेजेंगे।
- शिमला जिला के चांशल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।
- चाय के बागानों को असम की तर्ज पर ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाएंगे।
- ईको टूरिस्ट पॉलिसी संशोधित, 78 नई ईको टूरिस्ट साइट आवंटित की जाएंगी।
- कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण पर 3000 करोड़ रुपए खर्च।

## अनछुए क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से करेंगे विकसित

**ग्रीन** स्टेट बनाने की दिशा में पर्यटन को भी शामिल किया जाएगा। धार्मिक पर्यटन, चाय पर्यटन व अनछुए क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इससे हजारों रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। पशुपालकों को मिलने वाली सारी जानकारी एसएमएस के माध्यम से फोन पर उपलब्ध होगी।

# किसानों के वारे-न्यारे

**प्राकृतिक** मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 से बढ़ाकर 40 रुपए किया है। प्राकृतिक गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 से बढ़ाकर 60 रुपए किया गया। हमीरपुर में स्पाइस पार्क बनेगा। हल्दी उगाने पर 10 क्विंटल पर सरकार 90 हजार रुपए देगी। ऊना में आलू प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित होगा। पूर्व यूपीए सरकार में नादौन की बड़ा पंचायत में स्पाइस पार्क का शिलान्यास किया गया था। भाजपा सरकार ने केंद्र में सत्ता संभालने के बाद इस स्पाइस पार्क को रद्द कर दिया था। अब राज्य सरकार खुद इस स्पाइस पार्क को बनाएगी। ऊना में सबसे ज्यादा आलू होता है। 100 गांवों में सिंचाई योजनाएं बनेंगी।



**प्राकृतिक मक्की और गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की घोषणा**

## किसानों की नीलाम होने वाली जमीन बचाएगी सरकार

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि गरीब किसानों की जमीन बचाने के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कुछ किसानों ने एक लाख रुपये का लोन लिया था, लेकिन उसे ना चुकाने पर यह रकम ढाई लाख तक पहुंच गई है, जो बैंक से कभी भी नीलाम हो सकती है, ऐसे किसानों की मदद के लिए सरकार मदद करेगी।

### अनंत ज्ञान बजट 2025-26
### किसानों के लिए घोषणाएं

- गाय-भैंस के दूध का समर्थन मूल्य 6-6 रुपए बढ़ाया।
- हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम।
- ऊना जिले में 20 करोड़ से लगेगा पोटैटो प्रोसेसिंग प्लांट।
- 100 गांवों में सिंचाई योजना पर 10 करोड़ खर्च किए जाएंगे।
- जंगली जानवरों से फसल बचाने को बाड़बंदी में सब्सिडी।
- मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए किया।
- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपए करने की घोषणा।
- कर्ज चुकाने में असमर्थ किसानों का बैंक लोन माफ होगा।
- किसानों के लिए लोन चुकाने को लेकर वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी लाएंगे।

## 1,58,785 किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रमाणित

1,58,785 किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रमाणित किया गया है। प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में आठ पेंशन योजनाएं चल रही हैं। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना में अन्य जिलों के बच्चों को भी शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जाएगा। सीएम ने कहा कि कृषि-बागवानी क्षेत्र में कीटनाशकों के इस्तेमाल को कम करने के पक्ष में है। वनों का संरक्षण करना होगा। सरकार 2026 तक हिमाचल को ग्रीन स्टेट के रूप में विकसित करेगी। ई-बसों को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकारी विभागों में भी ई-गाड़ियों को शामिल किया जा रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पहली बार एमएसपी की घोषणा की गई है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

## दूध के समर्थन मूल्य में 6-6 रुपए की बढ़ोतरी

**सीएम** ने पशुपालकों से गाय के दूध के खरीद मूल्य को 45 से बढ़ाकर 51 रुपए और भैंस के दूध के मूल्य को 55 से बढ़ाकर 61 रुपए प्रतिलीटर करने की घोषणा की। भैंस और गाय के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 6-6 रुपए की बढ़ोतरी की है। पशुपालकों को 2 रुपए की परिवहन सब्सिडी भी मिलेगी।

## 21 साल पूरे होने पर बेटी को मिलेंगे 1500 रुपए

**मुख्यमंत्री** ने घोषणा की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2026 तक 21 साल की आयु पूरी करने वाली हर बेटी को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का लाभ मिलेगा, जो भी महिलाएं दूसरों के घरों में काम कर अपने परिवार का गुजारा करती हैं, उन्हें भी इस एक जून 2025 से इसका लाभ मिलेगा। इनकी पात्र बेटियां भी 1500 रुपए प्रति माह की हकदार होंगी। पंचायतों की ओर से चयनित महिलाओं को चरणवद्ध तरीके से योजना का लाभ दिया जाएगा। बीपीएल परिवारों में जन्म लेने वाली दो बेटियों के लिए इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना शुरू होगी। बेटी के जन्म पर 25,000 रुपए बीमा कराया जाएगा।

### अनंत ज्ञान बजट 2025-26
### बजट में महिलाओं के लिए क्या...

- 21 सल की उम्र पूरा करने वाली लड़कियों को 1500 रुपए।
- एक जून 2025 से लड़कियों को ये राशि मिलनी शुरू होगी।
- विधवाओं की बेटियों की प्रोफेशन पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएगी।
- विधवाओं की बेटियों की प्रोफेशन घढ़ाई के दौरान हॉस्टल खर्च भी वहन करेगी।
- हॉस्टल से बाहर किराए के कमरे में रहने वाली लड़की को सरकार 3000 रुपए देगी।
- बीपीएल परिवारों में जन्म लेने वाली 2 बेटियों के लिए इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना।
- इसमें बेटी के जन्म पर 25 हजार की राशि बीमा कंपनी को देगी सरकार।
- कामकाजी महिलाओं को आवासीय सुविधा पर खर्च होंगे 132 करोड़।
- प्रदेश में 13 जगह महिलाओं के लिए बनाए आएंगे धूमन हॉस्टल।

## सीएम ऑल्टो कार से पहुंचे विधानसभा



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बजट 2025-26 प्रस्तुत करने के लिए ऑल्टो कार से विधानसभा पहुंचे। बीते साल भी बजट पेश करने के लिए सीएम अपनी कार से पहुंचे थे। ओकओवर से खुद कार चलाकर विधानसभा पहुंचे। मंत्री-विधायक भी मौजूद रहे।

## छात्रों और टीचर्स की डिजिटल अटेंडेंस का होगा प्रावधान

**सदन** में बजट पेश करते हुए सीएम ने 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत 100 करोड़ रुपए का प्रावधान करने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि 2025-26 से छात्रों और टीचर्स की डिजिटल अटेंडेंस लगेगी। राजस्व विभाग का व्यापक डिजिटाइजेशन किया जाएगा। राजस्व न्यायालयों को डिजिटल किया जाएगा, ई-राजस्व को बढ़ावा दिया जाएगा। म्यूटेशन की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाएगा, ऐसे में पेपरलेस होने से इसमें वक्त भी कम लगेगा।

## आंगनबाड़ी केंद्र भी कहलाएंगे अब प्री-प्राइमरी स्कूल

**18925** आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीक के स्कूलों में रिलोकेट किया जाएगा। ये केंद्र अब आंगनबाड़ी सह प्री-नर्सरी स्कूल कहलाएंगे, इनमें 3 से 6 साल के बच्चों की देखभाल की जाएगी। इन केंद्रों को पूर्व पोषाहार को और पौष्टिक बनाया जाएगा।

# सुक्खू के बजट से आम वर्ग को राहत

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

आर्थिक मोर्चे पर संभलती-फिसलती सुक्खू सरकार ने आम वर्ग को इंगित करने वाला बजट पेश किया है। हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी। 31 मार्च 2026 तक ग्रीन एनर्जी बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ई-वाहनों को सड़कों पर उतराने की योजना है। अभी अल्प स्तर पर इनकी मौजूदगी है, आगे चलकर सभी सरकारी विभागों सहित एचआरटीसी बेड़े में बड़े पैमाने पर इनको शामिल करने की योजना है, जो परिवहन प्रदूषण को कम कर सकती है।

**अनंत ज्ञान त्वरित टिप्पणी**

करीब 15 से 20 फीसदी तक प्रदूषण कम होने की उम्मीद है। स्वच्छ पर्यावरण की तरफ सैलानियों को आकर्षित करने के प्रयास भी तेज होंगे। धार्मिक पर्यटन के साथ चाय पर्यटन को उभारने के प्रयास में भी तेजी लाई जाएगी। धार्मिक पर्यटन स्थलों के रूप में मंदिरों के कायाकल्प को करोड़ों की राशि देने का ऐलान हुआ है। न्यू टूरिस्ट डेस्टिनेशनों की पहचान होगी, जो अनछूए पर्यटन स्थल है, उन्हें पर्यटन मानचित्र पर लाया जाएगा। युवाओं को रोजगार देने को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया गया है।

होटल व होमस्टे बनाने के लिए चार फीसदी ब्याज सरकार खूद वहन करेगी। युवाओं को फूड वैन के माध्यम से जीविका चलाने में मदद मिले, उसके लिए फूड वैन लेने पर 30 फीसदी अनुदान मिलेगा। पर्यटन के प्रचार-प्रसार के लिए निजी क्षेत्र के कारोबारियों को आमंत्रित किया गया है। तकरीबन 200 होटल बनाने की मंजूरी दी जाएगी।

टी टूरिज्म के हरे भरे बाग पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने, उसके लिए सिक्किम व बंगाल की तर्ज पर इको टूरिज्म में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा सुक्खू ने कई घोषणाएं कीं। हां, पंचायतीराज संस्थाओं पर सीएम मेहरबान जरूर दिखे, क्योंकि इस साल पंचायतराज संस्थाओं के चुनाव होने वाले हैं। कुल मिलाकर बजट कुछ भी वर्ग को खुश कर गया और कुछ वर्ग में मायूसी की परत फेर गया। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए 100 करोड़

**सैनिक** स्कूल सुजानपुर के लिए तीन करोड़ रुपए दिए जाएंगे। 2025-2026 में नाबार्ड की मदद से 50 सड़कों व पुलों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## आउटसोर्स कर्मियों का न्यूनतम वेतन 12,750 रुपए होगा

**दिहाड़ीदारों** और आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए भी कई घोषणाएं कीं। दिहाड़ी में 25 रुपए की बढ़ोतरी आउटसोर्स की गई है जो अब बढ़कर 425 रुपए प्रतिदिन हो गई है। इसके अलावा आउटसोर्स कर्मियों को अब न्यूनतम 12,750 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।

## नशे से निपटने के लिए बनेगा बोर्ड


**2400** करोड़ से दो चरणों में मनाली, कुल्लू, नादौन, नग्गर, बाबा बालकनाथ मंदिर, नगरोटा बगवां, पालमपुर में पर्यटन इकाइयां विकसित होंगी। युवाओं को फूड वैन खरीदने पर 30 फीसदी सब्सिडी मिलेगी। नशे से निपटने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बोर्ड बनाया जाएगा।

## उद्योगों को बिजली पर मिलेगी सब्सिडी

**सीएम** सुक्खू ने नशाखोरी रोकने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की है। राजगढ़, कंडाघाट में दमकल केंद्र खोला जाएगा। प्रदेश की औद्योगिक नीति में बदलाव किया जाएगा। निवेशकों के लिए मैत्रीपूर्ण वातावरण उपलब्ध करवाया जाएगा। एक उच्च स्तरीय बोर्ड गठित होगा, जो राज्य के औद्योगिक निवेश से से संबंधित सभी पहलुओं पर विचार करेगा। उद्योगों को दो महीने में सभी अनुमतियां दी जाएंगी। 40 पैसे प्रति यूनिट उद्योगों को सब्सिडी साल में दो बार दी जाएगी। डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी दी जाएगी।

# अस्पतालों में एक हजार **रोगी मित्र** होंगे नियुक्त

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए जाइका मिशन के माध्यम से 1700 करोड़ की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। डॉक्टरों को अब 1.30 लाख रुपए मिलेंगे। अस्पतालों में एक हजार रोगी मित्र नियुक्त किए जाएंगे। इन्हें 15,000 मासिक वेतन दिया जाएगा। आउटसोर्स पर नियुक्त ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट व रेडियोग्राफर का वेतन बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री वृद्धजन देखभाल योजना शुरू होगी। इसके तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को घरद्वार स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।



## आचार्य चरक योजना के दायरे में जांच और दवाएं निशुल्क

**सीएम** ने बजट में ऐलान किया कि आयुष विभाग के लिए आचार्य चरक योजना शुरू की गई है, इसके तहत 20 तरह की जांच और दवाएं निशुल्क दी जाएंगी। आयुष विभाग के तहत वेलनेस और पंचकर्मा केंद्र खोले जाएंगे और 2025-26 में नशे के खिलाफ स्पेशल टास्क बनाई जाएगी। जिसके तहत नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया जाएगा।

## त्वरित टिप्पणी — बजट में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक का रखा गया विशेष ख्याल

# सभी को नई सौगातें देने वाला है हिमाचल का बजट

हिमाचल बजट में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी का ख्याल रखा है। बजट में कहा गया है कि शिक्षा निदेशालय का पुनर्गठन होगा यानी स्कूलों और कॉलेजों का अलग निदेशालय बनाया जाएगा। इसके साथ ही बजट में यह भी कहा गया है कि स्कूलों में बच्चों और स्टाफ की बायोमीट्रिक यानी डिजिटल हाजिरी शुरू होगी। युवाओं को रोजगार के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट आप योजना शुरू ही जाएगी, जो एक सराहनीय कदम है।

गैर-जनजातीय क्षेत्रों में युवाओं को होटल आदि बनाने के लिए ऋण पर ब्याज में 4 प्रतिशत और जनजातीय क्षेत्रों में इस पर 5 प्रतिशत ब्याज छूट मिलेगी। इसके साथ ही प्रदेश में युवाओं को फूड वैन खरीदने पर 30 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी, जो युवाओं को अपना स्टार्टअप शुरू करने और आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस बजट में ईको टूरिज्म पर भी खास ध्यान दिया गया है। ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 78 नई साइट्स डेवेलप की जाएंगी। इससे अगले पांच साल में 200 करोड़ अर्जित किया जाएगा जिससे आमदमी बढ़ाने में मदद मिलेगी।



प्रत्यूष शर्मा, सहायक प्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक

बजट में 120 नई ट्राउट इकाइयां बनाने को भी कहा गया है और मछुआरों को फिश ट्रांसपोर्ट के लिए बाइक और तिपहिया वाहन उपलब्ध कराने की बात भी बजट में कही गई है। रेवेन्यू अदालतें डिजिटल करने और ई-राजस्व प्रणाली बनाने की बात भी बजट में कही गई है जो राजस्व विभाग को और बेहतरीन बनाने के लिए एक सराहनीय कदम है। नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए एसटीएफ गठित करने और एंटी ड्रग बिल विधानसभा में लाने की बात भी बजट में कही गई है जो नशे को रोकने की दिशा में सही कदम है।

## श्री ज्वालाजी और श्री नयना देवी मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए 100 करोड़ का प्रावधान

**श्री** ज्वालाजी और श्री नयना देवी मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए 100 करोड़ का प्रावधान करना भी पर्यटन की दृष्टि से एक बेहतरीन कदम है। वनों के संरक्षण के लिए भी एक बेहतरीन योजना राजीव गांधी वन संवर्धन योजना की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही युवाओं, महिला मंडलों को पौधरोपण के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा जो एक सराहनीय कदम है। पौधरोपण/बाड़बंदी के लिए पहले साल प्रति समूह 2 लाख 40 हजार तक दिए जाएंगे, जिससे लोग पौधारोपण के प्रति प्रोत्साहित होंगे। मछुआरों से ली जाने वाली रॉयल्टी 15 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत की गई है, जो मछली पालन की दिशा में एक बेहतरीन कदम है।

## बेटी के जन्म पर 25000 रुपए का होगा बीमा

**बीपीएल** परिवारों में जन्म लेने वाली दो बेटियों के लिए इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना शुरू करने की बात भी बजट में कही गई हैं। इसके साथ कि बेटी के जन्म पर 25000 रुपए बीमा करवाने की बात भी बजट में कही गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में डे-बोर्डिंग सुविधा शुरू करने का प्रावधान भी एक सराहनीय कदम है। प्रदूषण कम करने की दिशा में भी एक कदम उठाया गया है। इसके तहत हमीरपुर जिले के सभी सरकारी वाहन इलेक्ट्रिक वाहनों से बदले जाएंगे। कुल-मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इस बजट में सबका ख्याल रखा गया है।

# 14 साल से चर्चित स्पाइस पार्क बनाएगी अब हिमाचल सरकार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के लिए पर्दे के पीछे जा चुके 'स्पाइस पार्क' के निर्माण की फिर से हामी भारी है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले इसका निर्माण केंद्र ने करना था, लेकिन अब इसका बीड़ा हिमाचल सरकार ने उठाया है।

बजह यह भी है क्योंकि पूर्व में रही तत्कालीन यूपीए सरकार के समय जब चुनावों की ऐन बेला पहुंच गई थी। तब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस स्पाइस पार्क का ऑनलाइन शिलान्यास किया था, लेकिन उसके बाद सरकार बदल गई और तब से अभी तक स्पाइस पार्क का निर्माण नहीं हो सका। मगर अब क्योंकि निर्माण तो मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में ही होना था, इसलिए फिर से यह 'जिन्न' बाहर निकला है। नादौन के लिए ही नहीं इस इलाके के विकास के लिए इस स्पाइस पार्क का मतलब यही था कि यहां पर मसाले तैयार होने थे। उनकी पैकिंग होनी थी और यह सारा काम इसी स्पाइस पार्क में प्रस्तावित था। अब फिर से इसकी उम्मीद जगी है। अब करोड़ों का बजट हिमाचल सरकार किसके लिए मुहैया करवाएगी, जिसका बजट में भी प्रावधान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बजट स्पीच में इसका जिक्र भी किया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि नादौन में इसे खोला जाएगा? उनका कहना था कि हमीरपुर जिला में शुरू होगा। स्थान वही रहेगा, इस पर आशंका कोई नहीं है।

**बजट में नादौन में वैलनेस सेंटर खोलने का भी किया प्रावधान**



नादौन में वैलनेस सेंटर खोलने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। इसका मतलब साफ है कि यहां स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के अलावा ब्यास नदी पर नौका विहार, स्पोर्ट्स की कई अन्य गतिविधियां भी अब जुड़ेंगी। उधर, भोरंज और नादौन में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित करने के ऐलान से भी लोगों को फायदा होने वाला है। मेडिकल कॉलेज के लिए कैथ लैब की घोषणा भी की गई है। हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण तो हो ही रहा है और ब्लड बैंक की इसीलिए जरूरत भी और ज्यादा है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### औंद गांव की रागनी देवी राष्ट्रीय पेचक सिलाट प्रतियोगिता में करेगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**भूषण शर्मा, नूरपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में अस्मिता खेलो इंडिया द्वारा 9 अप्रैल से 13 अप्रैल तक करवाई जा रही सब जूनियर राष्ट्रीय पेचक सिलाट प्रतियोगिता में नूरपुर के औंद गांव की रागनी देवी पुत्री रवि कुमार प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। रागनी देवी शिवा पब्लिक मॉडल स्कूल कोपड़ा में सातवीं कक्षा में पढ़ती है और हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी नूरपुर में प्रशिक्षण लेती है। हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी नूरपुर के कोच अजय कुमार ने बताया कि रागनी देवी श्रीनगर में नवंबर 2024 में हुई राष्ट्रीय पेचक सिलाट प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुकी है। वह राज्य स्तरीय पेचक सिलाट प्रतियोगिता मंडी से स्वर्ण पदक जीत चुकी है और अब राष्ट्रीय पेचक सिलाट प्रतियोगिता टीम में शामिल होकर प्रदेश का नाम रोशन करेगी। (अनंत ज्ञान)

### मनीषा लांबा ने पंडित विपन को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, जवाली।** नई दिल्ली पीरागढ़ी प्रीशियस फॉरेवर वेंकट हाल में स्टार अचीवर अवॉर्ड सीजन 16 का आयोजन टैरोट क्वीन मीनू शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश से जवाली के प्रसिद्ध ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा को उनके कार्यक्षेत्र को देखते हुए बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा लांबा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पंडित विपन शर्मा को कई अमीषा पटेल, दीपशिखा नागपाल, अदिति गोवित्रिकर, शहनाज पद्मसी, भाग्यश्री बॉलीवुड हस्तियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

### टांडा कॉलेज में मनाया विश्व ग्लूकोमा सप्ताह

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में नेत्र विज्ञान विभाग ने नौ मार्च से 15 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया। इस बार विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का विषय था 'ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना'। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्लूकोमा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और दृष्टि हानि को रोकने के लिए शीघ्र पता लगाने और उपचार को प्रोत्साहित करना है। इस अवधि के दौरान विभाग ने छात्रों के लिए एक पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया और ग्लूकोमा पर सूचनात्मक पोस्टर बनाए जो ओपीडी परिसर में प्रदर्शित किए गए। सलाहकारों और वरिष्ठ निवासियों ने आम जनता को ग्लूकोमा पर एक संक्षिप्त बातचीत भी दी।

### परिवारों में बुजुर्गों की अहमियत को समझें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के पंजाबी एवं डोगरी विभाग की ओर से 'संभाल लो मापे, रब मिल जाएगा आपे' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन धौलाधार परिसर-एक में किया गया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता प्रसिद्ध लेखक अविनाश राय खन्ना ने शिरकत की। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि भारत अपनी संस्कृति के कारण देश-विदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए है। संयुक्त परिवारों की परपंरा का जिस तरह से भारत में प्रचलन है उसके विदेशों में उदाहरण दिए जाते हैं। यह दुर्भाग्य है कि यह प्रचलन अब पश्चिमी सभ्यता की देखादेखी में कम होता जा रहा है। यह ठीक नहीं है। हमारी पहचान 'मैं' से नहीं 'हम' से होती है। उन्होंने हमारे जीवन में संयुक्त परिवार प्रणाली की अहमियत के बारे प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता और बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत करने और उनकी सेवा करने का आग्रह किया।

### श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मेला 30 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मेला कमेटी की विशेष बैठक मेला कमेटी के प्रधान वोबी गोस्वामी की अध्यक्षता में की गई, जिसमें यह महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए कि 30 अप्रैल से 2 मई तक होने वाला तीन दिवसीय मेला जो मां चामुंडा देवी में मनाया जाता है, वह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मेले का विशेष आकर्षण महिला कुश्ती और महिलाओं की रस्सा कस्सी की प्रतियोगिता होगी। पुरुष पहलवानों की कुश्ती के फाइनल में विजेता पहलवान को 31 हजार और उपविजेता को 21 हजार तय की गई है। रस्साकशी में विजेता टीम को 5100 और उपविजेता टीम को 3100 रुपए इनाम दिया जाएगा। मेला कमेटी के द्वारा लकी ड्रॉ भी निकाला जाएगा, जिसमें इस बार 14 इनाम होंगे, जिसमें स्कूटी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन इत्यादि दी जाएंगी।

### ढांक से गिरी बाइक, दो गंभीर रूप से घायल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पपरोला-उतराला सड़क पर सीतारमणी आश्रम मार्ग के पास बड़ी ढांक से क्रैश बैरियर न होने के कारण दो बाइक सवार गहरी खाई में गिर गए। दोनों युवक प्रवासी मजदूर बताए जा रहे हैं। उन्हें बैजनाथ अस्पताल ले जाया गया है। उल्लेखनीय है कि उतराला रोड़ में बड़ी खाई होने के बावजूद क्रैश बैरियर या तो टूट गए हैं या तो सड़क के लेबल में आ गए हैं। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग कोई कदम नहीं उठा रहा, जबकि यहां पर हमेशा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

### बजट में शोर ज्यादा, धरातल पर कुछ नहीं : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला ।** प्रदेश भाजपा पार्टी के प्रवक्ता संजय शर्मा ने धर्मशाला में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार तीसरी बार अपने ही बजट में फेल हुई है। ग्रीन हिमाचल को लेकर सरकार के बजट में शोर ज्यादा था, परंतु धरातल पर यह बजट ठन-ठन गोपाल वाला रहा। बजट में किसानों, बागवानों, युवाओं, बेरोजगारों, महिलाओं व आम वर्ग को कोई राहत नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं पर बजट फेल युवा है। बजट में ऐसा कोई वादा पूरा होता नजर नहीं आया है जो सरकार ने प्रदेश की जनता से किया था। यह बजट आंकड़ों का मायाजाल है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केंद्र की योजनाओं को अपना नाम देने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार का अभारी प्रकट करना चाहिए कि वित्तिय संकट के बावजूद प्रदेश को पूरी मदद व राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा पेश किया गया बजट जनता को गुमराह करने वाला बजट है। इस बजट में न तो दृषिकोण ओर है न दिशा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से झूठी गारंटियों के सहारे कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई है, उसी प्रकार से इस बजट में जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। परंतु जनता बार-बार गुमराह नहीं होगी।

# कांगड़ा जिले में 10 सालों में पकड़ा 15.639 किलो चिट्टा

## पुलिस ने 3247 लोगों को किया गिरफ्तार, 2418 मामले दर्ज : एसएसपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में कांगड़ा पुलिस ने पिछले 10 सालों में चिट्टे के 2418 मामले दर्ज किए हैं। इसमें सबसे ज्यादा साल 2023 में चिट्टे के मामले दर्ज किए गए हैं और इस साल 2025 में फरवरी माह के अंत तक 76 मामले दर्ज किए गए हैं। दस सालों में पुलिस ने कुल 15.639 किलो चिट्टा पकड़ने में सफलता हासिल की है। इन चिट्टे के मामलों में अभी तक 3247 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

वर्ष 2023 में सबसे अधिक यानी 468 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अगर इस साल 2025 की बात की जाए तो फरवरी माह के अंत तक 134 लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। जिला कांगड़ा की एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि इन वर्षों में जिला कांगड़ा में 282.022 किलो चरस को भी पुलिस द्वारा पकड़ कर नष्ट किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से जिला कांगड़ा में चिट्टे के मामले बढ़ रहे है। उसको देखते हुए ऐसा लगता है कि अब इस विषय पर चर्चा करना जरूरी है और इसी कड़ी में जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा जिला के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जाकर पुलिस के अधिकारी युवाओं को इस चिट्टे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भी लोगों और युवाओं को जागरूक किया जाता है।

### वर्ष 2015 में 93 और 2024 में 228 मामले हुए थे दर्ज



**अग्निहोत्री** ने बताया कि वर्ष 2015 में कुल 93 मामले दर्ज हुए हैं और 107 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 305 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2016 में 266 मामले और 338 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 196 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2017 में 245 मामले दर्ज किए गए है और 311 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 666.73 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2018 में 270 मामले दर्ज किए गए है और 311 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 646.51 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2019 में 259 मामले दर्ज किए गए है और 322 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 848.85 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2020 में 301 मामले दर्ज किए गए है और 422 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 01.75 किलों चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2021 में 194 मामले दर्ज हुए है और 265 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 1.21 किलो चिट्टा बरामद किया गया। वर्ष 2022 में 170 मामले दर्ज किए गए गया 226 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 1.32 चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2023 में 316 मामले दर्ज किए गए है और 468 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 5.26 किलो चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2024 में 228 मामले दर्ज किए गए है और 368 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 2.65 किलो चिट्टा बरामद किया गया है। वही अगर इस साल 2025 की बात की जाए तो अभी तक फरवरी माह के अंत तक 76 मामले दर्ज किए गए हैं और 134 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 843.9 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है।

### फतेहपुर के दो युवकों पर बटाला में फायरिंग एक की मौके पर मौत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के भिन-भिन्न क्षेत्रों के दो युवकों पर पंजाब के बटाला में अज्ञात लोगों द्वारा गोलियां चला दी गईं। एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल बताया जा रहा है। सोमवार मिली जानकारी अनुसार फतेहपुर की पंचायत नगाल का युवक केवल सिंह पुत्र फिरंगी व हाड़ा का युवक रवि पुत्र गिरधारी बटाला के एक पेट्रोल पंप पर काम करते थे। रात को करीब आठ बजे कुछ अज्ञात बाइक सवारों ने बाइक में पेट्रोल डलवाया व बाद में किसी बात को लेकर केवल सिंह के साथ झड़प हो गई। अज्ञात लोगों ने केवल पर गोली चला दी, जिस कारण उसकी मौत हो गई। इतने में ही दूसरा युवक रवि बाहर निकला जिस पर भी उन्होंने गोली चला दी, जिस कारण वह भी घायल हो गया। इतने में अज्ञात बाइक सवार वहां से भाग निकले। वहीं पंजाब पुलिस छानबीन में जुट चुकी है। मृतक का सोमवार को अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे पत्नी व दो छोटे बच्चे छोड़ गया है।

**दूसरा युवक बुरी तरह से घायल**

### हैप्पी बर्थडे



बढ़ूही (ऊना) की माही को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### खुंडियां भाजपा मंडल ने की परिचय बैठक

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक जिला देहरा (12) के खुंडियां मंडल की परिचय बैठक पूर्व मंत्री ठाकुर रविंद्र सिंह रवि व प्रदेश प्रवक्ता उमेश दत्त शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में जिला अध्यक्ष अजय वहुटा, खुंडियां मंडल अध्यक्ष संजय राणा, पूर्व अध्यक्ष मान सिंह राणा, सरिता धीमान तथा समस्त मंडल कार्यकारिणी पदाधिकारी ने परिच्यातमक बैठक में हिस्सा लिया। इस अवसर पर पार्टी के 6 कार्यक्रमों की चर्चा की गई तथा नवगठित नई कार्यकारिणी का मार्गदर्शन भी किया गया।

### गद्दी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिलाने में किशन कपूर का अहम योगदान : खन्ना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने स्व. किशन कपूर के निजी निवास पर जाकर उनके परिवारजनों भेंट कर पूर्व सांसद किशन कपूर के निधन पर दुख जताते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया। खन्ना ने किशन कपूर को जनसंघ से जुड़ा नेता बताते हुए कहा कि वह मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। गद्दी समुदाय को ट्राइबल का स्टेटस दिलाने में उनका बड़ा योगदान रहा है।

किशन कपूर की शिक्षा खनियारा और धर्मशाला में हुई थी। किशन कपूर तीन बार राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। एक बार लोकसभा सांसद रहे। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ते रहे और पांच बार विधायक रहे। भाजपा परिवार ने एक बड़े नेता को खोया है, इस क्षति की भरपाई असंभव है। किशन जी ने बतौर मंत्री प्रदेश के विकास एवं जनता के कल्याण के लिए अहम भूमिका निभाई है, उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। इस आप सर पर खन्ना का उनके बेटे शाश्वत कपूर से मिलना हुआ।

### 35.55 लाख में बिका सलियाना मेला ग्राउंड

**अनंत ज्ञान पंचरुखी।** पंचरुखी के ऐतिहासिक छिंज मेला के ग्राउंड के टेंडर सोमवार को खोले गए, जिसमें चार लोगों ने ही टेंडर भरे थे। प्रशासन ने न्यूनतम बोली अठाईस लाख रखी थी। सबसे ज्यादा बोली रमेश कुमार ने पैंतीस लाख पचपन हजार देकर मेला ग्राउंड का टेंडर प्राप्त कर लिया। मेला कमेटी इंचार्ज व तहसीलदार एवं वीडीओ पंचरुखी डॉ. अंजली गर्ग ने ब्लॉक परिसर पंचरुखी में टेंडर खोले व सबसे ज्यादा बोलीदाता को टेंडर दिया। डॉ. अंजली गर्ग ने बताया कि पहले राजस्व विभाग मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानों का आवंटन करता था पहली बार इसका टेंडर किया गया। पिछले वर्ष हमें मेला ग्राउंड से 26 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ था, जिसे दस प्रतिशत बढ़ाकर इस बार 28 लाख किया था, जिसमें सबसे ज्यादा बोली पैंतीस लाख पचपन हजार दी गई। उन्होंने कहा कि जिन्हें टेंडर मिला है उन्हें कुल बोली की आधी राशि आज ही जमा करवानी होगी बाकी शेष राशि 28 मार्च तक जमा करवानी पड़ेगी।

### स्ट्रोक के लक्षण दिखें तो तुरंत पहुंचें अस्पताल : डॉ. आशीष

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

स्ट्रोक के कारण अक्सर होने वाले पैरालिसिस का अब नूरपुर सिविल अस्पताल में समय पर इलाज उपलब्ध है। नूरपुर अस्पताल में स्ट्रोक के इलाज के लिए अस्पताल में तैनात विशेषज्ञ डॉ. आशीष द्वारा अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर्स को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। डॉ. आशीष ने बताया कि आजकल की जीवनशैली में लोगों को स्ट्रोक के बारे में जागरूक होना जरूरी है। स्ट्रोक के कारण अक्सर पैरालिसिस हो जाता है, जो व्यक्ति के जीवन को पूरी तरह से बदल देता है। अब नूरपुर अस्पताल में इस बीमारी का समय पर इलाज उपलब्ध है, जिसमें टीपीए (टिश्यू प्लास्मिनोजन एक्टिवेटर) इंजेक्शन दिया जाता है, जो सरकार द्वारा मुफ्त में उपलब्ध करवाया गया है। यह इंजेक्शन स्ट्रोक के कारण होने वाले नुकसान को कम करने में मदद करता है। यदि मरीज 4:30 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचता है, तो इलाज संभव है। इसलिए, यदि स्ट्रोक के लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत अस्पताल पहुंचें और समय पर इलाज कराएं।

#### फास्ट मेमोनिक से जाने लक्षण

**स्ट्रोक** के लक्षणों को आसानी से याद रखने के लिए फास्ट मेमोनिक का उपयोग किया जा सकता है। **एफ :** चेहरे पर कमजोरी (फेस), **ए :** हाथ या पैर में कमजोरी (आर्म), **एस :** बोलने में परेशानी (स्पीच), **टी :** समय पर इलाज की आवश्यकता (टाइम)।

### धुम्मू शाह मेला : नौ अप्रैल को छोटी और 10 को बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

इस वर्ष 8 अप्रैल को झंडा रस्म से साथ दाड़ी के धुम्मू शाह मेले का भव्य आगाज होगा। 8 से 15 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में 9 अप्रैल को छोटी माली, 10 अप्रैल को बड़ी माली, 11 अप्रैल को पुरस्कार वितरण तथा 12-13 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेला अधिकारी व एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मेला आठ अप्रैल से लेकर 15 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। मेले में कुश्तियों सहित बच्चों के लिए झूले इत्यादि लगाए जाएंगे, जिससे सभी लोग इसका भरपूर लुत्फ उठा सकें। इसके अलावा लोगों के मनोरंजन के लिए दो दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि दाड़ी में होने वाला धुम्मू शाह मेला क्षेत्र के बड़े उत्सवों में से एक है और इसमें लगभग पूरे धर्मशाला सहित बड़ी संख्या में साथ के इलाकों के लोग भी आते हैं।

उन्होंने कहा कि मेले के दौरान सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हों इसको लेकर प्रशासन द्वारा विभिन्न कमेटियों का गठन भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दाड़ी मेले का आयोजन परंपरा के अनुसार विधिवत हो इसके लिए सारे इंतजाम किए जा रहे हैं।

### 12 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र जारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ वन रेंज, पालमपुर वन मंडल में चयनित 12 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन वन मित्रों के लिए ज्वाइनिंग की प्रक्रिया 16 से 30 अप्रैल तक रेंज कार्यालयों में पूरी की जाएगी। वन मित्रों के लिए 1 मई से 7 मई को दोपहर 2 बजे से उनके लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो उसी दिन शाम 4 बजे समाप्त होगा। इसी दिन मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल मोड में इन वन मित्रों को हरी झंडी दिखाकर उनके कार्यस्थल के लिए रवाना किया जाएगा। सरकार द्वारा यह पहल वन संरक्षण एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

### वन परिक्षेत्र अधिकारी ने मलां में वन मित्रों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

वन परिक्षेत्र मलां में वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष कपूर द्वारा 14 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इसमें आठ लड़कियां व 6 लकड़े शामिल हैं।

ज्वाइनिंग के लिए सभी वन मित्रों को निर्देश दे दिए गए हैं कि उन्हें 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक वन परिक्षेत्र मलां में ज्वाइनिंग रिपोर्ट देनी होगी। ज्वाइनिंग के समय मेडिकल सर्टिफिकेट व एक एफिडेविट जमा करना होगा। वन मित्र की नियुक्ति पूरी तरह अस्थायी है और इनको 10,000 रुपए महीना मानदेय दिया जाएगा। एक मई से सात मई तक इन सभी को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### धारकंडी कांग्रेस ने जताया प्रदेश सरकार का आभार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रिडकमार में धारकंडी कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शशिपाल शर्मा व जिला परिषद सदस्य रितिका शर्मा भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएचसी दरीनी का दर्जा बढ़ाने और कनिष्ठ अभियंता जल शक्ति विभाग का कार्यालय खोलने पर उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। कमेटी ने दरीनी-झुनैना सड़क, लग-बतूनी सड़क के लिए 14 करोड़ मंजूर करने, भनाला दरीनी सड़क के लिए 18 करोड़ और रिडकमार-कुठारना सड़क के लिए 6 करोड़ रुपए के लिए भी आभार जताया। इस मौके पर राजिंद्र शर्मा उप प्रधान दरिनी, पूर्व प्रधान निर्मल सिंह भलेड, उपप्रधान रूहल्ड ओम चंद, पप्पू राम उप प्रधान हार वोह, पूर्व प्रधान जोधा राम, पूर्व प्रधान निर्मल सिंह सल्ली, बिहारी लाल, जय करण, शुभ करण, निक्कू राम, वरयाम सिंह, राकेश कुमार, प्रभात जरियाल सोहन लाल मेहर सिंह अशोक इंडियन यूथ कांग्रेस शाहपुर ब्लॉक सदस्य, जनरल सेक्रेटरी निखिल शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### अभिज्ञा बैंड, सुजाता व सुनील के नाम रही धीरा होली मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान, डरोह।** जिला स्तरीय धीरा होली मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या अभिज्ञा बैंड, सुजाता भारद्वाज, सुनील चौहान, अंकित केवट के साथ स्थानीय नन्हे कलाकारों के नाम रही। रविवार को आयोजित दूसरी सांस्कृतिक संध्या में धीरा के एसडीएम सलीम आजम बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। सा रे गा मा फेम सुनील चौहान ने अनेक हिंदी पहाड़ी गाने गाकर उपस्थित जनसमूह को नाचने पर विवश कर दिया। स्थानीय कलाकार अंकित केवट के पंजाबी गाने को भी जनता ने खूब सराहा। धीरा की जन्नत गुप्ता के डांस को भी जनता ने खूब तालियां बजाईं।

### बजट हिमाचल प्रदेश के समग्र विकास को समर्पित : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए बजट पर पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि यह बजट जिले को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने और आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की एक विस्तृत योजना लेकर आया है। उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया ने कहा कि बजट जिले के किसानों, पशुपालकों, छात्रों, महिलाओं, बुजुर्गों और पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए असीम संभावनाओं का पिटारा है। विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट भाषण में महिलाओं को अधिमान देते हुए जिले में कामकाजी महिलाओं की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य पालमपुर, लुथान, नगरोटा बगवां और चनौर इंडस्ट्रियल एरिया में महिला छात्रावास के निर्माण करने की घोषणा की है, जोकि सराहनीय है। ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न ने भी बजट में की गई घोषणाओं को सराहा है।

### ज्वालामुखी कांग्रेस ने की बजट की सराहना

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी कांग्रेस ने बजट की सराहना की है। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सचिन ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू द्वारा पेश किया बजट सराहनीय है। सचिन ठाकुर ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा जारी अपने तीसरे बजट में प्रदेश को नई दिशा प्रदान करने के लिए बजट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बजट में आम वर्ग दुकानदार ,मजदूर वर्ग को राहत प्रदान करने वाला बजट है । इस बजट से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान होगी। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे। जिला कांगड़ा में चार गर्ल्स हॉस्टल, ज्वालामुखी विधानसभा में विद्युत विभाग के 33केवी व 11केवी के 6 सब-स्टेशन खोले जाएंगे। गौरतलब है कि माता ज्वालादेवी मंदिर के सौंदर्यकरण के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया। शानदार बजट के लिए ज्वालामुखी विधानसभा की जनता ने सरकार का आभार व्यक्त किया है ।

**परिचर्चा** | बजट पर युवा बोले, प्रदेश सरकार युवाओं से किए वादों को पूरा नहीं कर पाई, रोजगार के लिए कुछ नहीं

## सुक्खू के बजट से युवाओं और बेरोजगारों में निराशा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

प्रदेश सरकार ने अपने बजट में युवाओं के रोजगार को लेकर कोई बड़ी घोषणा नहीं कर पाई है। सुक्खू सरकार के बजट से युवाओं व बेरोजगारों के हाथों में निराशा आई है। कांग्रेस ने चुनावों से पहले युवाओं को मंत्रीमंडल की पहली बैठक में एक लाख रोजगार देने का झूठा वादा किया था तथा अढ़ाई साल बीत जाने के बाद भी प्रदेश सरकार युवाओं से किए अपने वादे को पूरा नहीं कर पाई है। (अनंत ज्ञान)

### बजट में युवाओं व बेरोजगारों के लिए विशेष पैकज लाना चाहिए था: रितिक



**प्रदेश** हाईकोर्ट के युवा एडवोकेट रितिक पालसरा का कहना है कि सरकार का बजट युवाओं के लिए कोई मायने नहीं रखता। उन्होंने कहा कि सरकार को बजट में युवाओं व बेरोजगारों के लिए विशेष पैकज लाना चाहिए था। जिस क्षेत्र में युवा पढ़ाई कर रहा है, उसको इसी क्षेत्र में नौकरी भी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि जो योजनाएं सरकार के द्वारा चलाई गई है, युवाओं को उनका लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। इसलिए प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करवाने का काम करे। युवा धरने-प्रदर्शन करे रहे हैं। बच्चे घर से दूर जाकर पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन उनको नौकरियां प्रदान नहीं की जा रही हैं।

### प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करवाने में नाकाम : पंकज सूर्यवंशी



**बजट** पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पंकज सूर्यवंशी ने कहा कि सरकार को सभी को युवाओं के बारे में सोचना चाहिए और उन्हें स्थायी रोजगार उपलब्ध करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी के लिए एक समान बजट पेश नहीं किया, सरकार ऐसे बजट पेश कर रही है, जिससे युवाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जिन योजनाओं को चलाने की बात कही है, युवाओं उसका कोई लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करवाने में नाकाम रही है।

### बजट में युवाओं की अनदेखी : शुभम



**शुभम** पटियाल ने कहा कि युवाओं के साथ एक बार फिर प्रदेश सरकार ने बजट में अनदेखी की है। युवाओं को सबसे ज्यादा उम्मीद थी कि इस बजट में बेरोजगारी को दूर करने के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा और रोजगार के लिए सरकार नई योजनाओं को लेकर बजट में विशेष प्रावधान करेगी, लेकिन इस बार भी पिछले बार की तरह बजट में सरकार ने युवाओं को अंधेरे में रखा है, उनके विश्वास को तोड़ा है।

### सरकार ने युवाओं को केवल ठगा : शक्ति शर्मा



**शक्ति** शर्मा बजट को लेकर कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे तो बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। विद्यार्थी रात-दिन मेहनत करके परीक्षा क्वालीफाई करता है तो उसको गेस्ट टीचर के नाम पर भर्ती किया जाता है। क्या प्रदेश सरकार इनके लिए कोई स्थायी नीति नहीं ला सकती है? क्या इन युवाओं के लिए कोई स्थायी पॉलिसी नहीं ला सकती है? प्रदेश सरकार ने चुनावों से पहले जो रोजगार देने का वादा किया था, उसके नाम पर भी बस युवाओं को ठगा गया है।


Form No.3 [See Regulation-15 (1)(a)]/ 16(3)

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 1)**
2nd Floor SCO 33-34-35 Sector-17 A, Chandigarh

Summors under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.

Exh.No.: 26831 SUMMONS Case No.: OA/1425/2023

**HDFC Bank Vs Dinesh Kumar**

1. Dinesh Kumar S/o Mohinder Singh R/o Village Sub PO Karassa, Mandarli 82, Tehsil Rohru District Shimla, Himachal Pradesh-171207
2. Hardev Singh Sudharta S/o Sadh Ram R/o Village Sub Po Karassa, Mandarli 82, Tehsil Rohru District Shimla, Himachal Pradesh-171207

WHEREAS, **OA/1425/2023** was listed before Hon'ble Presiding Officer/ Registrar on **11/02/2025.** WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said application under section 19(4) of the Act. (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 37,19,212.94/-**(Application along with copies of documents etc. annexed). In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service or summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii), to disclose Particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii), you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the Application for attachment of properties;
(iv). you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v).you shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and Properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before **Registrar on 27/03/2025 at 10:30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: **13/02/2025** Sd/-
**Signature of the officer Authorised to Issue Summons.**

## न्यूज ब्रीफ

### मडाह में बने चार ढारे जलकर हुए नष्ट

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल तहसील के अंतर्गत सरांह-पुलबाहल मार्ग पर मडाह में सड़क किनारे बने चार ढारे जल कर नष्ट हो गए । इन ढारो में ढाबे व दुकानें चल रही थी। उपरोक्त ढारे चूड़धार यात्रा के दौरान गर्मियों के दिनों में रात-दिन खुले रहते है। सर्दियों के दिनों में दिन के समय ही कुछ ढाबे खुलते है और कुछ ढाबे सर्दियों के दिनों में बंद ही रहते है। जानकारी अनुसार इस आग से कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन ढारो में रखा पूरा सामान जल कर नष्ट हो चुका है। आग लगने के कारणों का फिलहाल कोई पता नहीं चल पाया है। उधर एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने कहा कि संबंधित पटवारी को मामले में जांच के आदेश दिए गए है और प्रभावितों को राहत के तहत मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

### भाजपा ने संगठन को पढ़ाया मजबूती का पाठ

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** भारतीय जनता पार्टी चौपाल मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष कुलदीप मेहता की अध्यक्षता में चौपाल में हुई। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में चौपाल विधानसभा के विधायक बलबीर सिंह वर्मा और भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शिशु धरमा उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक बलबीर वर्मा ने कार्यकर्ताओं से संगठन के मूल विचार के लिए काम करने का आग्रह किया व पार्टी के सिद्धांत के विषय में महत्वपूर्ण प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा नेता शशी दत्त शर्मा, सीमा मेहता, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता दीपक पनाईक, मंडल अध्यक्ष कुलदीप मेहता, महामंत्री विक्रम शर्मा, देवदत्त शर्मा, लायक राम शर्मा, राजेन्द्र चौहान, मोहि राम मेहता, गोविन्द शर्मा, दिलीप सुमन आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### महाकुंभ से लौटे श्रद्धालुओं के लिए कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महासू द्वारा परिवार प्रबोधन कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम विशेष तौर पर महाकुंभ से लौटे शाही स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के सम्मान के लिए रखा गया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संयोजक एवं परिवार प्रबोधन, जिला प्रमुख, स्वयं सेवक संघ के सह जिला कार्यवाह भगत चंद, विभाग धर्म जागरण संयोजक श्याम डमाल, प्रचार प्रमुख मनोहर शर्मा सहित लगभग 350 सनातनी हिन्दू महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भगवत गीता तथा परिवार प्रबोधन निशुल्क विस्तृत की गई।

### उपमुख्यमंत्री ने बंबर ठाकुर का कुशल-क्षेम जाना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज आईजीएमसी, शिमला पहुंचकर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का कुशल-क्षेम जाना। बंबर ठाकुर 14 मार्च को बिलासपुर में गोली लगने से घायल हो गए थे। उप-मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके उपरांत श्री अग्निहोत्री ने आईजीएमसी की प्रधानाचार्य सीता ठाकुर के कार्यालय में अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधायक आशीष बुटेल, भवानी सिंह पठानिया व हरदीप सिंह बावा भी उप-मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित थे।

### तेंदुए के हमले में बाल बाल-बचा नेपाली मजदूर

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** झिकनीपुल और आसपास के क्षेत्र में आए दिन तेंदुए द्वारा इंसानों पर हो रहे हमले से क्षेत्र में दहशत है। सोमवार को भी देन्दुए ने एक नेपाली मजदूर पर हमला बोल दिया। जानकारी अनुसार तहसील चौपाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवत व झिकनीपुल के साथ ही लोअर बटेवड़ी स्थित रिटायर्ड कर्नल गोविंद पांटा के घर के साथ चीड़ के जंगल में एक नेपाली मजदूर दीपक पुत्र नर बहादुर पर तेंदुए द्वारा जानलेवा हमला कर दिया गया। दीपक तेंदुए के चंगुल से तो सुरक्षित बच गया, लेकिन उसकी पीठ पर रखे बैग को तेंदुआ छीन कर ले गया। इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन व वन विभाग तथा सुरक्षा कार्यालय शिमला को भी दी जा चुकी है।

### आत्मनिर्भरता वाला है तीसरा बजट : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार का तीसरा बजट हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भरता के साथ-साथ प्रदेश की जनता के लिए नए प्रतिमान स्थापित करने वाला है। इस बजट में पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्यों का मानदेय बढ़ाया गया। वहीं, गाय और भैंस के समर्थन मूल्य पर 6 रुपये की वृद्धि के साथ-साथ युवाओं को नए स्टार्टअप योजना की शुरुआत भी की गई है। नए वित्तीय वर्ष में पर्यटन को बढ़वा देने के लिए 3000 करोड़ की राशि का प्रावधान और प्रदेश में पौधरोपण की नई योजना के तहत महिला मंडलों और युवक मंडलों के 2.40 लाख रुपये की व्यवस्था करना सराहनीय कार्य है।

### सानिया व कोमल की सबसे सुंदर रंगोली



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** महाविद्यालय घुमारवीं में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नितिन चड्डा की अध्यक्षता में रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य शालू रनौत मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। शालू रनौत ने कहा कि वे जल्द ही महाविद्यालय घुमारवीं में लगभग 90,000 रुपए के बेंच एनएसयूआई के नाम से दान करेंगे। रंगोली प्रतियोगिता में सानिया और कोमल ने प्रथम, नेहा और सुनैना ने द्वितीय और तृतीय स्थान खुशी और अंशिका ने प्राप्त किया। इसके साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता में आरती और पलक ने प्रथम, कंचन और नेहा द्वितीय, रुचिका और तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर एनएसयूआई के साथी जतिन राणा गर्ल्स प्रेसिडेंट शिवानी महाजन, बादल, सुशांत, नेहा, सृष्टि, शगुन, कृति, कंचन, दीक्षा, शिवानी, तनु आदि एनएसयूआई के साथी उपस्थित रहे।

### आबकारी दुकानों/यूनिटों की नीलामी 21 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उप-आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए जिला बिलासपुर की आबकारी दुकानों/यूनिटों की निविदा व नीलामी प्रक्रिया का आयोजन 21 मार्च को जिला परिषद हॉल में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक निविदाकर्ता 20 मार्च को 9 बजे से सायं 6 बजे तक अपने निविदा आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति उप-आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी, बिलासपुर के कार्यालय में 01978-222309 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सिक्योरिटी गार्ड के लिए इंटरव्यू 22 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने बताया कि 22 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय में एसआईएस सिक्योरिटी, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों के लिए 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास तथा न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी व 55 से 95 किग्रा होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मासिक मानदेय 15 हजार से 17 हजार रुपये दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 से 40 आयुवर्ग के केवल पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 22 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय में पंहुच कर कैंपस इंटव्यू में भाग ले सकते है। जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 98168-13693 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पंजाबी गायक अखिल 20 को मचाएंगे धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का आयोजन 17 से 23 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें 20 मार्च से 23 मार्च तक सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। पहली सांस्कृतिक संध्या में 20 मार्च को प्रसिद्ध पंजाबी गायक अखिल अपनी प्रस्तुति देंगे। पंजाबी और बॉलीवुड में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके अखिल की लोकप्रियता देश-विदेश में फैली हुई है, विशेष रूप से युवाओं में उनका खासा क्रेज है। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। उन्होंने बताया कि लोगों की डिमांड पर पहली बार जिला बिलासपुर की पहली सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी कलाकार को बुलाया जा रहा है।

# सुक्खू के बजट से कुछ निराश, कुछ में जगी आस

अनंत ज्ञान बजट परिचर्चा

### नई सोच वाला है सुक्खू का बजट : देवेंद्र

**शिमला।** कांग्रेस के नेता पूर्व महासचिव देवेंद्र बुशहरी ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट को नई सोच की दिशा में प्रदेश को आत्मनिर्भर की दिशा में आगे बढ़ने के साथ ऐतिहासिक बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए देवेंद्र बुशहरी ने कहा है कि बजट में हर वर्ग को राहत देते हुए बेरोजगार युवाओं को रोजगार के द्वार, कर्मचारियों को डीए व आउटसोर्स, दिहाड़ीदार कर्मचारियों व नगर निकाय व ग्राम पंचायतों के सभी सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी का निर्णय सराहनीय है। इस बजट के लिए मुख्यमंत्री व प्रदेश की कांग्रेस सरकार को बधाई दी है।

### आत्मनिर्भर हिमाचल का सबसे बेहतर बजट : मुंगटा

**जुब्बल।** जिला परिषद सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कौशल मुंगटा ने इस बजट को आत्मनिर्भर हिमाचल का सबसे बेहतरीन बजट करार दिया है। उन्होंनें बताया कि केंद्र के सौतेले व्यवहार के बावजूद व केंद्र सरकार द्वारा लगातार आर्थिक असहयोग के बावजूद एवं प्रदेश 90 हजार करोड़ रुपए के कर्ज तले दबे होने के बावजूद भी यह बजट हिमाचल का पहला आत्मनिर्भर बजट है। ऐसा इसलिए क्योंकि हिमाचल ने धीरे-धीरे ही सही अब अपने पैरों पर खड़ा होना शुरू किया है। आज प्रदेश जिस स्थिति में है वह सबके सामने है।

### बजट पंचायती चुनावों पर चुनावी स्टंट : भाटिया

**शिमला।** संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने कहा है कि वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कांग्रेस सरकार के द्वारा सोमवार को जो विधानसभा सत्र में बजट पेश किया गया है, वह पूरी तरह इस साल होने वाले पंचायती राज के चुनावों को मध्य नजर रखते हुए केवल मात्र चुनावी स्टंट है किसी भी घोषणा पर पूरी तरह पार्दरशिता नहीं है।

### बजट मजदूरों की आकांक्षाओं के खिलाफ : सीटू

**शिमला।** सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम का कहना है कि हिमाचल सरकार का बजट मजदूरों कर्मचारियों की आकांक्षाओं के खिलाफ है। आत्मनिर्भर हिमाचल की बात करने वाले बजट में मजदूरों कर्मचारियों की काम चलाऊ बात करना और वह भी बजट पुस्तिका के अंतिम पन्नों में करना ही बजट की दिशा को बताता है। सरकार के एजेंडे से मजदूर कर्मचारी गायब हैं।

### रोजगार का नहीं कोई प्रावधान : सीपीआई

**शिमला।** सीपीआई (एम) लोकल कमेटी शिमला ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट की दिशा सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण करने की ओर जाती है। बजट में बेरोजगारों के लिए स्थाई रोजगार देने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।आउटसोर्स वर्कर्स मल्टीटास्क वर्कर्स वह अन्य पार्ट टाइम वर्कर्स के लिए स्थाई करने की नीति के बारे में बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बजट में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए कोई घोषणा नहीं की गई है। राशन को सुचारु करने के लिए कोई घोषणा नहीं कि है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने पेश किया ऐतिहासिक बजट : नरदेव

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक बजट पेश किया। यह बजट प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और इसमें समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान को प्राथमिकता दी गई है। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने इस बजट को ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट विशेष रूप से युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, अकेली महिलाओं, किसानों, महिला मंडलों और युवक मंडलों के कल्याण को समर्पित है।

## ध्वस्थ कानून व्यवस्था के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में विधान परिषद के विधानसभा परिसर में प्रदेश में कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस तरीके से गैंगवॉर हो रही है, पहले हिमाचल प्रदेश में ऐसी कोई चीज नहीं हुई थी। भाड़े पर शूटर बुलाकर गोलियां चलवाना यह हिमाचल की परंपरा नहीं है।

सरकार सभी दोषियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई करें जिससे भविष्य में इस तरीके का काम करने की हिम्मत फिर कोई कभी न कर पाए। के साथ उन्होंने कहा जिस प्रकार से प्रदेश में खालिस्तान झंडा लगाकर लोग घुस रहे हैं और विरोध करने पर स्थानीय लोगों के खिलाफ अराजकता कर रहे हैं वह भी शर्मनाक है।




#### कहा-मुख्यमंत्री दें कानून व्यवस्था पर ध्यान

ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जरूरत है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार मुर्गे पर एफआईआर करवा रही है समोसे पर एफआईआर करवा रही है, सीआईडी से अपने नेताओं और विपक्ष के नेताओं की जासूसी करवा रही है। मुख्यमंत्री को प्रदेश के कानून व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए।

## डिग्री कॉलेज कोटी में आरंभ होगी बीएड कक्षाएं : अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस मौके पर शैक्षणिक, खेल, एनएसएस और सांस्कृतिक गतिविधियों में बीते दो वर्षों में भाग लेने वाले करीब एक सौ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री, अनिरुद्ध सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई ।

उन्होंने विद्यार्थियों को वार्षिक समारोह की शुंभकामनाएं देते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र से इस डिग्री कॉलेज में एकीकृत बीएड की कक्षाएं आरंभ की जाएगी जिससे क्षेत्र के बच्चों का अपने घरद्वार पर बीएड करने की सुविधा प्राप्त होगी । मंत्री ने कॉलेज के लिए वाटर प्यूरिफायर, म्यूजिक सिस्टम और प्रोजक्टर स्वीकृत करने की घोषणा की । इसके अलावा उन्होने खेल मैदान को समतल करने, बास्केटबाल कोर्ट और फैंसिंग करने के लिए लोनिवि को प्राक्कलन तैयार करने के आदेश दिए।

इससे पहले प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कॉलेज की वार्षिक रिर्पोट प्रस्तुत की ।

### एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**शिमला।** एचपीयू शिमला में छात्र संगठनों के बीच लगातार तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदेश भर में शिमला पुलिस द्वारा अभाविप के कार्यकर्ताओं पर की जा रही एकतरफा कार्यवाही के विरुद्ध विभिन्न स्थानों पर धरने प्रदर्शन किए गए।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में वीसी आफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश भर में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के बीच शिमला पुलिस की एकतरफा कार्यवाही के रुख को लेकर लगातार रोष बना हुआ है।

## निजी स्कूलों में कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने यहां बताया कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गो से संबंधित बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। यह पहल समावेशी और समान शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है, जिससे वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि वंचित वर्गों और विशेष श्रेणियों के बच्चों को इन आरक्षित सीटों के लिए पात्र माना गया है।

उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, सभी निजी विद्यालयों को अपने सूचना पट्ट, मुख्य द्वार और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रवेश से संबंधित जानकारी प्रदर्शित करनी होगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। यदि प्राप्त आवेदनों की संख्या आरक्षित सीटों से अधिक होती है, तो प्रवेश लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

## ऊपरी क्षेत्रों में स्थापित हो औद्योगिक इकाइयां : सिकंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में हिमाचल प्रदेश के उपरी क्षेत्रों में औद्योगिक इकाईयों स्थापित करने का मामला उठाया। हिमाचल प्रदेश में जिला सोलन के बद्दी, नालागढ़, जिला सिरमौर के कालाअम्ब और जिला ऊना के गगरेट व सतोषगढ़ में औद्योगिक ईकाईयां स्थापित की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 350 बड़ी एवं मध्यम तथा 30 हजार लघु औद्योगिक ईकाइयां स्थापित हैं जिनमें लगभग 2 लाख लोगों को रोजगार मिला है। हिमाचल में दो-तीन जिलों में ही औद्योगिक ईकाइयां स्थापित की गई है और हिमाचल के अन्य जिले इससे अछूते हैं जिससे लोगों के पास रोजगार के अवसर न के बराबर है।

## बिलासपुर के लुहणू मैदान में बनेगा 100 बिस्तरों वाला खेल छात्रावास

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट में की बड़ी घोषणा

**शुभम राही, बिलासपुर**

**प्रदेश** के बिलासपुर जिले को खेलों का हब माना जाता है और अब यहां के खिलाड़ियों के लिए एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने बजट भाषण में बिलासपुर के लुहणू मैदान में 100 बिस्तरों वाले खेल छात्रावास के निर्माण की घोषणा की है। यह छात्रावास खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे उन्हें अपनी खेल प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। बिलासपुर को पहले ही खेल गतिविधियों के लिए प्रदेश में खास पहचान मिली हुई है। यहां विभिन्न खेलों के लिए पहले से ही अत्याधुनिक मैदान और सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब इस छात्रावास के बनने से खिलाड़ियों को ठहरने और अभ्यास करने के लिए और भी बेहतर माहौल मिलेगा।

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह छात्रावास आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां एथलीट्स को संतुलित आहार, जिम, चिकित्सकीय सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। बिलासपुर को खेलों का सिरमौर कहा जाता है क्योंकि यहां फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित कई खेलों के लिए उपयुक्त मैदान और सुविधाएं मौजूद हैं। हर साल यहां राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। लुहणू मैदान विशेष रूप से खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है, जहां नियमित रूप से खेल गतिविधियां होती रहती हैं। सीएम सुक्खू ने प्रदेश में खेलों के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही है। उनकी सरकार खिलाड़ियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं प्रदान करने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इस छात्रावास के बनने से युवा खिलाड़ियों को प्रदेश में ही विश्वस्तरीय प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा और वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

#### स्थानीय खिलाड़ियों व कोचों ने जताई खुशी

**इस** घोषणा के बाद बिलासपुर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय कोचों का मानना है कि इस छात्रावास के बनने से जिले में खेलों को और बढ़ावा मिलेगा और ज्यादा से ज्यादा युवा खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

#### छात्रावास से खेल संस्कृति को मिलेगी मजबूती

**बिलासपुर** के लुहणू मैदान में 100 बिस्तरों वाले खेल छात्रावास का निर्माण खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगा। इससे न केवल खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी बल्कि राज्य और देश के लिए नए खेल सितारे भी उभर कर सामने आएंगे।

## गोलीकांड मामला : एसआईटी ने हरियाणा पुलिस की मदद से शूटरों के घर की छापेमारी, नहीं मिला सुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**होली** के दिन बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए सनसनीखेज गोलीकांड की जांच में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने हरियाणा पुलिस की मदद से संदिग्ध शूटरों के ठिकानों पर छापेमारी की। हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा। बता दें कि इस गोलीकांड मामले में अमन कुमार पुत्र अशोक कुमार व सागर निवासी रतोली गांव व जिला रोहतक हरियाणा के निवासी हैं।

गोलीकांड के सिलसिले में बिलासपुर पुलिस ने पूछताछ के आधार पर 6 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लेकिन अभी तक मुख्य शूटर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिससे मामला और अधिक पेचीदा हो गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मुख्य आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी जल्द ही अन्य जिलों में भी छापेमारी कर सकती है और फरार आरोपियों की तलाश में तेजी लाने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस को शक है कि इस हमले की साजिश किसी बड़े आपराधिक गिरोह ने रची है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जांच में तेजी लाई गई है व जल्द ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस इस केस से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन डेटा की भी गहन जांच कर रही है।

#### पुलिस अभी तक मुख्य शूटर को पकड़ने में नाकाम

**बंबर** ठाकुर गोलीकांड मामले में पुलिस अभी तक मुख्य शूटर को पकड़ने में नाकाम रही है, लेकिन जांच तेज कर दी गई है। पूरे राज्य में इस हमले को लेकर आक्रोश और दहशत का माहौल है। अब देखना यह होगा कि पुलिस कब तक मुख्य आरोपियों को पकड़ पाती है और इस सनसनीखेज मामले की पूरी सच्चाई सामने आती है।

**पुलिस** गोलीकांड मामले की गहनता से जांच कर रही है। जल्द पुलिस मुख्य आरोपियों को पकड़ेगी।

**संदीप धवल, एसपी बिलासपुर।**

## देशी गाय खरीदने पर दिया जाएगा 50 प्रतिशत अनुदान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) बिलासपुर द्वारा प्राकृतिक खेती में दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए इच्छुक किसानों को ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण किया जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षित किसानों को प्राकृतिक खेती के माडल फार्मों में भ्रमण करवाया जाएगा। देशी गाय खरीदने पर 50 प्रतिशत अनुदान या 25000 रुपए अधिकतम, देशी गाय के रखरखाव के लिए फर्श पक्का करने के लिए 8000 रुपए का अनुदान व खेती में प्रयोग होने वाले घटकों को बनाने के लिए प्लास्टिक ड्रम पर 75 प्रतिशत अनुदान या 750 रुपए अधिकतम अनुदान, संसाधन भंडार स्थापित करने पर 15000 रुपए अधिकतम अनुदान है।

### पंचायतों की शक्तियों को कम करने के निर्णय पर विरोध

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विकासखंड घुमारवीं के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के प्रतिनिधियों ने पंचायतों की शक्तियों को कम करने के कैबिनेट के निर्णय पर कड़ा विरोध जताते हुए सोमवार मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा। यह ज्ञापन अधीक्षक विकासखंड कार्यालय घुमारवीं के माध्यम से प्रेषित किया गया, जिसमें पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत निहित शक्तियों में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करने तथा इन्हें और अधिक सशक्त बनाने की मांग की गई है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए निर्णय में पंचायतों की संपत्तियों के आवंटन, बीपीएल चयन प्रक्रिया तथा निर्माण कार्यों में पंचायतों की भूमिका को सीमित करने की बात सामने आई है। यह निर्णय न केवल पंचायती राज व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के विपरीत है बल्कि पंचायतीराज को कमजोर करने वाला भी है।

**शुरुआत** मंत्री धर्माणी ने किया राज्य स्तरीय मेले का शुभारंभ, 23 तक चलेगा मेला

## बैल पूजन के साथ नलवाड़ी मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**ऐतिहासिक** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का आगाज तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बैल पूजन के साथ किया। यह मेला 23 मार्च तक चलेगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक, व्यापारिक और कृषि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन और पशुपालन को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने कहा कि यह मेला इस वर्ष 136वें साल में प्रवेश कर गया है, जो इसकी ऐतिहासिकता और जनसमर्थन का प्रमाण है। मेले का शुभारंभ परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से लुहणू मैदान तक निकाली गई भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। बैंड-बाजों, पारंपरिक परिधानों और सजीव झांकियों के साथ निकली इस शोभायात्रा ने पूरे शहर का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों और संस्थानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

मंत्री ने कहा कि मेले के समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री से इस मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा देने की मांग करेंगे। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में शीघ्र ही कक्षाएं शुरू की जाएंगी, जबकि श्री नैयना देवी मंदिर परिसर में 100 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक कन्वेंशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। वहीं, घुमारवीं में एक डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी, जिससे युवाओं को उद्यमिता और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार, नप अध्यक्ष कमल गौतम, हिमुडा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य जितेंद्र चंदेल, मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं डीसी आबिद हुसैन सादिक, एसपी संदीप धवल, एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल सहित कई मौजूद रहे।

### दिशाहीन और खोखले वादों का पिटारा बजट : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'दिशाहीन और खोखले वादों का पिटारा' करार दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की है, जबकि आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रदेश के लिए ठोस नीति और वित्तीय प्रबंधन की कोई स्पष्ट दिशा नहीं दी गई।

### बजट से ग्रामीणों की आर्थिकी होगी सुदृढ़ : विवेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार का तीसरा बजट ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए कारगर साबित होगा। विवेक कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार की प्राथमिकता रही है। ताकि ग्रामीण लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट में सीएम सुक्खू की ओर से हर वर्ग को प्राथमिकता दी गई है।

### प्रदेश सरकार का बजट निराशाजनक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सुक्खू सरकार के बजट को निराशाजनक और दिशाहीन करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य की आर्थिक स्थिति को सुधारने में असफल रहेगा और आम जनता, किसान, युवा तथा व्यापारी वर्ग के लिए कोई ठोस राहत प्रदान नहीं करता। महेंद्र धर्मानी ने कहा कि सरकार ने केवल घोषणाओं की झड़ी लगाई है ।

### वन मित्र उम्मीदवारों को दिए नियुक्ति पत्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** वन विभाग के अंतर्गत वन परिक्षेत्र घुमारवीं में चयनित वन मित्र उम्मीदवारों को वन परिक्षेत्र अधिकारी हंस राज शर्मा द्वारा सोमवार को नियुक्ति पत्र आवश्यक दिशा-निर्देशों सहित जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 16 से 30 अप्रैल के बीच वन परिक्षेत्र कार्यालय, घुमारवीं में अपनी ज्वाइनिंग देनी होगी।

**विद्यार्थियों** को मिलने वाली शिक्षा व्यवहारिक और उपयोगी होनी चाहिए। –डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका संबंधों में मजबूती

वैश्विक खुफिया अधिकारियों के सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत पहुंची अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ हुए संवाद का बहुत अधिक महत्व है। इस बातचीत से भारत और अमेरिका के संबंधों में कई परिवर्तन हो सकते हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास बहुत ही दिलचस्प और विविधतापूर्ण रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, दोनों देशों के संबंधों में उतार-चढ़ाव भी आए थे। शुरुआत में, भारत और अमेरिका के बीच सीमित व्यापारिक और कूटनीतिक संबंध थे, लेकिन 1991 के बाद, जब भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मुक्त किया, तब से दोनों देशों के बीच संबंधों में धीरे-धीरे सुधार हुआ। 2000 के दशक के मध्य में, विशेषकर 2005 में भारत और अमेरिका के बीच एक ऐतिहासिक परमाणु समझौता हुआ, जिसने दोनों देशों के संबंधों में नई दिशा दी। अजीत डोभाल भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे भारतीय कूटनीति, सुरक्षा नीति और विदेश नीति के प्रमुख स्तंभों में से एक माने जाते हैं।

उनके नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद, सीमा सुरक्षा और वैश्विक कूटनीतिक मोर्चे पर काफी सक्रियता दिखाई है। वहीं, तुलसी गबार्ड ने हमेशा भारतीय अमेरिकी समुदाय के हितों के लिए काम किया है। वे एक ऐसे राजनीतिक नेता के रूप में पहचान रखती हैं, जिन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कई बार प्रयास किए हैं। गबार्ड का भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, खासकर आतंकवाद और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर, उनके राजनीतिक करियर में एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है। अजीत डोभाल और तुलसी गबार्ड के बीच हुई बातचीत का भारत-अमेरिका के संबंधों पर गहरा असर पड़ सकता है। इस बातचीत से दोनों देशों के बीच न केवल द्विपक्षीय मुद्दों पर समझ बढ़ेगी, बल्कि इससे उन वैश्विक मुद्दों पर भी सामूहिक दृष्टिकोण विकसित होगा, जिन पर दोनों देशों का समान रुख हो सकता है। भारत और अमेरिका दोनों ही आतंकवाद के शिकार रहे हैं। अजीत डोभाल ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और तुलसी गबार्ड भी इस मुद्दे पर भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करती हैं। दोनों नेताओं के बीच इस मुद्दे पर संवाद भारत-अमेरिका सहयोग को और मजबूत कर सकता है।

यही नहीं, दोनों देशों के बीच आतंकवाद विरोधी सहयोग को और बढ़ावा मिल सकता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दोनों देशों का साझा रुख और मजबूत होगा। भारत और अमेरिका के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते हुए सहयोग को देखते हुए, इस संवाद से दोनों देशों के बीच सुरक्षा और रणनीतिक साझेदारी को और बल मिल सकता है। खासकर, चीन के बढ़ते प्रभाव के संदर्भ में, दोनों देशों को इस क्षेत्र में रणनीतिक गठबंधन की आवश्यकता है। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में भी पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। यह बातचीत इस दिशा में और भी प्रगति कर सकती है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे। दोनों देशों के बीच होने वाले आर्थिक समझौतों से एक-दूसरे के बाजारों तक पहुंच बढ़ेगी, जिससे न केवल व्यापारिक अवसर बढ़ेंगे, बल्कि दोनों देशों की आर्थिक स्थिति में भी मजबूती आएगी। भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान का इतिहास भी बहुत गहरा है। तुलसी गबार्ड जैसे नेताओं का भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा हुआ होना, दोनों देशों के लोगों के बीच समझ और सम्मान को बढ़ावा देता है। इस प्रकार की बातचीत से शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और बढ़ावा मिल सकता है, जो दोनों देशों के लोगों के बीच बेहतर संबंधों की नींव रखेगा।

हालांकि, इस प्रकार की बातचीत से सकारात्मक परिणाम आने की संभावना है, लेकिन कुछ चुनौतियां भी हो सकती हैं। अमेरिका में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच मतभेद होते हैं और तुलसी गबार्ड की पार्टी और विचारधारा भी कभी-कभी भारत के दृष्टिकोण से मेल नहीं खाते। इसलिए, इस बातचीत से दोनों देशों के नेताओं के बीच मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं, जो दीर्घकालिक सहयोग में रुकावट डाल सकते हैं। भारत के भीतर भी कई ऐसे मुद्दे हैं जो अमेरिका के लिए चिंता का कारण हो सकते हैं, जैसे मानवाधिकार, धार्मिक असहिष्णुता, और अन्य आंतरिक राजनीतिक विवाद। हालांकि, यह दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित नहीं करता, फिर भी इन मुद्दों पर भारत और अमेरिका के दृष्टिकोणों में अंतर हो सकता है। बहरहाल, अजीत डोभाल और तुलसी गबार्ड के बीच हुई बातचीत भारत और अमेरिका के संबंधों को और अधिक मजबूती दे सकती है। आतंकवाद, सुरक्षा, व्यापार, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ने से दोनों देशों के बीच संबंधों में सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेता

**शशि** कपूर हिंदी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक थे। वे ऐसे अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं। कोलकाता में जन्मे शशि कपूर का असली नाम 'बलबीर राज कपूर' था। उनके पिता पृथ्वीराज कपूर और भाई राजकपूर तथा शम्मी कपूर पहले से ही फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने अभिनेता थे और प्रसिद्धि की बुलंदियों पर थे। उनके पिता का मानना था कि शशि कपूर स्वयं ही संघर्ष करें और अपनी मेहनत से ही अभिनेता बनें। पिता की इस बात पर शशि कपूर पूरी तरह खरे उतरे थे। अभिनेता पृथ्वीराज कपूर के तीसरे बेटे शशि कपूर की स्कूली पढ़ाई मुंबई के 'डॉन बास्को स्कूल' में हुई थी। स्कूल में वे नाटक में काम करना चाहते थे। आखिर में उनकी यह तमन्ना पूरी हुई पापाजी के पृथ्वी थियेटर से। शशि कपूर ने 40 के दशक में ही फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। जेनिफर उम्र में शशि कपूर से बड़ी थीं। मजे की बात तो यह थी कि मित्र, प्रेमिका और फिर पत्नी बनने वाली यह युवती अक्सर नाटक में शशि कपूर की मां का किरदार बखूबी निभा रही थी। दरअसल, सिंगापुर, मलाया और हांगकांग की यात्रा के दौरान दोनों को स्टेज पर न केवल काम करने का बेहतर अवसर मिला, बल्कि घूमने-फिरने का भी खूब मौका मिला। जेनिफर के इस साथ ने जहां भारतीय शशि कपूर को इंग्लिश मैन बना दिया, वहीं उन्होंने शशि से भारतीय रहन-सहन और तौर-तरीकों के बारे भी में बहुत कुछ सीखा-जाना। ■



शशि कपूर
जन्म : 18 मार्च, 1938
मृत्यु : 4 दिसंबर, 2017



कविता

### सुख की सौगात

रवि कुमार, पुस्तक समीक्षक बिलासपुर (हि.प्र.)

*छोटी-छोटी प्रेरक बातें कहते,*
*माता-पिता जी देते आपको सीख,*
*कलयुग की असमय कैसी चली सुनामी,*
*चिर निद्रालीन होती घरों की रौनकें,*
*कैसी चली बेढंगी रीत।*
*बिछड़े कई घरों के मनमीत,*
*आज सब्र का फल,*
*चखना नहीं चाहता युवा, नौनिहाल।*
*छोड़कर मंझधार अभिभावकों को,*
*क्यों उठाते ऊलजलूल कदम?*
*मानव जीवन मिलना नहीं आसान,*
*84 लाख प्रकारों में यही है महान।*
*देश के भावी कर्णधारों,*
*मानों एक अनमोल बात,*
*अभिभावकों पाएं सुख की सौगात।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा में सतर्कता बढ़ाती है फ्लाइंग





लेखिका : रीना भारद्वाज
जांगला (रोहड़ू) स्वतंत्र लेखक

परिवर्तन प्रकृति का नियम है और परिवर्तन हर सुधार की प्रथम कड़ी है व उत्थान में परिवर्तन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण भूमिका तो निभाती ही है। हिमाचल के शिक्षामंत्री का शिक्षा के सुधार में स्वयं सक्रिय भूमिका निभाना व शिक्षा के क्षेत्र में सत्यता की परख में पारखी नजर रखते हुए कर्मठ व जनसमूह के पसंदीदा शिक्षामंत्री के रूप में भी जनसमूह के समक्ष आए हैं। सिर्फ स्कूलों का होना बिना विद्यार्थी के उतना ही मूल्य हीन है जितना कि वोट की राजनीति में स्कूलों की संख्या बढ़ाना मूल्यों में नगण्य है।

यह समझ हिमाचल के वर्तमान शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर ने सबको अपनी कार्य शैली से समझा दी है व शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का मादा रखा हैं। आजकल बोर्ड परीक्षाओं का जो दौर चला है, उसमें भी पारदर्शिता लाने के लिए फ्लाइंग का तीन घंटे एक ही स्थान पर बिना हिले विद्यार्थियों पर पैनी नजर गड़ाए रखना व उत्तर पुस्तिकाओं का सील बंद होने तक परीक्षा हाल में रहना फ्लाइंग का असली महत्व समझाता है काबिलेतारीफ है। हालांकि हर परिवर्तन अपने साथ आते हुए कई प्रश्न और कुछ खामियां भी लाता है। ऐसे ही परीक्षा हाल में तीन घंटे फ्लाइंग की नजर में पूरी तरह से रहते हुए कुछ विद्यार्थियों का तनाव में आना व घबराहट में अपनी कुछ लेखनी में गलतियां करना व भूल जाना लाजिमी है, क्योंकि विद्यार्थी ऐसी फ्लाइंग को आज के दौर में देख ही नहीं पाया। शुरू में ऐसी दिक्कत स्वीकार करना भी जरूरी है, ताकि विद्यार्थी भी अपनी शिक्षा के प्रति गंभीर रहे। यह कदम भविष्य के लिए सुधारात्मक साबित होगा। हां, लेकिन इसने यह अवश्य साबित कर दिया कि तीसरी आंख अथवा कैमरे का कोई औचित्य नहीं या यूं कहा जाए कि अपनी भूमिका निभाने में तीसरी आंख सक्षम नहीं रही। जहां एक ओर इस तरह का औचक निरीक्षण आज के दौर में सुधारात्मक कदम लाने में सक्षम है, वहीं कई प्रश्न भी खड़ा करती है। एक तरफ वह अध्यापक जिसके विषय में यह फ्लाइंग आई, आने वाले वक्त के लिए उससे पढ़ाने की नई तकनीक व विद्यार्थियों में समझ बढ़ाने के नए आयाम खोजने के लिए बाधित करती है, ताकि वह वर्तमान दौर में जब विद्यार्थी आठवीं तक की परीक्षा में प्रमोट होता गया व नौवीं व दसवीं में सुधारात्मक कदम के लिए बाध्य हुआ, ताकि वह अपना परिणाम सही दिखा सके, खासतौर पर अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषयों में यह जद्दोजहद ज्यादा रही, क्योंकि फ्लाइंग हो या समाज जैसे इन्हीं विषयों के चहुं ओर घूमता है, जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा यह निर्धारित करती है कि बाकी विषयों की समझ इनके समकक्ष से कहीं अधिक है, लेकिन जाने हमारे समाज का ध्यान इस ओर कब जाएगा।

खैर इन विषयों में भी सबसे अग्रणी भूमिका गणित की रहती है। जबकि कितने विद्यार्थी हैं जो दसवीं के बाद गणित व विज्ञान को अपना जीवन का साथी बनाते हैं व इन विषयों को अपनाते हैं। समाज में व्यवहार व बदलाव की भूमिका यह विषय अवश्य निभाते हैं पर जीवन पिपासा में व्यक्ति के इनके अलावा सभी विषय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, फिर भी फ्लाइंग से बाकी विषय बाहर रखे गए हैं जो इन विषयों की महानता को कमजोर कड़ी में बांधते हैं या फिर बाकी विषयों की आवश्यकता वक्त को कम महसूस हो रही है। यदि बाकी विषय अपने में संपूर्ण होते तो समाज पग-पग पर दिशा विहीन और विचलित महसूस नहीं होता, जब समझ में नशे जैसे नए विकार पैदा हों। इतिहास गवाह है इस तरह की समाज की दिशा विहीनता शिक्षा में कमी को दिखाता है। ऐसे विषयों से निपटने में ह्यूमैनिटिज के विषय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो सही समझ के साथ यदि अपनाए जाएं तो समझ में परिपक्वता लाते हैं, इसलिए विषयों को शिक्षा के क्षेत्र में फ्लाइंग के स्तर पर बांटना कितना उचित है। यह प्रश्नचिन्ह पैदा करता है। अध्यापक को सिर्फ तीन घंटे के परीक्षा परिणाम में बांधना कैसे शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने में नाकामी का कदम रहा, यह हमें वर्तमान शिक्षित समझ से आभास हो जाना चाहिए और यह नई शिक्षा नीति के साथ भी किसी तरह से सामंजस्य स्थापित नहीं कर सकती, क्योंकि नई शिक्षा नीति सत्यता की राह पर आंतरिक उत्थान को इंगित करती है, न कि परीक्षा में अंकों को आधार बनाती है। अंक तो रटी रटाई परिस्थिति को कुछ समय के लिए परिपक्व बनाते हैं, जबकि समझ सोच को परिपक्वता से जोड़ती है जो नई शिक्षा नीति का भी मूल उद्देश्य प्रदर्शित होता है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में फ्लाइंग शिक्षा में सतर्कता को बढ़ाती है, लेकिन यह अध्यापक का विषय के प्रति सही अवलोकन कर सके, इसमें भी प्रश्न चिन्ह है। यदि किसी स्कूल की किसी कक्षा का अवलोकन करना हो तो उसमें माना परिणाम में पारदर्शिता तब आएगी, जब दो तीन विषयों में फ्लाइंग तीन घंटे परीक्षा हाल में बैठे, लेकिन उससे भी क्या होगा? क्या स्कूल स्तर पर विद्यार्थी को परखना मूल्य बड़ा सकता है। निसंदेह नहीं। यदि सच में ही सही मूल्यांकन की अभिलाषा है तो पूरे हिमाचल में एक ही विषय में जैसे गणित है, हर परीक्षा हाल में तीन घंटे फ्लाइंग बैठे उससे अध्यापक का सही अवलोकन तो होगा ही साथ ही शिक्षा में आठवीं तक पास करने की नीति का सही परिणाम भी सामने आएगा। जिससे संबंधित स्कूल का परिणाम संबंधित विषय में बोर्ड के सही परिणाम के साथ सही अवलोकन करने में सक्षम भी होगा व साथ ही हर क्षेत्र में शिक्षा का परिणाम को पैमाना बनाना कितना तार्किक है, यह भी समझा देगा।

विदेश घूमना हो या राष्ट्रीय पुरस्कार लेना हो हर जगह परीक्षा परिणाम ही आधार बने, यह जरूरी नहीं न्याय संगत हो या तर्कसंगत हो व नकल जैसी कुरीतियों को बढ़ावा न देता हो। यदि सच में ही पारदर्शिता लानी हो तो फलाइंग पर पैसा खर्च करने से बेहतर व उपयुक्त विकल्प है आनलाइन कक्षा जिसकी मानिटरिंग निदेशालय से हो। खास तौर पर पारदर्शिता लाने के लिए जिनका परिणाम बहुत अच्छा है व जिनका परीक्षा परिणाम बहुत खराब है, दोनों ही परिस्थितियों में अध्यापक की कक्षा को आनलाइन निदेशालय से जोड़ना चाहिए, जिससे अच्छा परिणाम देने वाले से पढ़ाई की अच्छी तकनीक भी सब तक पहुंचे व शिक्षक पुरस्कार के लिए भी यह पारदर्शी साबित होगा व विदेश भ्रमण में भी योग्यता का पैमाना परीक्षा परिणाम से अधिक कम से कम एक वर्ष आनलाइन शिक्षा शिक्षण की प्रक्रिया को आधार बनाना बहुत बेहतर परिणाम देने में सक्षम होगा। अन्यथा वर्तमान प्रणाली में सबसे ज्यादा भुक्त भोगी गणित का अध्यापक होगा क्योंकि वह मेहनत के द्वारा भी वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार लाते हुए भी उचित परीक्षा परिणाम दिखाने में सफल नहीं है इसका अनुमोदन तीन घंटे फलाइंग वाले स्कूल का परीक्षा परिणाम स्वयं करते आए हैं व साथ ही जहां अध्यापक सिर्फ अपने शिक्षा शिक्षण प्रक्रिया में ध्यान घड़ाते हुए स्थानीय राजनीति को तवज्जो नहीं देता। हर समस्या का एक ही समाधान है, स्कूल के शिक्षा शिक्षण को निदेशालय से लाइव जोड़ना जो निसंदेह अध्यापक के लिए भी शुरू में कष्टकारी होगा, लेकिन भविष्य में समाज को सही दिशा देने व पारदर्शिता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# कफन का कोई ब्रांड नहीं बना, सफेद कफन ही नसीब होगा ?



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी



दुनिया में कफन का कोई ब्रांड नहीं बना, चाहे अमीर हो या राजा या गरीब हो सबको सफेद कफन ही नसीब होगा। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है।

एक कहावत है कि मौत का कैलेंडर नहीं होता। मगर मौत का स्थान व समय निश्चित है। मौत कभी भेदभाव नहीं करती। दुनिया में सिर्फ मौत ही एक सच्चाई है। आदमी भले ही कितने ही ताबिज पहन ले, अगुठियां पहन ले, कितने ही यज्ञ कर लें। कर्म के अनुसार ही मौत नसीब होगी। मानव मौत के क्रूर पंजों से बच नहीं सकता। एक दिन संसार से विदाई तय है। मौत को मात देना कठिन है, क्योंकि जीवन व मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है। मानव किस बात पर इतराता है। पलभर में ही सासें थम जाती है। मौत मौका ही नहीं देती। आज भले ही कुछ चरित्र हीन व तथाकथित अमीर ब्रांडेड कपड़े पहनते हैं।

आलिशान बंगलों व महलों, चौबारों में वास करते हैं जब मौत का बुलावा आएगा यहीं रह जाएगें सारे। अगर मानव अच्छे कर्म करेगा तो दुनिया में याद रहेगा। बाकि तो लोग झूठ-फरेब के बल पर चल रहे है। मगर झूठ के पांव नहीं होते सच्चाई की हमेशा जीत होती है। भाग्य बदलते देर नहीं लगती वक्त एक जैसा नहीं रहता इसलिए कभी किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। कभी-कभी खोटे सिक्के भी कोहिनूर के हीरे बन जाते हैं। समाज में रहकर अच्छे कर्म करने चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा है मानव सेवा ही नारायण सेवा है। यह अटल सत्य है। भगवान व श्मशान को हर रोज याद करना चाहिए। किसी को दुखी नहीं करना चाहिए। आज लोगों को लुटा जा रहा है, सताया जा रहा है गरीबों की बददुओं से लोहा भी भस्म हो जाता है, इसलिए गरीबों को कभी नहीं सताना चाहिए।

मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। कहते अपने ही काम आते हैं। पैसा ही सब कुछ नहीं होता, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है, अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नहीं लगती, इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए। ताकि विपत्तियों का अहसास होता रहे। आज कुछ लोग विरासती सेठ बनते हैं बाप-दादा की कमाई अकूत धन-दौलत पर ऐश कर रहे हैं।

जब खुद कमाओगे तब पता चलेगा कि मेहनत के बल पर कमाई दौलत पर कैसे ऐश होती है। अल्लाह की लाठी जब पड़ती है तो उसकी आवाज नहीं होती। ईश्वर इस धरा के कण-कण में विद्यमान है धन-दौलत, महल व आलीशान मकान सब यही धरा रह जाएगा।

बुरा करोगे तो सजा जरूर मिलेगी। यह अटल सत्य है। मानव जीवन एक बार ही मिलता है मानव को ऐसे कार्य करने चाहिए कि जीवन यादगार बन जाए। लोग जीवन से प्रेरणा ले। अमीर आदमी तो यूज ऐंड थ्रो करता है। आज लोगों को अयाशीयां करने के लिए समय है मगर एक गरीब के लिए समय नहीं हैं। चंद स्वार्थों के लिए गरीबों का गला घोंटते हैं दूसरों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं। गरीब आदमी विश्वासघात नहीं करता। आज कुछ लोग अपना अतीत भूल चुके हैं, मगर अतीत की परछाइयां मरते दम तक साथ रहती है। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। इसलिए आदमी को नीच कर्मों से बचना चाहिए और अच्छे कर्म करके जीवन सुधारना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**होली** हो जाती है, परंतु माहौल बेहद तनावपूर्ण रहता है। हमने जिस भाव और रंगों में होली को देखा तथा खेला है, वे आज गायब लगे। रंगों के इंद्रधनुष थे, उल्लास और उमंग के भाव भी थे, परंतु विभाजन और कड़वाहट भी थी। जब मस्जिदों को तिरपाल से ढका जा रहा था, तब मन स्तब्ध था। लगातार सवाल उठते रहे कि आखिर हम किस देश में रह रहे हैं? हमारी धर्मनिरपेक्षता, सहिष्णुता और भाईचारा कहां गायब हो गए? मस्जिद को तिरपाल से क्यों ढका गया था? क्या होली के रंगों से भी कोई नापाक होता है? यह कोई सामान्य स्थिति नहीं थी? हमने तो ऐसा कभी नहीं देखा। होली के समय यानी होली के दिन तो रूठने वाले भी खुश हो जाते हैं। यह त्योहार ही सद्भाव, सौहार्द और उल्लास का है। बेशक कुछ समय से कुछ मस्जिदों पर तिरपालें डाली जाती रही हैं, लेकिन उनमें न तो तनाव था, न नफरत, न सांप्रदायिक दंगों की साजिशें हैं। **मनु, टांडा**

# बेरोजगारी की बढ़ती समस्या, युवाओं का अनिश्चित भविष्य



लेखक : गौरव शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार



बेरोजगारी आज हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के युवाओं के सामने एक बड़ी समस्या बनकर खड़ी है। पढ़े-लिखे युवा डिग्री हासिल करने के बावजूद रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

सरकारी नौकरियों की संख्या सीमित है और निजी क्षेत्र में भी अवसर कम होते जा रहे हैं। हर साल हजारों छात्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से स्नातक होकर निकलते हैं, लेकिन उनमें से बहुत कम को उनके योग्यतानुसार रोजगार मिल पाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में हजारों युवा भाग लेते हैं, लेकिन सीटें इतनी कम होती हैं कि अधिकांश उम्मीदवार असफल रह जाते हैं। निजी कंपनियों में भी अनुभव की मांग अधिक होती है, जिससे नए स्नातकों के लिए नौकरी पाना और भी कठिन हो जाता है। बेरोजगारी की इस बढ़ती समस्या के कारण युवा मानसिक तनाव, आर्थिक तंगी और अनिश्चित भविष्य की चिंता में डूबते जा रहे हैं। कई लोग मजबूरी में दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं, जबकि कुछ स्वरोजगार अपनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बिना उचित संसाधनों और सरकारी सहायता के यह भी आसान नहीं है। हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। 2024 तक, राज्य में बेरोजगारी दर 4.4 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगारी की संख्या 7,08,230 है।

जिला-स्तर पर अगर देखा जाए तो कांगड़ा जिले में सबसे अधिक बेरोजगारी की समस्या है, जहां करीब 1,49,514 बेरोजगार पंजीकृत हैं। जबकि लाहौल-स्पीति में बेरोजगारी की संख्या सबसे कम 4,631 है। सरकारी नौकरी के अवसर सीमित हैं और निजी क्षेत्र में भी अवसर कम होते जा रहे हैं। इसके अलावा, बेरोजगारी के समाधान के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयास, जैसे रोजगार मेलों और स्वरोजगार योजनाओं के बावजूद युवाओं को उनके हुनर के अनुरूप काम मिलना मुश्किल हो रहा है। बेरोजगारी के कारणों में प्रमुख रूप से सरकारी नौकरियों की कमी, निजी क्षेत्र का कमजोर होना, शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक प्रशिक्षण की कमी, स्वरोजगार के लिए संसाधनों की कमी, और महंगाई तथा आर्थिक मंदी शामिल हैं।

सरकारी नौकरियों की संख्या बहुत कम है और जो अवसर उपलब्ध हैं, वे भी सीमित पदों के कारण बड़ी संख्या में युवाओं तक नहीं पहुंच पाते। प्रदेश में उद्योग और बड़ी कंपनियों की संख्या भी कम है, जिससे निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित रहते हैं। इसके अलावा, शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीकों की कमी के कारण छात्र स्नातक तो हो जाते हैं, लेकिन वे नौकरी के लिए उपयुक्त नहीं माने जाते। स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को पूंजी और प्रशिक्षण की कमी के कारण कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

साथ ही महंगाई और आर्थिक मंदी के कारण नौकरियों की उपलब्धता लगातार घटती जा रही है। सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन उनका सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। जरूरत इस बात की है कि युवाओं को नए रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं, स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए और शिक्षा प्रणाली को इस तरह तैयार किया जाए कि छात्र केवल डिग्री तक सीमित न रहें, बल्कि उद्योगों की मांग के हिसाब से कौशल विकसित करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...



**देश** दुनिया में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बावजूद अनंत ज्ञान समाचार पत्र और डिजिटल टीवी ने पाठकों में अपनी विश्वसनीयता कायम की है। अखबार में खबरों का चयन बड़ी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। अपने आप में यही पत्रकारिता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र मीडिया की भूमिका को निष्पक्षता और पारदर्शिता से निभाने में सफल हुआ है। खबरों की प्रमुखता के साथ सामयिक विषयों पर बेबाक संपादकीय लेख दर्शाता है कि समाचार पत्र समाज के प्रति संवेदनशील है। इस कड़ी में खबरों के अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और धार्मिक पहलुओं से जुड़ी जानकारी पाठकों के लिए हितकारी है। यदि शिक्षा और प्रतियोगिता पूरक परीक्षाओं से जुड़ी जानकारी का कॉलम भी शुरू किया जाए तो युवा वर्ग भी अखबार के लिए आकर्षित होगा।

**राजतिलक नेगी, सोलन**
**मोबाइल : 88943 80100**



**मैं** जिला ऊना के गांव हटवाना पंचायत पिपलू का स्थायी निवासी हूं। किसान होने के साथ-साथ गांव का जिम्मेदार नागरिक व क्षेत्र से पंचायत समिति सदस्य भी हूं। सड़कों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर निर्भर हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव हटवाना के साथ लगते गांव पिपलू, सम्मा, घलूहं, अलसाहन, चामुखा, तलपी बिलकुल 98 फीसदी पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों, सूअरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। कई दफा बारिश अधिक या कम होने से फसल प्रभावित होती है। बेरोजगारी भी प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा उपमंडल मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि पिपलू, सम्मा, घलूहं, अलसाहन, चामुखा, तलपी में अगर कोई व्यवस्था हो जाए तो इन रूट पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए। यहां मक्की और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। हालांकि बंदरों की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या का पूरा हल नहीं हो पाया है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ता हूं। कभी-कभी प्रिंट भी मिल जाता है।

**राजकुमार मनकोटिया**
**मो. 7384712045**



**अनंत** ज्ञान कहें या लोकतंत्र का चौथा स्तंभ एक ही बात समझ में आ रही है क्योंकि लोकप्रिय हिंदी दैनिक अनंत ज्ञान प्रदेश के प्रियजनों की समस्याओं आदि को बड़ी ही बेबाकी के साथ बिना किसी दबाव के उठा रहा है जो अपने आप में स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा निर्भीक पत्रकारिता को दर्शाता है और यह जरूरी ही नहीं, बल्कि समय की भी मांग है। शिक्षा/करियर सहित एक पारिवारिक कालम बनाना तो कोई उम्दा दैनिक अनंत ज्ञान के संपादक मंडल से सीखे जो सरकार की भी जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। एक प्रयास यह करें कि राजधानी शिमला जैसे शहरों में नाइट रिपोर्टिंग शुरू करें।

**भीम बसेडू राजपूत**
**महादेव (मंडी)**
**मोबाइल: 9816129019**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### रोवर रेंजर्स इकाई का हाइकिंग कैंप का आयोजन




**अनंत ज्ञान, ऊना।** सोमवार को राजकीय महाविद्यालय ऊना की रोवर रेंजर इकाई द्वारा हाइकिंग कैंप का आयोजन किया गया। इसके तहत ऊना जिले के कुछ ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का दौरा किया गया ताकि विद्यार्थियों को अपनी विरासत की जानकारी हो सके। यह छोटी यात्रा विद्यालय से शुरू होकर जोगीपंगा, गरीबनाथ मंदिर एवं पीरनिगाह होते हुए वापस महाविद्यालय पहुंची। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जोगीपंगा के जंगलों में छात्रों ने पत्तों के ऊपर रखकर कच्ची खाद्य सामग्री ग्रहण की और मिलकर उसका आनंद लिया। इसके बाद गरीब नाथ मंदिर का रुख किया, जहां इन्हें दो समूहों में बांट दिया गया। एक समूह ने आगे जाते हुए कुछ चिन्ह छोड़े जिसे ढूंढकर दूसरे समूह ने उस का अनुसरण किया। तत्पश्चात पीरनिगाह माथा टेक कर वापस महाविद्यालय पहुंचे।यह यात्रा रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस एवं रेंजर लीडर डॉ. रंजू बनोता की अगुवाई में की गई, जिसमें उनका सहयोग वाणिज्य विभाग से डॉ गगनदीप एवं प्रो. प्रवीण सैनी ने किया।

### सीटू के सभी संगठन राष्ट्रव्यापी हड़ताल में होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सीटू ने घोषणा की है कि मई माह में केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों को लेकर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में सीटू के समस्त सहायक संगठन हिस्सा लेंगे। इस संबंध में सीटू की सोमवार को यहां हुई बैठक में फैसला लिया गया है। मई महीने में पूरे देश में होने वाली हड़ताल में सीटू आंगनबाड़ी वर्कर्स, मिड-डे मील वर्कर, आशा वर्कर, आउटसोर्स कर्मचारी, मनरेगा और अन्य कामगार निर्माण मजदूर वर्कर एक दिन की पूरी हड़ताल करेंगे। सीटू नेताओं के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा जो निजीकरण की मुहिम चला रखी है, उसका सीधा मकसद पूंजीपति वर्ग को लाभ पहुंचाने का है। सड़क, बिजली, परिवहन, रेल, हवाई तथा कोयला क्षेत्र के सभी काम को निजी हाथों में दिया जा रहा है। नौकरी के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। मिड-डे मील वर्कर की राज्य स्तरीय मीटिंग शिमला में की जाएगी जिसमें मिड-डे मील वर्कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और इसके अलावा आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन हिमाचल प्रदेश की दो दिन की मीटिंग जिला ऊना में की जाएगी। हिमाचल सरकार ने बजट में मजदूरों के लिए नाम मात्र की बढ़ोतरी की है। बैठक में सीटू के प्रधान सुरेंद्र कुमार उपाध्यक्ष, जगत राम, जिला सचिव गुरनाम सिंह, आंगनबाड़ी वर्कर के राज्य प्रधान नीलम जसवाल, आंगनबाड़ी के जिला प्रधान नरेश कुमारी, सचिव अनुराधा मिड-डे मील की उपप्रधान पूनम कुमारी तथा सचिव राधा के अलावा चंदन सिंह इत्यादि शामिल रहे।

### बसाल में पशुपालन को लेकर किए जागरूक



**अनंत ज्ञान, ऊना।** नेशनल लाइव स्टॉक मिशन के तहत पशु चिकित्सालय बसाल में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक पालमपुर डॉ. अजय चौधरी की अध्यक्षता में एक मेगा शिविर आयोजित किया गया। इस मेगा शिविर में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के गांवों के लगभग 90 पशुपालकों ने भाग लिया और पशुपालन संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस अवसर पर सहायक निदेशक पशुपालन डॉ. दिनेश परमार ने पशुपालकों को विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। पशु चिकित्सा अधिकारी बसाल डॉ. दीपिका भारती जोशी ने बताया कि मैगा शिविर में 10 कुत्तों के निशुल्क जन्म दर नियंत्रण ऑपरेशन किए गए तथा 30 कुत्तों को निशुल्क एंटी रैबीज वैक्सीन दी गई। साथ ही शिविर में उपस्थित पशुपालकों को निशुल्क पशुओं के लिए टॉनिक व अन्य आवश्यक दवाइयां का वितरण किया गया। इसके अलावा पशुपालकों को पशुओं में होने प्रजनन संबंधी समस्याओं को बांझपन को पहचान व इलाज के विभिन्न तरीकों बारे विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी एवं सर्जन डॉ. मनोज, डॉ. अनूप रुटवल, डॉ. निशांत, डॉ. शिल्पा, डॉ. राधिका, डॉ. दीपशिखा सहित पशु चिकित्सालय बसाल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के तहत किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, अंब।** नगर पंचायत अंब में चल रहे 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर ' कार्यक्रम के तहत सोमवार को शहरी विकास विभाग शिमला से 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर ' के नोडल अधिकारी अक्षय टंडन द्वारा नगर पंचायत अंब जिला ऊना का निरीक्षण किया गया। वार्ड नंबर 9 और 6 में दो जगह स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत अंब की अध्यक्षा इंदु धीमान व सचिव हर्ष गुप्ता द्वारा नागरिकों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं घर घर जाकर कूड़ा प्रबंधन बारे सर्वे कर रही हैं कि कौन कौन नागरिक गीला व सूखा कूड़ा सफाई मित्रों को अलग -अलग कर के दे रहे हैं। नागरिकों को सिटिज़न सेवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने बारे विस्तृत जानकारी दी गई। नागरिक सिटिज़न सेवा पोर्टल पर स्ट्रीट लाइट खराब होने बारे कूड़ा न उठाने बारे संपत्ति कर व नालियों की सफाई जन शौचालय की सुविधा मृत पशुओं का निपटान खुले में शौच आदि की शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। इस दौरान नागरिकों की कुछ समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस शिविर में कम्युनिटी ऑर्गनाइजर सुनीता द्वारा भी लोगों को जागरूक किया गया।

# आलू प्रोसेसिंग यूनिट की घोषणा से ऊनावासी गदगद

## बजट पर विशेष : दुग्ध आधारित अर्थव्यवस्था पर बल, किसानों को समर्थन मूल्य का संबल

**राजेश शर्मा, ऊना**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा सोमवार को प्रस्तुत किए गए 2025-26 के बजट को ऊना जिला के लोगों ने 'सबके सपनों का सुखमय बजट' करार दिया है। विशेष रूप से ऊना जिले के लिए की गई घोषणाओं से स्थानीय लोग बेहद प्रसन्न हैं। उनका कहना है कि यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करने वाला है। मुख्यमंत्री द्वारा अपने बजट भाषण में ऊना में आलू प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा से ऊनावासी गदगद हैं।

अनंत ज्ञान बजट परिचर्चा

ऊना में आलू की अच्छी पैदावार होती है और यहां का आलू देशभर में प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए सरकार ने आलू प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है। आलू की खेती से जुड़े पंडोगा के किसान अजय ठाकुर और गुरपाल चौधरी समेत क्षेत्र के अनेक किसानों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से आलू की खेती में लगे लोगों को बड़ा संबल मिलेगा। वहीं, मुख्यमंत्री द्वारा दूध की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के फैसले से किसान अत्यंत प्रसन्न हैं।

बजट में गाय के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का मूल्य 55 रुपए से बढ़ाकर 61 रुपए प्रति लीटर करने की घोषणा की गई है। हरोली के रोड़ा की पुष्पा देवी, बढेड़ा की सोनिया राणा और बंगाणा के कोटला खास के राजेश कुमार, छपरोह के राजकुमार का कहना है कि जिले में हजारों किसान दूध उत्पादन और व्यापार से जुड़े हैं, जिन्हें इस निर्णय से सीधा लाभ होगा। (अनंत ज्ञान)



अजय ठाकुर | अनिल ढडवाल | पुष्पा देवी | रघुवीर सिंह | राजकुमार | सत्या देवी | सोनिया राणा

### दूध पर 2 रुपए ट्रांसपोर्ट सब्सिडी सराहनीय

इसके अलावा, गगरेट के दियोली के अनिल ढडवाल और कलोह के अजय पाल सिंह और हरोली के चन्नन सिंह ने मुख्यमंत्री ने इस भी घोषणा की मुक्त कंठ से सराहना की है, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा है कि यदि कोई किसान या सोसायटी अधिसूचित एकत्रण केंद्र से 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित केंद्र पर स्वयं दूध लेकर जाते है, तो उन्हें 2 रुपए प्रति लीटर की दर से ट्रांसपोर्ट सब्सिडी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त यह घोषणा भी की गई है कि यदि कोई किसान 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित अधिसूचित एकत्रण केंद्र पर स्वयं फसल लेकर जाता है, तो उन्हें 2 रुपए प्रति किलो की दर से फ्रेट सब्सिडी भी दी जाएगी। चिंतपूर्णी के रपोह गांव के रविंद्र कुमार और बंगाणा के लठियाणी की सत्या देवी समेत अनेक नागरिकों ने इस निर्णय को किसानों को ताकत देने वाला बताते हुए तारीफ की है।

### प्राकृतिक खेती से किसानों की होगी खुशहाली

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देते हुए, मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक रूप से तैयार मक्की के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलो और गेहूं का मूल्य 40 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपए प्रति किलो करने की घोषणा की है। लोअर बढ़ेड़ा के किसान रघुवीर सिंह और ऊना के सासन के बलविंद्र का कहना है कि इस निर्णय से लोगों का जहरमुक्त खेती की ओर रुझान बढ़ेगा और युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री की हरोली में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क परियोजना को और गति देने और ऊना में छात्राओं के लिए होस्टल निर्माण समेत अन्य सभी जनकल्याणकारी घोषणाओं का भी क्षेत्रवासियों ने खुले मन से स्वागत किया है।

## बढ़ते कर्ज, बिकते नशे पर बजट में खास चर्चा नहीं : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सोमवार को मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा प्रदेश का बजट पेश किया गया है। इसमें उन्होंने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए कोई घोषणा नहीं की है। इस पर युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार को सत्ता से बेदखल करने का समय आ गया है। वर्तमान सरकार को युवाओं की कोई चिंता नहीं है, वहीं युवाओं के माता-पिता को हर समय एक ही चिंता रहती है।

सरकार को बजट में यह घोषणा करनी चाहिए कि हम कानून में संशोधन करके नशा कारोबारियों पर नियंत्रण करके प्रदेश को नशा मुक्ति की ओर अग्रसर करेंगे ताकि प्रदेश की छवि धूमिल न हो। इस सरकार ने शुरू से ही जनता को धोखा दिया है। जनता के साथ बड़े बड़े वादे किए और बाद में मुकर गए। प्रदेश की महिलाएं आज भी 1500 रुपए प्रति माह वाली स्कीम का इंतजार कर रही हैं। प्रदेश पर वर्तमान में 1,09,610 करोड़ रुपए का कर्ज है। कर्ज-जीएसडीपी अनुपात भी बढ़कर 48.26 प्रतिशत हो गया है। सुक्खू सरकार कर्ज का बोझ कम करने में विफल होती जा रही है, जो चिंताजनक है।

## तीसरे बजट में भी चुनावी गारंटियां हुईं बेसुध : भाजपा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा के सचिव सुमित शर्मा ने कांग्रेस सरकार का वित्तीय वर्ष 2025-26 का यह बजट मात्र शब्दों का मायाजाल बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में मुख्यमंत्री जिनके पास वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी भी है, ने अपने तीसरे बजट में चुनावी दस गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कोई भी सार्थक कदम नहीं दिख रहा है। न ही प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था में सुधार के लिए किसी भी तरह के सकारात्मक कदम की बात कही है।



सुमित ने कहा कि यह बजट युवा, महिला, किसान-बागवान विरोधी है इस बजट में यहां तक पेंशनर्स को भी लाभ लेने के लिए आयु के वर्गीकरण कि श्रेणी से गुजरना पड़ेगा। इस बजट में बहुत घोषणाएं की गई हैं, जो कि मात्र बजट बुक में मजबूत दिख रही हैं, परंन्तु इस घोषणाओं को लागू करने के लिए कांग्रेस सरकार के पास कोई पुख्ता योजना नहीं दिख रही, साथ ही बिगड़ती कानून व्यवस्था पर एक शब्द भी इस बजट में नहीं बोला गया जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है, जब आमजन के साथ पर्यटक की सुरक्षा के लिए इस बजट में कुछ नहीं है तो कैसे इको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म और होम स्टे टूरिज्म बढ़ेगा? प्रदेश के युवाओं को प्रति वर्ष एक लाख रोजगार मिलने की उम्मीद में था।

आज इस बजट में कोई घोषणा न होने से निराशा ही हाथ लगी है। गोबर खरीद की कोई बात इस बजट में नहीं की गई। बजट में कांग्रेस सरकार आने वाले समय में अपने वित्तीय कुप्रबंधन को छुपाने के लिए ओपीएस स्कीम से एनपीएस स्कीम में जाने का संकेत दिया है। पेंशनर्स को वित्तीय लाभ लेने के लिए अब आयु वर्गीकरण की सीमाओं से गुजरना पड़ेगा। मात्र 70-75 वर्ष की आयु के पेंशनर्स को वित्तीय लाभ देने की बात इस बजट में कही गई है।

वहीं, प्रदेश को प्राकृतिक खेती एवं हरित ऊर्जा के निर्माण से उद्योग, यातायात व्यवस्था को ई-व्हीकल में बदलकर देश का पहला राज्य बनाने की तैयारी इस बजट में की गई है। सुमित ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के बजट में पहले ही हरित ऊर्जा और सौर ऊर्जा को बढ़ाने का बल दिया गया और उसी योजना के लाभ से प्रदेश सरकार आगे बढ़ना चाह रही है। आगामी वित्त वर्ष में भानुपाली बिलासपुर रेललाइन पर प्रदेश सरकार ने अपने हिस्सेदारी देने के बारे में स्पष्ट स्टैंड नहीं दिखाया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्राकृतिक खेती, पशु पालन, भेड़ पालक, किसान, बागवान की आर्थिकी के उत्थान के लिए सिर्फ घोषणा की है, जबकि इसके लिए कोई पुख्ता योजना इस बजट में नहीं दिख रही।

## बजट में घोषणाएं पुरानी कागज नया : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राज्य की सुक्खू सरकार की तीसरे बजट पर कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बजट को पूरी तरह से विफल करार देते हुए इसे झूठ का झुनझुना बताया है। उनका आरोप है कि बीते वर्ष की बजट घोषणाओं में से कोई भी पूरी नहीं हुई। उन्होंने बेरोजगारी, महिलाओं के 1500 रुपए, सिंचाई की समस्या और माफियाओं पर कार्रवाई की विफलता को लेकर सरकार की आलोचना की है।

भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार के बजट में घोषणाएं पुरानी है, बस नए कागज पर नई पेंसिल से लिखकर एक वर्ष के बाद बजट को विधान सभा में पढ़ा गया है। भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार पर ठेकेदारों की 1400 करोड़ की देनदारी बकाया है। उसे सुक्खू सरकार कब देगी, इस पर चर्चा करते। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि इस बार का बजट केवल पुराने वादों की पुनरावृत्ति है।

# नैहरी खालसा में गोली लगने से गांव के दामाद की मौत

**विवेक शर्मा, अंब**

उपमंडल अंब के तहत नैहरी खालसा में गोली लगने से एक 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जिसकी पहचान राजेश कुमार (राजीव) पुत्र रणियां राम निवासी टिहरी ज्वालाजी कांगड़ा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी नैहरी खालसा के वार्ड संख्या पांच में अपने मायके में ही रहती थी, जबकि वह बद्दी में काम करता था। वह अपने ससुर के चवर्ख (चतुर्वाषिक श्राद्ध) के लिए दस दिन पूर्व यहां आया था और तब से गांव में ही रह रहा था।

रविवार शाम के लगभग साढ़े छ बजे वह देर शाम घर से अपने साले की लाईसेंसी बंदूक लेकर निकला था, जो कि रात के लगभग नौ बजे नैहरी खालसा के वार्ड संख्या चार में एक कुएं के पास मृत पाया गया। जब वह देर तक वापस नहीं लौटा तो उसकी पत्नी ने फोन कॉल किया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इस पर गांव के लोग ढूंढने गए तो पाया कि वह वार्ड संख्या चार में एक कुंए के पास मृत पड़ा था, जिसके गले के पास गोली का निशान था।

घटना की सूचना मिलने पर अंब के थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### आउटसोर्स कर्मियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने आउटसोर्स कर्मियों को 500 रुपए वेतन वृद्धि का तोहफा दिया है, जिससे उन्हें इस महंगाई के दौर में कुछ राहत मिलेगी। चिंतपूर्णी मंदिर में तैनात आउटसोर्स कर्मियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। इस वेतन वृद्धि से आउटसोर्स कर्मियों को न केवल आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी, बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा और स्थिरता भी मिलेगी। मुख्यमंत्री के इस फैसले से आउटसोर्स कर्मियों को अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन जीने का मौका मिलेगा।

## संतोषगढ़ बाजार में स्वागत कर रहे सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

घर-द्वार से कूड़ा उठाने की मुहिम अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं हो पा रही है। आपको बता दें कि नगर परिषद संतोषगढ़ में घर-द्वार से कूड़ा उठाने की मुहिम को अमलीजामा पहनाने के लिए 2018 में प्रस्ताव को पास किया गया था। इसमें बशर्ते घरों से 30 रुपए दुकान, स्कूल व बैंकों से 50 रुपए महीने का शुल्क तय हुआ था। इसके बाद घर-द्वार से कूड़ा उठना शुरू हो गया था।

समय बीतता गया, चुनाव के बाद नगर परिषद में नई कमेटी का गठन हो गया है। नगर में जगह जगह स्वच्छ भारत अभियान के होर्डिंग्स लगा दिए गए हैं। अब शहर में कूड़े के ढेर आने जाने वालों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी बन चुके हैं। कूड़ा उठाने की मुहिम दम तोड़ चुकी है। ऐसा ही दृश्य आपको रोजाना नगर की गोशाला के सामने देखने को मिलेगा। यहां पर रोज कूड़े का ढेर लगा होता है। इसे बाजार, दुकानदारों व लोगों की नासमझी या नगर परिषद की अनदेखी भी कहा जा सकता है।

> मामला ध्यान में आया है जिसको लेकर इस संबंध में स्थानीय दुकानदार व लोगों को एक बार हिदायत दी जाएगी कि कूड़ा बाहर न फेंकें। अगर हिदायत का पालन न किया गया तो चालान कर जुर्माना किया जाएगा। जिन लोगों ने सड़क के किनारे पशु बांध रखे हैं व गोबर के ढेर लगाए हैं, उनको भी नोटिस जारी किया गया है। हालांकि शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रचार की गाड़ी नगर में सूचना दे रही है।
>
> **अर्श रत्न, कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद संतोषगढ़**

स्थानीय लोगों संदीप, शांति, पवन समेत कई लोगों का कहना है कि समस्या के कारण क्षेत्र में बीमारी का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए व दुकानदारों को इस संबंधी सख्त हिदायत दी जाए। (अनंत ज्ञान)

## पूबोवाल में प्रशिक्षण के लिए 24 युवा किए चयनित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पूबोवाल में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला आयोजित किया गया। इस मेले में 6 औद्योगिक इकाइयों और 43 युवाओं ने भाग लिया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एसएल कालिया ने बताया कि मेले के दौरान अलग-अलग व्यवसायों में प्रशिक्षित 24 युवाओं को प्रशिक्षुता पोर्टल पर पंजीकृत किया गया और औद्योगिक इकाइयों ने प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए उनका चयन किया गया।

इस दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना (ग्रेड ए) से अंशुल भारद्वाज और आईटीआई मैहतपुर से विशाल चौधरी और पुबोवाल आईटीआई के स्टाफ सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बंगाणा उपमंडल में पशु गणना का 98 प्रतिशत कार्य पूरा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के उपमंडलीय पशु चिकित्सालय में 21वीं पशु गणना के कार्य प्रगति के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश जंगा ने कहा कि इस पशु गणना का कार्य 98 प्रतिशत पूरा हो चुका है और पशु पालकों से इस गणना में पशुओं की नस्ल, आयु, लिंग आदि की जानकारी एकत्र की गई है।

सुपरवाइजर तथा एन्यूमेरेटर, संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आज कार्यशाला के माध्यम से कर्मचारियों का इस कार्य सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए धन्यवाद किया गया। डॉ. अभिनव राणा ने बताया कि इस पशु गणना का कार्य मोबाइल ऐप के माध्यम के पूरा किया गया। डॉ. राजेश जंगा ने कहा इस गणना का उद्देश्य क्षेत्र में पशुपालन की स्थिति का मूल्यांकन करना है। गणना से पशुपालन में नस्ल सुधार के लिए भविष्य में योजनाएं बनाई जाएंगी।



पशुपालन विभाग बंगाणा की टीम।


पशु गणना से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पशु गणना के दौरान पशुपालकों से पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा पशु गणना से न केवल विभाग को बल्कि पशुपालकों को भी लाभ होगा और उनके लिए पशु पालन संबंधित योजना बनाते समय यह आंकड़े काम आएंगे।

उपमंडल में 21वीं पशु गणना का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के दौरान क्षेत्र के सभी पशुपालकों ने सक्रिय रूप से सहयोग दिया, जिससे पशु गणना सफल रही। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश जंगा ने सभी पशुपालकों का आभार व्यक्त किया। डॉ. राजेश जंगा ने कहा कि पशु गणना कुछ वर्षों में की जाती है, जिससे क्षेत्र में पशुओं की सही संख्या, उनकी नस्ल, स्वास्थ्य स्थिति और पालन-पोषण के तरीके की जानकारी प्राप्त होती है। यह आंकड़े सरकार और पशुपालन विभाग को योजनाएं बनाने में मदद करते हैं, जिससे पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं और योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर पशुपालकों से संपर्क किया और उनके पशुओं की विस्तृत जानकारी दर्ज की।

## भाजपा के शिमला प्रदर्शन में कुटलैहड़ से 350 कार्यकर्ता होंगे शामिल : शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सरकार पर विफलता के आरोप लगाए हैं। इन आरोपों के मद्देनजर भाजपा 27 मार्च को शिमला में विधानसभा के बाहर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करने जा रही है। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेशभर से हजारों कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है, खासकर कुटलैहड़ से 350 भाजपा कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में भाग लेने के लिए शिमला रवाना होंगे।



भाजपा आंदोलन व्यावसायिक अध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इन कार्यकर्ताओं की यात्रा और भोजन की पूरी व्यवस्था की गई है। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार बनने के बाद से राज्य की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण जनता त्रस्त हो चुकी है। गोलीकांड लाठीचार्ज, हत्या, मारपीट का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विकास कार्यों को ठप कर दिया है और जनकल्याणकारी योजनाओं में अनियमितताएं बढ़ी हैं।

शर्मा ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए 27 मार्च को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करने का फैसला किया है। यह प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्ण होगा, लेकिन इसमें राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर किया जाएगा। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में इस प्रदर्शन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

**फैसला** 11 अप्रैल को होगा हिमाचल पैरामिलिट्री संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव

# संगठन के अध्यक्ष ने किया पुरानी कार्यकारिणी को भंग

**अनंत ज्ञान, चौकीमनियार**

हिमाचल प्रदेश एक्स पैरामिलिट्री को-ऑर्डिनेशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन के पांच साल पूरा होने पर संगठन के अध्यक्ष वीके शर्मा (एक्स डीआईजी) ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। पूर्व टीम से उपाध्यक्ष नेहरटु, सेक्रेटरी सरवन सिंह और मुख्य प्रवक्ता मनवीर चंद कटोच नई टीम के गठन होने तक कार्यवाहक रहते हुए निष्पक्ष रूप से निर्वाचन समिति प्रक्रिया में मदद करेंगे।

**उम्मीदवार 5 अप्रैल तक भेज सकते हैं आवेदन**

नई कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया 11 अप्रैल को घुमारवीं (बिलासपुर) में सुबह 11 से शाम 2 बजे तक पूरी की जाएगी। निम्नलिखित पदों के लिए उम्मीदवारों के चुनाव होंगे अध्यक्ष -1, सीनियर उपाध्यक्ष -1, उपाध्यक्ष -4, सचिव -1, सेक्रेटरी जनरल 1, जनरल सेक्रेटरी 1, कोषाध्यक्ष -1, मुख्य प्रवक्ता -1 शामिल हैं। संगठन ने इच्छुक उम्मीदवार सदस्यों से आग्रह है कि 5 अप्रैल तक सभी अपना नामांकन प्रदेश सचिव सरवन कुमार को भेज दें। 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। अगर किसी पद के लिए नामांकन प्राप्त नहीं होता है तो उस पद के लिए उपस्थित जिलों एवं तहसीलों के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय ही अंतिम निर्णय माना जाएगा।

प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों से अनुरोध किया है कि अपने इलाकों में सदस्यों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि पैरामिलिट्री सदस्यों एवं वीर नारियों के हित के लिए एक निस्वार्थ एवं सक्षम टीम का गठन हो। संगठन ने हिदायत दी है कि सभी जिलों के अध्यक्ष अपने अपने संगठन से 3-3 सदस्यों का नाम और तहसील अध्यक्ष अपने संगठन से 2-2 सदस्यों के नाम निर्वाचन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए चयन कर सचिव सरवन सिंह को जल्द भेजने की कोशिश करें और चयनित किए गए सदस्यों के साथ संगठन के पैड लेटर के साथ संगठन की मेंबरशिप का रजिस्टर या फोटो कॉपी साथ जरूर भेजें।

बिलासपुर जिले का संगठन कि टीम चुनाव की सभी जरूरी व्यवस्थाओं के देखरेख आदि के सुचारु रूप से संचालन में मदद करेंगी। किसी भी अन्य जानकारी के लिए सेकेट्री सरवन सिंह से मोबाइल नंबर 9855819866 पर संपर्क कर सकते हैं।

पूर्व टीम अध्यक्ष वीके शर्मा अपनी समस्त कार्यकारिणी द्वारा पैरामिलिट्री सदस्यों के कल्याण में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है जिसमें पेंशन संबंधी समस्याओं को सही करवाने, सीजीएचएस सुविधा के लिए, बलिदानियों के परिवारों को सम्मान एवं सुविधा दिलवाने में, सदस्यों के साथ जमीनी फ्रॉड, अन्य समस्याओं होने पर उन्हें न्याय दिलवाने के लिए बहुत ही अहम भूमिका निभाने के लिए आभार प्रकट किया और बताया कि पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड के गठन के लिए भी कार्रवाई की गई है। उम्मीद है सरकार जल्द गठन करेगी। आगे भी सदस्य होने के नाते सभी सदस्य एकजुटता से कार्य करते रहेंगे।

## मास्टर रमेश शर्मा ने नशा माफिया पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र के भाजपा महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सक्रिय नशा माफिया के कारण बीते कुछ वर्षों में नौजवानों की वेशकीमती जानें जा चुकी हैं। इस पर सरकार का ढुलमुल रवैया चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बढ़ती नशाखोरी की समस्या प्रदेश के भविष्य को गर्व में धकेल रही है। प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। शर्मा ने कहा कि नशा माफिया के कारण पूरे प्रदेश में फिरौती, लूटपाट और हत्या की घटनाओं में इजाफा हुआ है। इससे आम जनता में डर का माहौल है।



इस समस्या को लेकर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा संघर्ष समिति बनाकर समाज में नशे के खिलाफ जन जागरण की मुहिम जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार से लेकर आम जनता को एक साथ मिलकर इसके लिए लड़ना होगा। शर्मा ने कहा कि आज की पीढ़ी को इस नशे जैसी बीमारी से बचना होगा। माता-पिता को बच्चों के साथ समय व्यतीत करना चाहिए। उनको खेलों के जरिए भी हम उनके मानसिक व शारीरिक संतुलन से उनको जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ-साथ हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि समाज में अपने आसपास के नशा व्यापारियों को अनावरित करना होगा। अगर देश का वर्तमान ही नशा माफिया के चुंगल में फंसकर अपना भविष्य अंधकारमय बना देगा, तो देश का भविष्य भी सुरक्षित नहीं होगा।

हिमाचल में युवा नशे के लिए चिट्टे का प्रयोग कर रहे हैं। इस पर कुटलैहड़ विधानसभा में भी चिंता जताई जा चुकी है। प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं है जहां चिट्टे की बरामदगी न हो, खासकर सीमांत जिलों ऊना, कांगड़ा,हमीरपुर के साथ लगते इलाकों में चिट्टे का प्रकोप अधिक है।

# अस्पताल में रोजाना 1500 रोगियों की ओपीडी, फिर भी सुलभ शौचालय नहीं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में आउटडोर पेशेंट्स को शौचालय की पर्याप्त सुविधा नहीं होने से इस वर्ग को बीमारी की हालत में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अस्पताल में रोजाना 1500 रोगी उपचार को पहुंचते हैं। बावजूद इसके आउट डोर पेशेंट्स के लिए एक मात्र शौचालय है। कोई रोकटोक नहीं होने से इसमें बाहरी लोग भी इसका उपयोग करते हैं। शौचायल में अत्यधिक बोझ होने से यहां हमेशा गंदगी का आलम रहता है। एमएस ऑफिस के बगल में महिला, पुरुषों का शौचालय है, लेकिन इसकी हालत इतनी खराब है कि यहां जाने से पहले मुंह ढक्कर जाना पड़ता है। महिला शौचालय की हालत खराब होने के साथ ही यहां एक ही टॉयलेट पॉट होने से अन्य महिलाओं को लाइन में लगना पड़ता है। इससे खासकर गर्भवती महिलाओं को दिक्कतें पेश आती हैं। महिला शौचालय के बगल में पुरुष शौचालय होने से यहां जाना महिलाओं के लिए असहज हो जाता है। शौचालय की गंदगी से संक्रमण का भी खतरा रहता है। ऐसे यहां पर सुलभ शौचालय की मांग है।

अस्पताल में बड़ी संख्या में महिलाएं उपचार को आती हैं। ऐसे में दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं को अस्पताल पहुंचने पर शौचालय की दिक्कत का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)



## सीनियर सिटीजन को भी दिक्कत

शौचालय की दयनीय हालत से सीनियर सिटीजन भी परेशानी झेलते हैं। पुरुषों के एकमात्र शौचालय में हमेशा भीड़ रहती है। ऐसे में बुजुर्गों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। बावजूद इसके आज तक अस्पताल में सुविधाओं से लैस शौचालय नहीं बन पाया। सीनियर सिटीजन डॉ. कुमार सिंह का कहना है कि जिले का सबसे बड़ा अस्पताल होने के बावजूद यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। पहले घंटों पर्ची काउंटर में खड़े रहना पड़ता है फिर अगर टॉयलेट जाना पड़े, तो यहां पर भी भीड़ रहती है। टॉयलेट की गंदगी देखकर वापस लौटना पड़ता है। सरकार बुनियादी सुविधाएं भी दे सकती है, तो ऐसे अस्पताल का क्या फायदा।

> अस्पताल में आने वाले रोगियों के लिए शौचालय की सुविधा तो है पर कई बार भीड़ के चलते दिक्कत हो जाती है। जगह की कमी के कारण नए टॉयलेट नहीं बन पा रहे हैं। हालांकि, साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जाएगी।
>
> **एमपी सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, सोलन अस्पताल।**

# सुख की सरकार का ऐतिहासिक बजट : मुसाफिर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़/सराहां**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर ने एक बेहतरीन बजट बताया।



उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग को राहत और खुशहाली प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने 58,514 करोड़ रुपए का बजट पेश कर किसानों, मजदूरों कर्मचारियों, युवाओं, बेरोजगारों को राहत प्रदान की है। बजट में गरीब बेटियों को सकून, तो बजुर्गों को सम्मान प्रदान किया गया है, जहां मजदूरों की दिहाड़ी में बढ़ोतरी की गई है। वहीं, आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम 12,750 वेतन देने का प्रावधान किया गया है। यही नहीं आंगनबाड़ी, आशा वर्कर्स, सिलाई शिक्षक, आईटी टीचर सभी के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए 'मुख्यमंत्री वृद्धजन देखभाल योजना' के तहत घरद्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। बजट में रोजगार के द्वार भी खोले गए हैं और 25,000 युवाओं को सरकारी नौकरी देंने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस में 1000 कांस्टेबल भर्ती तथा 4500 पैरावर्कर्स व मल्टी-टास्क वर्कर्स की भर्ती की जाएगी। मुसाफिर ने राजगढ़ में फायर स्टेशन खोलने के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

अनंत ज्ञान बजट विशेष

## बजट दिशाहीन, अव्यवहारिक और झूठे वादों का पुलिंदा: शैलेंद्र



**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा शहरी मंडल सोलन के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तुत 2025-26 के बजट को भाजपा पूरी तरह से दिशाहीन, अव्यवहारिक और झूठे वादों का पुलिंदा मानती है। यह बजट जमीनी सच्चाई से कोसों दूर है और केवल जनता को गुमराह करने के लिए तैयार किया गया है। राज्य की वित्तीय स्थिति पहले से ही गंभीर संकट में है, लेकिन इस बजट में कोई ठोस योजना नहीं है, जिससे प्रदेश को आर्थिक मजबूती मिल सके। हिमाचल पर बढ़ते कर्ज की अनदेखी कांग्रेस सरकार बनने के बाद हिमाचल प्रदेश पर तेजी से कर्ज का बोझ बढ़ा है। प्रदेश के कर्मचारियों को केवल 3 फीसदी डीए किश्त देकर 8 फीसदी पर डाका मारने की इस बजट में कोशिश की गई है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान 10 गारंटियों का वादा किया था, लेकिन इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। 5 लाख नौकरियों की बात करने वाली कांग्रेस सरकार ने एक भी रोजगार देने की कोई नीति नहीं बनाई। शराब पर टैक्स बढ़ाने से आम जनता और पर्यटन उद्योग प्रभावित होगा। बजट में केंद्र की सहायता पर पूरी तरह निर्भर रहने की मानसिकता झलकती है।

## समावेशी विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया बजट: मुकेश

**अनंत ज्ञान, सोलन**



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया, जिसका प्रस्तावित आकार 58 हजार 514 करोड़ है। जोगिंद्रा बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने कहा कि यह बजट राज्य के सतत विकास, समावेशी विकास और आम जनता के कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया है। बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए एक मजबूत रोडमैप प्रस्तुत किया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। गाय का दूध 45 से बढ़ाकर 51 प्रति लीटर भैंस का दूध 55 से बढ़ाकर 61 प्रति लीटर करना महत्वपूर्व पहल है। 70 साल से अधिक उम्र के नागरिकों की होगी घरद्वार पर स्वास्थ्य जांच सराहनीय कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### बस अड्डे में 3.8 ग्राम चिट्टे के साथ एक काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कच्चा टैंक पुलिस चौकी की टीम ने गश्त के दौरान नाहन प्रमुख बस स्टैंड से एक स्थानीय व्यक्ति के कब्जे से 3.8 ग्राम चिट्टा पकड़ा। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी बस स्टैंड नाहन में चिट्टा बेचने का काम करता है। एसपी ने बताया कि इस मामले आरोपी आकाश वर्मा उर्फ सोनू पुत्र स्वर्गीय सतीश कुमार निवासी बाजार गन्नू घाट नाहन को हिरासत में लिया गया है। नेगी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### उद्घोषित अपराधी हरियाणा से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर की पीओ सेल ने उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस थाना कालाअंब के तहत विभिन्न अपराधों में संलिप्त वांछित अपराधी कृष्ण कुमार, पुत्र जसरत, निवासी ग्राम कसेरला, तहसील बराड़ा, हरियाणा के जिला कुरुक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। यह आरोपी करीब एक साल से फरार था और वर्ष 2024 से सिरमौर पुलिस की सूची में था। इस वर्ष अब तक सिरमौर पुलिस ने 2 उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के इस अभियान से इलाके में अपराधियों के बीच खौफ का माहौल बन गया है।

### 16 से 30 अप्रैल तक होगी वन मित्रों की ज्वाइनिंग

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल फॉरेस्ट रेंज के तहत चयनित वन मित्रों की ज्वाइनिंग 16 से 30 अप्रैल तक होगी। यह जानकारी रेंज ऑफिसर चायल अनील ठाकुर ने कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। चायल की छह वन बीट के लिए चयनित वन मित्रों को ऑफर लेटर भेजे जा चुके हैं। ज्वाइनिंग के बाद इन वन मित्रों का एक से सात मई तक वन प्रशिक्षण संस्थान चायल में प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री इन्हें विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर सेवाओं के लिए रवाना करेंगे।

### डॉ. कुलदीप जूरी सदस्य के रूप में नियुक्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय महाविद्यालय कफोटा, जिला सिरमौर, गर्व के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मना रहा है, जो न केवल इस संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र और देश के लिए गौरव का विषय है। कॉलेज के सम्मानित प्राचार्य डॉ. कुलदीप सिंह को वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल द्वारा विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अपील जूरी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित आयोजन 21 से 23 मार्च तक चीन के नानजिंग में आयोजित होगी। यह नियुक्ति एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि डॉ. कुलदीप सिंह वर्ल्ड एथलेटिक्स के इस तकनीकी पद को संभालने वाले पहले भारतीय बने हैं। उनकी यह उपलब्धि उनके व्यापक अनुभव, गहन विशेषज्ञता और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स में असाधारण योगदान का प्रमाण है। डॉ. कुलदीप सिंह की यह उपलब्धि न केवल राजकीय महाविद्यालय कफोटा के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह वैश्विक खेल जगत में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को भी रेखांकित करती है। विश्व एथलेटिक्स आयोजनों में अपील जूरी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो प्रतियोगिताओं के दौरान उठाए गए विवादों और औपचारिक विरोधों का निष्पक्ष तरीके से समाधान सुनिश्चित करती है। विश्व एथलेटिक्स तकनीकी नियम 8 के अनुसार, जूरी रेफरी द्वारा संदर्भित विवादों या एथलीटों अथवा उनके प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का पारदर्शी समाधान करती है।

### हीरा लाल को फिर लीग के प्रधान की कमान



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट भराड़ीघाट लीग की त्रैमासिक बैठक हुई। बैठक में नई सदस्यता, स्थायी कैंटीन और वार बिडो की चैशन के बारे में चर्चा की गई। पिछली कार्यकारिणी के पांच वर्ष पूरा होने के उपरांत नई कार्यकारणी का गठन जिला उपप्रधान कैप्टन धर्मेंद्र की अध्यक्षता में हुआ। नई कार्यकारणी में सर्वसम्मति से दाड़लाघाट भराड़ीघाट लीग के अध्यक्ष हीरा लाल को पुनः कार्यकारणी के प्रधान पद के लिए चुना गया। इसके अलावा ललित गौतम को सचिव, प्रेम लाल को कोषाध्यक्ष और बृजलाल शर्मा, सुरेश कुमार, हरी चंद को सदस्य के रूप में चुना गया। नरायण दत्त को कमेटी के मुख्य सलाहकार के रूप में शामिल किया गया। यह कार्यकारणी आगामी पांच वर्षों तक आम सहमति से चुनी गई है। नवनिर्वाचित प्रधान हीरा लाल ने कहा कि वे कार्यकारणी के साथ मिलकर काम करेंगे और लीग को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। हीरा लाल ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाएंगे और लीग के सदस्यों के हितों की रक्षा करेंगे।

### एसएमसी अध्यक्ष व सदस्यों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** समग्र शिक्षा के सौजन्य से एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लॉक एलिमेंट्री एजुकेशन ऑफिस सोलन हरि राम चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम में 22 उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के 45 एसएमसी अध्यक्ष व सदस्यों ने भाग लिया। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को समाज में फैल रहे नशे के दुष्प्रभाव और इससे बच्चों को दूर रखने व बचाने के बारे में जागरूक किया। कार्यशाला के स्रोत व्यक्ति सोलन से डॉ. राम गोपाल शर्मा व भागीरथी शर्मा ने प्रतिभागियों को पाठशाला प्रबंधन समिति के अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ बच्चों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हमारी पाठशाला हमारा गौरव, हमारी पाठशाला हमारा सम्मान पर भी सभी के साथ चर्चा परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए केंद्र अध्यक्ष किशोरी लाल राणा, समग्र शिक्षा से तनुजा शर्मा अभिषेक, दीक्षित, प्रियंका व अंजू ने भी अपनी सेवाएं दीं। कार्यशाला के समन्वयक राजेश शर्मा ने सभी का शिक्षा खंड सोलन की ओर से आभार प्रकट किया गया।

# संगड़ाह-हरिपुरधार मार्ग पर ब्रेक फेल होने से पहाड़ी से टकराई बस

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले के संगड़ाह-हरिपुरधार मार्ग पर एक निजी बस के ब्रेक फेल हो जाने के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सोमवार सुबह हरिपुरधार से संगड़ाह की ओर आ रही मीनू कोच नामक बस डूम का बाग क्षेत्र के पास पहाड़ी से टकरा गई।

इस दुर्घटना में करीब एक दर्जन यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। घायलों में शामिल कुछ यात्रियों ने बताया कि ब्रेक फेल होने के बाद चालक ने स्थिति को संभालते हुए बस को सड़क के ऊपरी हिस्से में पहाड़ी से टकरा दिया, अगर ऐसा नहीं किया जाता, तो बस गहरी खाई में गिर सकती थी, जिससे गंभीर हादसा हो सकता था। हादसे के बाद कुछ घायल यात्रियों को संगड़ाह अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार दिया गया। वहीं, पुलिस थाना संगड़ाह के मुख्य आरक्षी का कहना है कि अभी तक इस मामले की कोई अधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।



**एक दर्जन से यात्रियों को आई हल्की चोटें, संगड़ाह अस्पताल में दिया प्राथमिक उपचार**

## वन टाइम सेटलमेंट के तहत घटाए नॉन कंस्ट्रक्शन चार्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमुडा ने अपनी विभिन्न कॉलोनियों में लंबित नॉन कंस्ट्रक्शन चार्ज और वॉच एंड वार्ड चार्ज को वन टाइम सेटलमेंट के तहत राहत दी है। यह योजना अप्रैल 2025 तक लागू रहेगी।

वन टाइम सेटलमेंट के तहत नॉन कंस्ट्रक्शन चार्ज लागत के एरियर पर 1 फीसदी चार्ज लिया जाएगा। इसी तरह डेफॉल्टिड इंस्टॉलमेंट्स की सेटलमेंट पर 12 फीसदी चार्ज की जगह 4 फीसदी इंटरेस्ट लिया जाएगा। इसके अलावा वार्ड चार्ज को भी 0.2 फीसदी से घटाकर 0.1 फीसदी किया गया है। हिमुडा सोलन के सहायक अभियंता ने सपरून और बसाल के अलॉटीज से विभागीय स्कीम का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# राज्यपाल ने बद्रिका आश्रम के श्री हरि मंदिर में की पूजा-अर्चना



**अनंत ज्ञान, नाहन**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जिला सिरमौर के राजगढ़ उपमंडल के अंतर्गत गांव शलामू स्थित श्री बद्रिका आश्रम का दौरा किया।

इस अवसर पर उन्होंने श्री हरि मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बद्रिका आश्रम के संस्थापक ओम स्वामी से भेंट की तथा बद्रिका आश्रम द्वारा चलाई जा रही आध्यात्मिक, योग तथा साधना संबंधी जानकारी हासिल की। ओम स्वामी ने राज्यपाल को शॉल व टोपी भेंट की। इस दौरान लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल, बेटी नीति व दामाद अमित त्रिपाठी, नाती कुमारी अंबिका तथा अनिका, बद्रिका भी राज्यपाल के साथ थे। आश्रम संचालक साध्वी श्रद्धा ओम, ट्रस्टी राजीव मित्तल, डीसी सोलन मनमोहन शर्मा, कार्यकारी उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा, पुलिस अधीक्षक निश्चिंत नेगी, पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**आश्रम की चलाई जा रही आध्यात्मिक, योग व साधना संबंधी जानकारी हासिल की**

# विमल नेगी की गुमशुदगी को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, सोलन**

किन्नौर कल्याण समिति सोलन के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) विमल नेगी की गुमशुदगी को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेकर पुलिस और पॉवर कॉर्पोरेशन से विमल नेगी को खोजने के लिए पुलिस प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए जाने की मांग की। समिति के प्रधान विवेकानंद नेगी और महासचिव राज तिलक नेगी ने कहा कि विमल नेगी को एक कर्मठ और समर्पित अधिकारी के तौर पर जाना जाता है। उनके अचानक गुम होने से उनका परिवार गहरे सदमे में है। कल्याण समिति भी विवेक नेगी के कुशलक्षेम को लेकर चिंता में है।

उन्होंने कहा कि पुलिस पिछले पांच दिन से विवेक नेगी का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ऐसे में सरकार नेगी की खोज के लिए एसआईटी गठित करें, ताकि एक काबिल अधिकारी को जल्द खोजा जा सके। कल्याण समिति के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि सरकार विवेक नेगी के मामले को गंभीरता से लेकर परिवार को न्याय दिलाएगी।

**कहा- पुलिस पिछले पांच दिन से नहीं लगा पाई कोई सुराग**

## एबीवीपी ने बढ़ते नशे के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्री रेणुका जी इकाई ने क्षेत्र में बढ़ते नशे के जाल और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ आवाज बुलंद की है। इसी क्रम में एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी प्रियंका चौहान को ज्ञापन सौंपकर ड्रग माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी प्रियंका ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है, जिससे युवा पीढ़ी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। थाना प्रभारी ने एबीवीपी के इस अभियान की सराहना करते हुए नशे के खिलाफ ठोस से ठोस कदम उठाने व अपने आस-पास के लोगों को नशे के बारे में जागरूक करने को कहा। परिषद ने मांग की है कि नशे के अड्डों पर छापेमारी की जाए और इस अवैध व्यापार में शामिल बड़े सरगनाओं को बेनकाब किया जाए। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# एबीवीपी का प्रदर्शन, शिमला प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप



**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में हालही में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और एसएफआई छात्र संगठनों के बीच विवाद हुआ, जो बाद में खूनी संघर्ष में बदल गया।

इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों संगठनों से जुड़े छात्रों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, एबीवीपी ने आरोप लगाया है कि पुलिस केवल उनके संगठन पर एकतरफा कार्रवाई कर रही है और एसएफआई के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया है। इसी विरोध में नाहन की एबीवीपी इकाई ने प्रदर्शन किया। छात्र संगठन के सदस्य हाथों में नारों की तख्तियां लेकर डीसी कार्यालय में धरने पर बैठ गए। इस प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए एबीवीपी नाहन अध्यक्ष पारस ठाकुर ने कहा, यूनिवर्सिटी में एसएफआई ने कायराना हमला किया है और पुलिस प्रशासन शिमला में केवल एबीवीपी के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, जो एकतरफा है। पारस ठाकुर ने शिमला प्रशासन और प्रदेश सरकार को चेतावनी दी, यदि जल्द इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो एबीवीपी उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

## कलाकेंद्र कोठों में होगा चूड़ेश्वर सेवा समिति का महाधिवेशन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चूड़ेश्वर सेवा समिति की सोलन इकाई की बैठक प्रधान प्रदीप मंमगाई की अध्यक्षता में हुई।

बैठक का संचालन सोलन समिति के महासचिव सुभाषअत्री ने किया। बैठक में 6 अप्रैल को सोलन में होने वाले चूड़ेश्वर सेवा समिति के महाधिवेशन के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस बार का महाधिवेशन 6 अपैल को सोलन के कोठों स्थित कलाकेंद्र में होगा। बैठक में सदस्यों ने सफल आयोजन के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में केंद्रीय समिति के पूर्व प्रधान बलदेव चौहान के अलावा वरिष्ठ सदस्य रमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्यपाल ठाकुर, मनोज पुंडीर, हरिंद्र सिंह, दर्शन सिंह पुंडीर, योगराज चौहान, वरुण चौहान, देवेंद्र शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

**आयोजन** भाजपा नाहन विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडलों की बैठक हुई आयोजित

# विधानसभा घेराव के लिए बनाई रणनीति



**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा नाहन विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडलों की बैठक नाहन में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश सचिव और सिरमौर जिला प्रभारी डेजी ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद रही। बैठक के दौरान हाल में पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए नए पदाधिकारियों की उनके परिचय के साथ चर्चा हुई।

डेजी ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा की संगठनात्मक प्रक्रिया पूरी हुई है। भाजपा एकमात्र संविधान को मनाने वाली पार्टी है और संविधान के मुताबिक ही पार्टी के भीतर चुनावी प्रक्रिया अमल में लाई जाती है। डेजी ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 27 मार्च को भाजपा हिमाचल विधानसभा का घेराव करेगी। इस दौरान जनाक्रोश रैली का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। विधानसभा घेराव में सिरमौर जिले से भी बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा हुई है, जिससे लोग अब डर के साए में जी रहे हैं और यही कारण है कि आम जनता प्रदेश सरकार से आक्रोशित है। बैठक में जिला अध्यक्ष भाजपा धीरज गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता, बाला सुंदरी नाहन मंडल के अध्यक्ष सुशील शर्मा, महामंत्री राजीव चौधरी, धारटी नाहन मंडल के संजय पुंडीर, महामंत्री वीरेंद्र, माता कटासन नाहन मंडल के अध्यक्ष मलकीत चौधरी, महामंत्री अमित गुप्ता, अमर सिंह आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## विधानसभा घेराव में बढ़-चढ़कर भाग लें कार्यकर्ता: मेलाराम शर्मा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और संगड़ाह भाजपा मंडल के अध्यक्ष बलबीर ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से भाजपा द्वारा 27 मार्च को शिमला में आयोजित किए जा रहे विधानसभा के घेराव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि 27 को शिमला में भाजपा द्वारा आयोजित हल्ला बोल और विधानसभा घेराव में पूरे प्रदेश से हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे और सुक्खू सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे। पूरे प्रदेश से सभी विधानसभा चुनाव क्षेत्रों से हजारों भाजपा कार्यकर्ता शिमला के लिए कूच करेंगे और वहां विधानसभा घेराव के कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। उन्होंने सिरमौर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आम जनता से भी अपील की है कि सुक्खू सरकार की दमनकारी नीतियों के कारण आम जनता परेशान हो चुकी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता अब दुखी होकर इस सरकार के झूठे छलावे में आने वाले नहीं है इसलिए इस सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर सरकार की दमनकारी नीतियों को उजागर करना होगा। मेलाराम शर्मा ने बताया कि सिरमौर के प्रत्येक मंडल से कम से कम 200 कार्यकर्ताओं को शिमला भेजने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा आम जनता के लोग भी इस धरना-प्रदर्शन में भाग लेने के लिए भारी संख्या में शिमला पहुंचेंगे।

# रेलवे लाइन के आसपास की झाड़ियां बनीं नशे का अड्डा



रेलवे लाइन और हाउसिंग कॉलोनी के बीच की झाड़ियों में पड़े नशीली दवाइयों के रैपर।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

युवाओं में बढ़ती नशावृत्ति समाज के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। पुलिस चौकी सपरून के तहत कालका-शिमला रेलवे लाइन के आसपास की झाड़ियां नशे का अड्डा बन गई हैं।

पुलिस की गश्त के बावजूद नशेड़ी झाड़ियों की आड़ में नशे की गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं। नशेड़ी झाड़ियों की आड़ में दिनभर पड़े रहते हैं। इसका अंदाजा रेलवे लाइन के आसपास की झाड़ियों में पड़े नशीली दवाइयों के रैपर से लगाया जा सकता है। इससे रेलवे लाइन के आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को नशेड़ियों की हरकतों का सामना करना पड़ता है। नशेड़ी रास्तों से गुजरती महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं, ऐसे में इस वर्ग को असुरक्षित माहौल में कार्य स्थल जाने को मजबूर होना पड़ता है। साथ ही लोगों को अपने बच्चे भी नशेड़ियों के संपर्क में आने का अंदेशा रहता है।

ऐसे में हाउसिंग कॉलोनी और क्लीन के लोगों ने पुलिस प्रशासन से रेलवे लाइन के आसपास की झाड़ियों पर गश्त बढ़ाने की मांग की है। इसके अलावा स्थानीय पार्षदों से कॉलोनी की तरफ आने-वाले रास्तों की बाड़बंदी किए जाने की मांग की है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया



**एजेंसी, मैड्रिड।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है और गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको यह मैच हारने के कारण तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके 28 मैच में 56 अंक हैं।

### न्यूकासल ने इंग्लिश लीग कप जीता




**एजेंसी, लंदन।** न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता और इस तरह से किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडेरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया, लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा कि 70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है। इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज फेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।

### इंडियन वेल्स में मीरा-जैक बने चैंपियन



**एजेंसी, इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई। पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

### मैट ने जीती लॉस एंजिलिस मैराथन



**एजेंसी, लॉस एंजिलिस।** मैट रिचटमैन ने 40वीं वार्षिक लॉस एंजिलिस मैराथन जीती और इस तरह से पिछले 31 साल में यह खिताब जीतने वाले पहले अमेरिकी धावक बन गये। उन्होंने दो घंटे, सात मिनट, 56 सेकंड का समय लेकर अपना व्यक्ति गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनसे पहले यह मैराथन जीतने वाले आखिरी अमेरिकी धावक पॉल पिलकिंगटन थे जिन्होंने 1994 में यह कारनामा किया था। कीनिया के अथानास किओको 2:10.55 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कीनिया के ही मोसेस कुर्गट ने 2:13.13 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की दौड़ में इथियोपिया की तेजिनेश तुलु ने 2:30.16 का समय लेकर खिताब अपने नाम किया।

# स्विस ओपन में सिंधू और लक्ष्य को दोबारा फॉर्म हासिल करने की उम्मीद

## इंडिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका से होगा दो बार की ओलंपिक पदक विजेता का सामना

**एजेंसी, बासेल**

**स्टार** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन यहां मंगलवार से शुरू हो रहे 250000 डॉलर इनामी राशि के स्विस ओपन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा।

वहीं लक्ष्य भी भारत के ही एचएस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं। तीन साल पहले यहां खिताब जीत चुकी सिंधू आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में पिछले सप्ताह पहले ही दौर में हार गई थी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य आल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और सिंधू, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं। लक्ष्य और प्रणय का यह पेरिस ओलंपिक के बाद एक दूसरे से पहला मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे लक्ष्य ने पिछले सप्ताह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया था जबकि चिकनगुनिया से उबरकर वापसी करने के बाद प्रणय शुरूआती दौर से ही बाहर हुए हैं ।

महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। कश्यप का सामना क्वालीफायर से तो अपराजिता की टक्कर डेनमार्क की लाइन होमार्क के से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से खेलेंगी। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा जबकि प्रियांशु राजावत स्विटजरलैंड के टोबियास कुएंजी से खेलेंगे।

महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर एलाइन म्यूलर और केली वान बुइटेन से होगी। वहीं प्रिया के और श्रुति मिश्रा तथा आरती साहा और वर्षिणी विश्वनाथ की जोड़ी भी इस वर्ग में खेलेगी।

CSK IPL 2019 Controversy

# 6 साल बाद एमएस धोनी ने कबूली अपनी गलती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक बड़ा खुलासा किया है। मामला 2019 के आईपीएम मैच का है, जब चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच जयपुर में हुए एक मैच के दौरान धोनी विवादों में घिर गए थे। उस मैच के आखिरी ओवर में सीएसके को 18 रन चाहिए थे। धोनी आउट हो चुके थे। तभी अंपायर के नो-बॉल के एक फैसले को बदलने पर धोनी गुस्से में मैदान में उतर गए थे। इस विवाद ने उस समय काफी सुर्खियां बटोरी थी। इसके लिए उन पर जुर्माना भी लगा था। 6 साल बाद धोनी ने इसे अपनी 'बड़ी गलती' माना है।



धोनी ने एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान इस मामले को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह आईपीएल के एक मैच में हुआ था, जब मैं मैदान पर चला गया था। यह एक बड़ी गलती थी। धोनी ने कहा कि ऐसे कई मौके आए हैं जब कुछ चीजें आपको भड़का देती हैं। हम एक ऐसे खेल में हैं जहां दांव बहुत ऊंचे होते हैं, आपसे हर मैच जीतने की उम्मीद की जाती है। आपको बहुत सी चीजें मैनेज करनी पड़ती हैं। धोनी ने आगे कहा कि, इसलिए मैं कहता हूं कि जब आप थोड़े गुस्से में या निराश हों, तो अपना मुंह बंद रखें।

# बेकहम, एसो अल्बान व रोजित ने यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**डेविड** बेकहम, एसो अल्बान और रोजित सिंह की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की के कोन्या में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में पुरुष टीम स्प्रिंट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। भारतीय टीम ने 14 से 16 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 44.187 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने पिछले साल एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में बनाए गए 44.451 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। भारतीय खेल प्राधिकरण ने एक्स पर लिखा कि तुर्की में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में पुरुष टीम स्प्रिंट में 44.187 सेकंड का समय लेकर एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने पर हमें अपने प्रतिभाशाली साइकिल चालकों डेविड बेकहम, एसो अल्बान और रोजित सिंह पर बहुत गर्व है। आप पर बहुत गर्व है चैंपियंस।

भारतीय टीम हालांकि रैंकिंग में 11वें स्थान पर रही। ग्रेट ब्रिटेन ने 42.060 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान (42.194) और ऑस्ट्रेलिया (42.352) ने , मशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

# इंजमाम बोले-हम कई क्षेत्रों में कर रहे हैं गलतियां

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने देश में क्रिकेट के पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए इस खेल को संचालित कर रहे लोगों की कई क्षेत्रों में की गई गलतियों को जिम्मेदार ठहराया। इंजमाम में लाहौर में पत्रकारों से कहा कि पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन में बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि हम सही दिशा में काम नहीं कर रहे हैं और कई क्षेत्रों में लगातार गलतियां कर रहे हैं। राष्ट्रीय चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष इंजमाम ने आगाह किया कि अगर जल्द ही ठोस योजना तैयार नहीं की गई तो यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने इसके लिए टीम प्रबंधन, कोच और खिलाड़ियों में लगातार बदलाव को जिम्मेदार ठहराया। इंजमाम ने कहा कि मेरा मानना है कि क्रिकेट बोर्ड को अब अपनी गलतियों से सीख लेनी चाहिए और उन गलतियों को दोहराने से बचना चाहिए जो वह पिछले दो वर्ष से कर रहे हैं।

# मैं कभी हार नहीं मानता : हार्दिक पांड्या

## बोले- मेरे लिए पिछले कुछ माह में समय का पहिया 360 डिग्री घूम गया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत के** स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया, लेकिन वह मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे। पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बाद उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा।

हार्दिक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले कहा कि मैं कभी हार नहीं मानता। मेरे करियर में कुछ ऐसे दौर भी आए जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था।

उन्होंने कहा किमुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई तो यह उससे भी ज्यादा था जितना मैंने सोचा था।

हार्दिक ने कहा कि इस छह महीने के समय में हमने विश्वकप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला उससे मैं अभीभूत था। मेरे लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया था।

### मैं लगभग 11 वर्ष से खेल रहा हूं आईपीएल



**हार्दिक** ने कहा कि मैं लगभग 11 वर्ष से आईपीएल खेल रहा हूं तथा प्रत्येक सत्र आपके अंदर एक नई ऊर्जा और सकारात्मक भाव पैदा करता है। पिछला सत्र निश्चित तौर पर एक टीम के रूप में हमारे लिए चुनौती पूर्ण था लेकिन इससे हमें काफी अच्छी सीख मिली। उन्होंने कहा कि हमने इन सीख का विश्लेषण किया व 2025 के लिए अपनी टीम तैयार करते समय इन्हें लागू किया। इस बार हमारे पास काफी अनुभवी टीम है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेली है और यह उत्साह जनक है। पंड्या ने हाल ही में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के विजय अभियान में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद शमी के साथ नई गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हम हर समय एक दूसरे को करते हैं प्रेरित: नवदीप सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पैरालिंपिक खेल 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह का मानना है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स पैरा एथलीटों के निरंतर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह देश में पैरा खेलों को बढ़ावा देने में सरकार की गहरी दिलचस्पी को दर्शाता है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स (केआईपीजी 2025) का दूसरा संस्करण वीरवार से शुरू होने वाला है। अर्जुन पुरस्कार विजेता एथलीट ने बताया कि कैसे यह टूर्नामेंट पैरा एथलीटों के लिए खेल इकोसिस्टम विकसित करने में मदद कर रहा है। नवदीप ने कहा कि केआईपीजी 2025 वरिष्ठ एथलीटों के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक बेहतरीन मंच है। हम हर समय एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं। यह हमें अपने प्रशिक्षण मॉड्यूल का परीक्षण करने और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों का अभ्यास करने में मदद करता है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभ्यास शिविर शुरू

## कोच क्रेग फुल्टन बोले- हाल के प्रदर्शन का करेंगे विश्लेषण

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम के कोर ग्रुप में शामिल 36 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर सोमवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) परिसर में शुरू हो गया और मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि इसमें टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाएगा। शिविर का समापन 28 मार्च को होगा। फुल्टन ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए यह सत्र बेहद व्यस्त रहा और उन्हें लगातार प्रतियोगिताओं में कड़े मैच खेलने पड़े। इस शिविर में टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के अलावा फिटनेस और अनुकूलन पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास अब यूरोप में प्रो लीग के अगले चरण के मैचों के लिए तैयारी करना होगा और मुझे यह देखने में भी दिलचस्पी होगी कि कुछ नई प्रतिभाएं अपेक्षाओं पर कैसे खरा उतरती हैं।

अगले सप्ताह शादी करने वाले स्ट्राइकर मनदीप सिंह को शिविर से छूट दे दी गई है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में भारतीय टीम ने घरेलू मैदान पर खेले गए आठ मैचों में से पांच में जीत से प्रभावित किया। भारतीय टीम वर्तमान में प्रो लीग तालिका में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड और बेल्जियम 16 अंकों के साथ क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं।



### इस प्रकार हैं शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ी

**गोलकीपरः** कृष्ण बहादुर पाठक, पवन, सूरज करकेरा, मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार।

**डिफेंडरः** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, अमनदीप लाकड़ा, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच।

**मिडफील्डरः** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, पूवन्ना सीबी।

**फॉरवर्डः** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, आदित्य अर्जुन लालगे, बॉबी सिंह धामी, सुदीप चिरमाको, सेल्वम कार्थी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, उत्तम सिंह।

# पंजाब किंग्स से देर से जुड़ेंगे अफगानिस्तान के उमरजई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अफगानिस्तान** के ऑलराउंडर अजामतुल्लाह उमरजई व्यक्तिगत कारणों से 22 मार्च से शुरू होने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी टीम पंजाब किंग्स से देर से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी सोमवार से आ रहे हैं लेकिन आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर उमरजई 20 मई को ही टीम से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम सत्र का अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा कि उमरजई के घर में कुछ समस्या है। वह 20 मई तक भारत में रहेंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी पहुंचना शुरू हो गए हैं।

इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने सोमवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं जो अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे सहित अन्य सभी यहां पहुंच गए हैं। नाथन जल्द ही टीम में शामिल होंगे। गुजरात टाइटंस में कप्तान शुभमन गिल रविवार रात टीम में शामिल हो गए, जबकि न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स के आने का इंतजार है। एक सूत्र ने कहा कि ग्लेन फिलिप्स मंगलवार तक टीम से जुड़ जाएंगे।




**पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी पंजाब किंग्स**

# बीएफआई चुनाव : अध्यक्ष पद के लिए अजय सिंह को कलिता और भंडारी से मिलेगी चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लगातार** तीसरी बार अध्यक्ष बनने की कवायद में लगे भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के मौजूदा प्रमुख अजय सिंह को इस खेल महासंघ के 28 मार्च को होने वाले बहु प्रतीक्षित चुनाव में महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी की चुनौती का सामना करना होगा। अजय सिंह स्पाइसजेट एयरलाइंस के अध्यक्ष भी हैं और उनके नाम का प्रस्ताव उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ ने किया। अध्यक्ष पद के लिए उनका मुकाबला असम मुक्केबाजी संघ के सचिव कलिता और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष भंडारी से होगा।

भंडारी ने उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन किया है, जो वर्तमान में उनके पास है। केरल राज्य मुक्केबाजी संघ के सचिव डी चंद्रलाल अध्यक्ष पद के चौथे दावेदार हैं। चुनाव गुरुग्राम में बीएफआई की वार्षिक आम बैठक के दौरान होगा। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 मार्च थी। पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के भी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने की उम्मीद थी और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने अपने प्रतिनिधि के रूप में उनका नाम भेजा था। लेकिन उनका नाम उस मतदाता सूची में नहीं था जिसे अजय सिंह ने अंतिम रूप दिया था। कलिता ने हालांकि उन्हें एक अलग सूची में शामिल किया था लेकिन चुनाव अधिकारी आर के गौबा ने स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए बीएफआई प्रमुख द्वारा दी गई सूची को मंजूरी दे दी। सिंह ने कहा था कि ठाकुर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए अयोग्य हैं। ठाकुर के गुट ने उस फैसले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने से इनकार नहीं किया है।



### सचिव पद के लिए मैदान में उतरे कई उम्मीदवार

**सचिव** पद के लिए कई उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के प्रमोद कुमार, कर्नाटक के सतीश एन, ओडिशा के अनिल कुमार बोहिदार और निवर्तमान कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश) शामिल हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए दिग्विजय ने भी नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा आठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और इतनी ही संख्या में क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भी चुने जाने हैं। नामांकन की जांच मंगलवार को होगी, जबकि वैध नामांकन और नाम वापसी की सूची 19 मार्च को जारी की जाएगी।

रिप्लेसमेंट


22 मार्च से होगा आईपीएल का आगाज, मैच शुरू होने से पहले नियमों में बड़ा बदलाव

# अब बीच मैच में भी टीम बदल सकते हैं कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आईपीएल** का आगाज 22 मार्च से होने वाला है। जिसे लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। वहीं आईपीएल 2025 के लिए एक नियम लागू हुआ है जिसका इस्तेमाल सभी टीमों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही कर दिया है और ये नियम खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट से जुड़ा हुआ है। आईपीएल 2025 के शुरू होने से पहले कई टीमों में रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को शामिल किया जा रहा है। ये प्लेयर्स सीजन के पहले ही नहीं बल्कि सीजन के बीच भी खिलाड़ी बदल सकते हैं। आईपीएल 2025 से पहले बीसीसीआई ने इस नियम में थोड़ा बदलाव किया है।

बीसीसीआई ने इस नियम के तहत साफ तौर से कहा कि, सीजन शुरू होने से पहले और सीजन के दौरान अगर किसी खिलाड़ी को कोई चोट आती है या बीमारी होती है तो टीम उनकी जगह नए खिलाड़ी को अपने टीम में शामिल कर सकते हैं। वहीं इसके साथ ही पहले रिप्लेसमेंट रूल के मुताबिक बीसीसीआई 7वें लीग मैच तक टीमों को खिलाड़ी रिप्लेस करने की अनुमति देता था, लेकिन अब बदलाव के बाद 12वें लीग मैच तक रिप्लेमेंट की अनुमति मिल गई है।




### क्या होगी सैलरी कैप

**वहीं** रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के लिए कुछ शर्तें होंगी जिसे फॉलो करना अनिवार्य होगा। पहली शर्त ये की, जो खिलाड़ी रिप्लेसमेंट के तौर पर आ रहा है वो रजिस्टर्ड अवेलेबल प्लेयर पूल (आरएपीपी) में शामिल होने चाहिए। दूसरी शर्त ये है कि उसकी फीस खिलाड़ी की फीस से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की फीस टीम के मौजूदा सीजन के सैलरी कैप में नहीं जोड़ी जाती। अगर उनका कॉन्ट्रैक्ट अगले सीजन के लिए बढ़ाया जाता है, तो उनकी फीस सैलरी कैप में जोड़ी जाएगी। वहीं खिलाड़ियों की संख्या को भी तय सीमा के अंदर रखना होगा। इसके साथ ही अगर रिप्लेसमेंट खिलाड़ी का कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया जाता है तो उसे भी स्क्वाड के सभी सदस्य की तरह ही माना जाएगा।

# दिल्ली कैपिटल्स ने डुप्लेसी को बनाया उप कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को सोमवार को उप कप्तान नियुक्त किया। दिल्ली की टीम ने इससे पहले शुक्रवार को भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया था। डुप्लेसी ने फ्रेंचाइजी द्वारा यहां जारी किए गए वीडियो में कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली की टीम शानदार है और खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। निश्चित तौर पर मैं खुश और तैयार हूं। यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पिछले तीन सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का कप्तान रहा। बेंगलुरु की टीम ने पिछले साल मेगा नीलामी से पहले उन्हें अपनी टीम में बरकरार नहीं रखा था।